RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 311
नई दिल्ली, बुधवार, 21 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




भारत और मिस्र रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमत

विदेश-10

www.dailypioneer.com

# थरूर-गहलोत में टक्कर के आसार

**कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव**



● इस पद के लिए गांधी परिवार की पहली पसंद हैं राजस्थान के मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केरल के आलप्पुझा में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 13वें दिन अपने समर्थकों के साथ राहुल गांधी

**अगले** महीने होने जा रहे कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में लोकसभा सांसद शशि थरूर और अशोक गहलोत के बीच सीधी टक्कर होने के आसार नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री गांधी परिवार-सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की पहली पसंद हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके थरूर पारदर्शी सांगठनिक चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं और पार्टी के शीर्ष पद को हासिल करने लिए उन्हें प्रतिनिधियों का पर्याप्त समर्थन मिलना मुश्किल दिख रहा है। कांग्रेस में जी-23 ग्रुप के सदस्य थरूर को मिलने वाले वोट से पता चलेगा कि पार्टी में तथाकथित असंतुष्टों को मिलने वाले समर्थन का क्या स्तर है। दूसरी ओर गांधी परिवार से नजदीकियों के चलते गहलोत स्पष्ट रूप से रेस में आगे चल रहे हैं। इसी के साथ राहुल गांधी को शीर्ष पद के लिए मनाने के प्रयास भी चल रहे हैं। कई राज्य इकाइयां-तमिलनाडु, बिहार, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, बिहार, पुड्डुचेरी, झारखंड, असम, गुजरात-ने पार्टी प्रमुख के रूप में उनका समर्थन किया है तथा और अन्य प्रदेश इकाइयां भी जल्द ऐसा करेंगी। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव कोई भी लड़ सकता है, जो निष्पक्ष और पारदर्शी होगा।

वेणुगोपाल ने सोनिया गांधी से मुलाकात की तथा सांगठनिक चुनाव पर चर्चा की। यह पूछने पर कि क्या राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे, वेणुगोपाल ने कहा कि वे ही फैसला करेंगे और उन्होंने 'हमें कुछ नहीं बताया है। राहुल गांधी को शीर्ष पद बैठाने के लिए विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा प्रस्ताव पारित करने के सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। पार्टी के कार्यकर्ता ( शेष पेज 8 )

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कानून की वैधता बरकरार

● सुप्रीम कोर्ट का फैसला, शिरोमणि अकाली दल ने निर्णय पर जताई नाराजगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़



**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा (प्रबंधन) अधिनियम, 2014 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, जिसके तहत राज्य में गुरुद्वारों के मामलों के प्रबंधन के लिए एक अलग समिति का गठन किया गया था। उधर, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने फैसले को पंथ पर हमला करार दिया और कहा कि इससे पूरे विश्व में सिख समुदाय में गहरी नाराजगी है।

न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के एक सदस्य द्वारा दाखिल, हरियाणा सिख गुरुद्वारा अधिनियम को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत का फैसला हरियाणा के निवासी हरभजन सिंह द्वारा 2014 में दाखिल की गई एक याचिका पर आया, जिसमें कहा गया था कि पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धारा 72 कहती है कि एसजीपीसी के संबंध में एक अंतर-राज्य निकाय कॉरपोरेट के रूप में कानून बनाने का अधिकार केवल केंद्र सरकार को है और कानून में राज्य के कानून को अधिनियमित कर किसी भी विभाजन का कोई प्रावधान नहीं है। याचिका में कहा गया था कि जल्दबाजी में कानून लागू करना न केवल संवैधानिक प्रावधानों और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है, बल्कि सिख धर्म के अनुयायियों के बीच मतभेद भी पैदा कर सकता है।

कानून के तहत, हरियाणा उस विषय के संबंध में कानून नहीं बना सकता है जहां पहले से ही केंद्रीय कानून है क्योंकि धार्मिक संस्थानों का विषय प्रविष्टि 28 सूची तीन से संबंधित है। कानून के तहत अंतरराज्यीय निकाय कॉरपोरेट के संबंध में सख्त प्रावधान इसके साथ नहीं जोड़े गए हैं। याचिका में कहा गया था यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण, सिख गुरुद्वारा चुनाव न्यायाधिकरण के गठन और गुरुद्वारों को 1925 के अधिनियम की धारा 85 के प्रावधानों के भीतर लाने के लिए अधिसूचना सहित कई कार्यों के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जनादेश दिया गया है।

# नोएडा में दीवार गिरने से चार की मौत

● तीन एक परिवार के थे, मलबा हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला गया

● मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया, घायलों को बेहतर इलाज के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में दीवार गिरने के बाद मौके से मलबा हटाती जेसीबी मशीन।

**सेक्टर-21** जलवायु विहार में सोसाइटी की दीवार गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। इनमें से तीन एक ही परिवार के थे। ये दीवार सोसाइटी को चारों ओर से कवर करती है। इसका एक तरफ का करीब 100 मीटर हिस्सा गिरा है। मौके पर 5 जेसीबी मशीन से मलबा हटाकर दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-20 थाने के एक दल ने मजदूर मुहैया कराने वाले उप-ठेकेदार गुल मोहम्मद को हिरासत में ले लिया है। वहीं ठेकेदार अनुज यादव फरार है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित?यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। हादसे में मरने वालों में धर्मवीर, पुष्पेंद्र (25), पन्ना लाल (25) और अमित (18) हैं। पुष्पेंद्र, पन्ना और अमित एक ही परिवार के थे। तीनों बदायूं के रहने वाले थे, जबकि धर्मवीर संभल का रहने वाला था। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा, मरने वालों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा मिलेगा।

ठेकेदार से यह मुआवजा दिलाया जाएगा। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया नोएडा प्राधिकरण की ओर से नाले की सफ ाई के लिए ठेका दिया गया था। ईंट निकालने के दौरान नाले की तरफ की दीवार गिरी। इसमें काम करने वाले 12 मजदूर दब गए। इसमें दो लोगों को जिला अस्पताल और दो को कैलाश अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। आठ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठेकेदार अनुज यादव फरार है। पूरे मामले की जांच की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया ये दीवार जलवायु सहकारी आवास समिति ने करीब 25 साल पहले बनाई थी। इसका रखरखाव नहीं किया जा रहा था। ऐसे में दीवार की नींव कमजोर हो गई थी, जिससे ये अचानक से भरभरा कर गिर गई। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर है। उनका कहना है कि मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही इस काम को पूरा ( शेष पेज 8 )

# अपने बचाव में मोदी पर ममता ने रुख किया नरम

● कांग्रेस, वाम और भाजपा ने मुख्यमंत्री पर लगाया आरोप और उठाए सवाल

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के प्रति मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अचानक नरम रुख अपनाने पर कांग्रेस, वाम और बंगाल भाजपा ने कहा कि दीदी खुद को और भतीजे अभिषेक बनर्जी को बचाने के लिए ऐसा कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि ममता का बयान बेहद मनोरंजक है, कुछ सप्ताह पहले तक प्रधानमंत्री के खिलाफ आग उगलती थी, अब अचानक उनकी आवाज क्यों बदल गई, या तो उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है या फिर वो किसी चीज से डरती हैं।

पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि ईडी और सीबीआई के कोयला, पशुधन और भर्ती घोटाले में उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के दरवाजे पर दस्तक दे रही है, ऐसे में वो अपने परिवार को बचाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति ऐसे बयान दे रही हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत मंगलवार को कहा कि जब पूरे देश में सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के मामले को लेकर सवाल उठ रहे हैं ऐसे समय में ममता बनर्जी द्वारा प्रधानमंत्री को क्लीन चिट देना, उनकी मंशा पर संदेह पैदा करता है। कांग्रेस की तरफ से यह टिप्पणी बनर्जी के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजनीतिक प्रतिद्वंवदियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग में प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाना अपमानजनक है, उनको विश्वास नहीं है कि इसके पीछे पीएम का हाथ है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के पीछे भाजपा के एक विशेष वर्ग का हाथ है। कोलकाता में सीपीआई (एम) की एक विशाल रैली में सचिव एमडी सलीम ने प्रधानमंत्री के प्रति दोस्ताना टिप्पणी करने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला किया। सलीम ने कहा कि हमने शुरू से ही मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बीच मिलीभगत की बात कही थी, इसका ताजा उदारहरण यह ताजा टिप्पणी है।

# टीवी चैनल और एंकर अधिक जिम्मेदारी दिखाएं: अनुराग ठाकुर

● कहा- टीवी मीडिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म से नहीं खुद से है खतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




जालंधर के दोआबा कालेज के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**केंद्रीय** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि मुख्यधारा के टेलीविजन मीडिया को सबसे बड़ा खतरा नए जमाने के डिजिटल प्लेटफॉर्म से नहीं है, बल्कि मुख्यधारा के मीडिया चैनलों से ही है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट द्वारा आयोजित एआईबीडी जनरल कॉन्फ्रेंस 2022 में टेलीविजन समाचार चैनलों पर शोरगुल वाली बहस की आलोचना करते हुए कहा कि टीवी डिबेट में आने वाले अमूमन एक पक्षीय बात करते हैं।

उन्होंने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय में मुख्यधारा के मीडिया के लिए सबसे बड़ा खतरा नए युग के डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि मुख्यधारा के मीडिया चैनल ही हैं। ठाकुर ने कहा कि टीवी बहस के लिए बुलाए गए मेहमान आपके निर्णय, लहजे और दर्शकों की नजर में आपकी विश्वसनीयता को परिभाषित करते हैं। आपका शो देखने के लिए दर्शक भले ही एक मिनट के लिए ठहर जाए लेकिन वह आपके एंकर, चैनल या ब्रांड और समाचार स्रोतों के विश्वसनीयता कभी भी भरोसा नहीं करेगा। यदि आप एकपक्षीय बात करने वाले मेहमानों को बहस के लिए बुलाते हैं जो खूब तेजी से चीख चीखकर बात करते हैं तो ऐसे में आपके चैनल की विश्वसनीयता कम हो जाती है। केंद्रीय मंत्री ने प्रसारकों से आह्वान किया कि वे चीखने वाले मेहमानों से पहचान के बनाने की बजाय चैनल पर आने वाले मेहमानों के लिए कुछ शर्तें निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के शोरगुल व भड़काऊ बहस के कारण युवा दर्शक चैनल बदलने के लिए मजबूर होते हैं। मंत्री ने पूछा कि क्या आप बार बार चैनल बदलने वाले दर्शकों को जोड़ना चाहते हैं या समाचार में बहस के और चर्चा में तटस्थता को वापस लाने जा रहे हैं। कार्यक्रम में राज्य मंत्री एल मुरुगन, सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा, प्रसार भारती के सीईओ मयंक अग्रवाल और एआईबीडी निदेशक फिलोमेना ज्ञानप्रगासा ने भी अपने विचार रखे।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,719 | ↑ | 578 | |
| निफ्टी | 17,816 | ↑ | 194 | |
| सोना | 49,766 | ↑ | 24 | /10g |
| चांदी | 57,192 | ↓ | 222 | /kg |

## क्विक न्यूज


### अदालत ने कुतुबमीनार से संबंधित याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को एक हस्तक्षेप याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में दावा किया गया था कि कुतुब मीनार के अंदर एक कथित मंदिर परिसर में हिंदू और जैन देवी-देवताओं की मूर्तियां पुनर्स्थापित करने की अपील से संबंधित याचिका में आवेदक एक आवश्यक पक्ष है। अदालत ने 13 सितंबर को कुंवर महेंद्र ध्वज प्रताप सिंह की इस हस्तक्षेप याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह ने दावा किया था कि वह संयुक्त आगरा प्रांत के तत्कालीन शासक के उत्तराधिकारी है और वह दिल्ली तथा इसके आसपास कई शहरों में भूखंडों के मालिक है, जिनमें कुतुब मीनार भी शामिल है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार ने याचिका खारिज करते हुए अपील पर दलीलों की सुनवाई के लिए मामले को 19 अक्टूबर को सूचीबद्ध कर दिया। मामले से संबंधित आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। मौजूदा मामले में एक निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की गई है। निचली अदालत ने जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन द्वारा दाखिल वाद को खारिज कर दिया था।

# राणे के बंगले में अवैध निर्माण हटेगा

● अदालत ने बीएमसी दो हफ्ते में कार्रवाई करने को कहा, दस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**बंबई** उच्च न्यायालय ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के मुंबई के जुहू इलाके में स्थित बंगले में किए गए अवैध निर्माण को दो सप्ताह के भीतर गिराने का मंगलवार को निर्देश दिया। अदालत ने राणे पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि निर्माण में फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एसएसआई) और कोस्टल रेगुलेशन जोन (सीआरजेड) नियमों का उल्लंघन किया गया है।

फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एसएसआई) वह अनुमेय सीमा है, जिसके तहत विशेष भूखंड या भूमि के टुकड़े पर निर्माण किया जा सकता है। न्यायमूर्ति आर. डी. धानुका और न्यायमूर्ति कमाल खता की एक खंडपीठ ने कहा, इसमें कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता ने स्वीकृत योजना और कानून के प्रावधानों का घोर उल्लंघन करते हुए व्यापक पैमाने पर अनधिकृत निर्माण किया है। पीठ ने कहा कि अनधिकृत निर्माण को बरकरार रखने या उसे नियमित करने के प्रस्ताव को अगर स्वीकार किया जाता है तो यह मुंबई शहर में कानूनी प्रावधानों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन और दंडात्मक कार्रवाई के डर के बिना किसी भी हद तक अनधिकृत निर्माण को प्रोत्साहन देने के समान होगा।

इससे पहले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने अदालत से कहा था कि वह केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे के जुहू बंगले में अनधिकृत निर्माण को नियमित करने के लिए दूसरे आवेदन पर सुनवाई के लिए तैयार है। हालांकि, इस संबंध में पहला आवेदन खारिज कर दिया ( शेष पेज 8 )

# इस्लामिक स्टेट से प्रभावित संदिग्ध आतंकवादी कर्नाटक से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** शिवमोगा

**कर्नाटक** के शिवमोगा में पुलिस ने आतंकवाद के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि वे प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट (आईएस) की गतिविधियों को बढ़ाने के मामले में वांछित थे। पुलिस सूत्रों ने शुरुआत में तीन लोगों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी थी। बाद में पुलिस ने स्पष्ट किया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक फरार है। पुलिस ने आरोप लगाया कि गिरोह के सदस्य विस्फोटक की खरीद की प्रक्रिया में थे और उनकी योजना पूरे राज्य में धमाके करने की थी। पुलिस ने स्वत: ही शिवमोगा निवासी शारिक, माजी और सईद यासीन के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत ने सात दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस प्राथमिकी के मुताबिक गिरोह के सदस्य इस्लामिक स्टेट की गतिविधियों को बढ़ाने की योजना बना रहे थे, जो भारत की एकता, अखंडता और ( शेष पेज 8 )

# गुजराती फिल्म छेल्लो शो आस्कर के लिए जाएगी

● भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि होगी, 14 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गुजराती फिल्म छेल्लो शो का एक दृश्य

**गुजराती** फिल्म छेल्लो शो को भारत की ओर से आधिकारिक रूप से 95वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भेजा जाएगा। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। फिल्म का अंग्रेजी शीर्षक लास्ट फिल्म शो है। पी नलिन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 14 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

एफएफआई के महासचिव सुपर्ण सेन ने बताया, छेल्लो शो को भारत की ओर से आधिकारिक रूप से ऑस्कर पुरस्कार 2023 के लिए भेजा जाएगा। एफएफआई के अध्यक्ष टी.पी. अग्रवाल के अनुसार, छेल्लो शो को एसएस राजामौली की आरआरआर, रणबीर कपूर अभिनीत ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन शिवा, विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स और आर. माधवन के निर्देशन में बनी रॉकेट्री जैसी फिल्मों पर तरजीह दी गई और इसे सर्वसम्मति से चुन लिया गया।अग्रवाल ने बताया, 17 सदस्यीय निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से छेल्लो शो को चुना। हिंदी की छह फिल्मों समेत विभिन्न भाषाओं की कुल 13 फिल्में थीं। हिंदी में ब्रह्मास्त्र, द कश्मीर फाइल्स, अनेक, झुंड, बधाई दो और रॉकेट्री शामिल थीं। जबकि स्थानीय भाषाओं में तमिल फिल्म इराविन निजल, तेलुगु में आरआरआर , बांग्ला में अपराजितो और गुजराती में छेल्लो शो शामिल थीं।

ऑस्कर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म की श्रेणी में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए चुनी गई इस फिल्म के निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर हैं और इसका निर्माण रॉय कपूर फिल्म, जुगाड़ मोशन पिक्चर्स, मॉनसून फिल्म्स, छेल्लो शो एलएलपी और मार्क ड्वेल ने किया है। फिल्म में भाविन रबरी, भावेश श्रीमाली, ऋचा मीना, दीपेन रावल और परेश मेहता ने अभिनय किया है। पिछले साल जून में ट्रिबेका फिल्म महोत्सव में उद्घाटन फिल्म के रूप में इसका वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था। यह फिल्म नलिन की खुद की यादों से प्रेरित है, जिन्हें गुजरात के ग्रामीण इलाकों में बचपन में ही फिल्मों से प्यार हो गया था। सौराष्ट्र के एक सुदूर गांव पर आधारित इस फिल्म में नौ साल के एक लड़के की कहानी को दिखाया गया है, जो एक बार एक सिनेमाघर में फिल्म देखने जाता है और फिर जीवनभर के लिए सिनेमा के प्यार में पड़ जाता है।

संसार, वैली ऑफ फ्लॉवर्स और एंग्री इंडियन गॉडेस जैसी फिल्मों के लिए चर्चित नलिन ने एफएफआई और चयन मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्देशक ने एक बयान में कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा दिन आएगा। छेल्लो शो को दुनिया भर से प्रशंसा मिल रही है। धन्यवाद एफएफआई, धन्यवाद निर्णायक मंडल। यह फिल्म महोत्सवों में प्रीमियर के दौरान कई पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म ने स्पेन में 66वें वलाडोलिड फिल्म महोत्सव में गोल्डन स्पाइक पुरस्कार भी जीता था। पिछले साल ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 21 सितंबर, 2022



# आंखों के सामने दीवार में दब गए दो भाई बाहर आकर बोले-बच्चों की दुआओं ने बचाया

● पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नाले की अंदर बैठकर साइड की दीवार की सफाई कर रहा था। लगा की दीवार कुछ झुक रही है। जब तक बाहर आता मेरे दाहिने पैर पर दीवार का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। नाले के बाहर काम करने वाले भाग गए। वह चिल्लाता रहा, इसके बाद पुलिस और कुछ लोग आए। पुलिस ने मुझे बाहर निकाला।

नोएडा के जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती पप्पू 26 साल के दाहिने पैर में फैक्कर है। डाक्टरों ने कहा है कि सर्जरी करनी पड़ेगी। उसी का इंतजार कर रहा हूं। पप्पू ने कहा क बच्चों की दुआओ से बच गया। उसके चार लड़की और एक लड़का है। पत्नी के साथ बदायूं में रहता है। पप्पू सोमवार को ही अमित के साथ नोएडा आया था। ये दोनों ही न्यू अशोक नगर दिल्ली में गुल मोहम्मद लेबर सप्लायर के यहां रुके हुए थे। पप्पू ने बताया कि वह पहले भी नोएडा आ चुका है।

रोजाना की 500 रुपए की दिहाड़ी पर वह काम करने आया था। चार मरने वालों में पुष्पेंद्र और अमित के फूफेरा भाई जोगिंदर भी इनके साथ ही काम करता था। जोगिंदर ने बताया कि उनका भाई पुष्पेंद्र और अमित नाले के अंदर दीवार की तरफ काम कर रहा था और वह बाहर था। अचानक दीवार गिरी तो पुष्पेंद्र दब गए। उसे किसी तरह से बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लेकर आए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जोगिंदर ने बताया कि पुष्पेंद्र के तीन बच्चे है। पत्नी अनीता बदायूं में ही घर पर रहती है। उसे बता दिया है। यहां पहुंचने में पांच घंटे लग जाएंगे। दूसरा भाई अमित छोटा है। उसकी शादी नहीं हुई है। अमित भी सोमवार को ही बदायू से आया था। उसे भी काम करना था। वो नाले के साथ लगी दीवार पर लगी गंदगी को हटा रहा था।


मौके पर मौजूद पुलिस बल और बचाव कार्य में जुटे लोग।

## एसीईओ की अध्यक्षता में होगी जांच

*नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि चार दीवारी के साथ बनी नाली के अनुरक्षण कार्य के लिए जलवायु विहार सेक्टर.21 आरडब्ल्यूए की ओर से कहा गया था। 17 अगस्त को एमडी प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन को 92 लाख रुपए का अनुबंध किया था। इसका अनुरक्षण कार्य शुरू कराया जा रहा था। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। जिसमें एसीईओ प्रवीन मिश्रा और सीएपी इश्तियाक अहमद हैं। इन तीनों को 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देनी होगी। इस जांच में थर्ड पार्टी तकनीकी संस्था फॉर्ट्रेस इंफ्राकॉन लिमिटेड इनका सहयोग करेगी। इस मामले में प्राधिकरण के दो ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक सुंदर यादव व गुल मोहम्मद नोएडा प्राधिकरण में ठेकेदारी का काम करते हैं। मामले में प्रशासन ने प्रथमदृष्ट्या दोनों ठेकेदारों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ थाना सेक्टर-20 में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन पर आईपीसी की धारा. 304, 337, 338 व बाल श्रम अधिनियम की धारा 14.1 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।*

# जर्जर इमारतों के रखरखाव नियम बनाएगा प्राधिकरण: ऋतु माहेश्वरी



● सीईओ ने अस्पताल पहुंचकर घायलों को हालचाल जाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-21 स्थित जलवायु विहार की बाउंड्री वॉल गिरने से हुई 4 लोगों की मौत से हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने मौका मुआयना किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल पूछा। ऋतु माहेश्वरी ने मीडिया को बताया कि प्राधिकरण एक स्ट्रक्चरल ऑडिट की प्रक्रिया बनाने जा रहा है।

बिल्डिंग ज्यादा पुरानी हो गई है, उसके रखरखाव के नियम बनाने जा रहे हैं। ऋतु महेश्वरी ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े नौ के सेक्टर 21 के जलवायु विहार, जो नेवी एयरफोर्स के एंप्लॉइज और ऑफिसर्स की पुरानी हाउसिंग सोसाइटी है, उसकी बाउंड्री वॉल एकदम से गिर गई।

बाउंड्री वॉल के साथ एक नाली थी, जिसके रखरखाव का कार्य चल रहा था, जो सोसाइटी के अनुरोध पर अथॉरिटी, कांटेक्ट के माध्यम से करा रही थी। एकदम से बाउंड्री वॉल गिरने से जो लेबर वहां काम कर रही थी, वह उसके नीचे दब गई। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी लोग सब रेस्क्यू कर लिए गया। ऋतु महेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घायल और मृतकों के लिए मुआवजे का एलान कर दिया है। बाकी जो भी मदद अथॉरिटी के नियमानुसार और कांट्रेक्ट के प्रावधानों में है, घायल और जिनकी मौत हुई है, उनके फैमिली को दी जाएगी। नोएडा प्राधिकरण की ओर से इस हादसे के कारणों जानने के लिए एक इंटरनल जांच कराई जा रही है और प्रशासन द्वारा भी जांच कराई जा रही है, जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि दीवार गिरने का क्या कारण था।

यह तो कंफर्म है कि पुरानी दीवार थी, जो गिरी है, लेकिन असल में क्या कारण रहा इस दीवार के गिरने काए वह जांच के बाद पता चल पायेगा। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि नोएडा में दो तरह के बिल्डिंग है। कुछ तो बिल्डर्स ने बनाया है और कुछ अथॉरिटी की भी बनाई हुई है। बिल्डर जब बिल्डिंग को बनाकर आरडब्ल्यूओ को हैंडओवर कर देता है, रेजिडेंस एसोसिएशन की मेंटेनेंस जिम्मेदारी होती है, जब तक हैंडओवर नहीं होती, तब तक बनाने वाले बिल्डर की जिम्मेदारी होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-देहरादून राजमार्ग का सफाई: वीके सिंह



**गाजियाबाद।** केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह सेवा पखवाड़े के तहत लोनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पहले पौधरोपण किया और इसके उपरांत खुद झाड़ू उठाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा संकल्प सेवा पखवाड़ा चला रही है, जिसके तहत पूरा देश जन सेवा समाज समाज कल्याण की भावना से इसमें भागीदार बन रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपने आसपास सफाई रखने की अपील की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल भी मौजूद रहे। इसके उपरांत केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने खजूरी पुश्ता लोनी में दिल्ली.देहरादून राजमार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस राजमार्ग के बनने से क्षेत्रवासियों को इसका बेहद लाभ होगा। दिल्ली से देहरादून तक यात्रा को सुगम व सरल बनाने के लिए सरकार का यह प्रोजेक्ट क्षेत्र में कारगर साबित होगा। इसके बाद सांसद वीके सिंह ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने डीएलएफ कॉलोनी, चमन कॉलोनी व अन्य कॉलोनियों में जल निकासी के लिए एनएचएआई को निर्देश दिए और जल्द से जल्द इसका निस्तारण करने को कहा।

### यीडा एक अक्टूबर से करेगा मुआवजे का वितरण

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के अश्वासन के बाद किसान एकता संघ का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त हो गया। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया कि किसान 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजे व आबादी निस्तारण तथा अन्य समस्याओं को लेकर क्षेत्र के किसान काफी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर यमुना प्राधिकरण के चक्कर काट.काट कर थक चुके है। उन्होंने बताया कि एसीओ मोनिका रानी, एसीओ रविन्द्र सिंह, ओएसडी शैलेन्द्र भाटिया, तहसीलदार विनय भदौरिया, एसीपी महेन्द्र सिंह के बीच वार्ता हुई। वार्ता के दौरान एक अक्टूबर से क्षेत्र में मुआवजा वितरण करने के लिए लिखित में संगठन को एक पत्र दिया गया। तब जाकर अधिकारियों के अनुरोध पर किसान एकता संघ ने धरना समाप्त किया।

### महिला की हत्या का खुलासा, पति गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** नन्दग्राम थाने के एसएचओ रमेश सिंह सिद्धू ने अपनी टीम के सहयोग से एक महिला के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा 48 घंटे के अंदर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने दीनदयालपुरी कॉलोनी में कत्ल की गई आशा देवी के हत्यारे कथित पति नईम को भी गिरफ्तार करके आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद कर ली। इस संदर्भ में सीओ सैकेंड ऑलोक दुबे ने बताया कि 17 सितंबर को दीनदयालपुरी कॉलोनी की गली नंबर 6 मकान संख्या 630 निवासी विपिन शर्मा के मकान में किराये पर रहने वाली 32 वर्षीय विवाहिता आशा देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी सिद्धगढ़ी थाना छतारी बुलंदशहर की किसी ने उसके कमरे में ही धारदार हथियार से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। उक्त वारदात की सूचना मिलते ही एसएचओ नन्दग्राम रमेश सिंह सिद्धू ने अपनी टीम के साथ मिलकर उक्त मर्डर के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिये थे।

### सन सिटी योजना के प्रभावित किसानों ने दिया धरना

**गाजियाबाद।** सन सिटी योजना के प्रभावित किसानों ने किसान संघर्ष समिति डासना के बैनर तले जिला मुख्यालय पर धरना दिया। समिति के अध्यक्ष आनंद नागर ने बताया कि 24 मार्च 2016 से हाईटेक टाउनशिप की सन सिटी योजना के उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। पूव में कई बार किसानों की जीडीए के साथ वार्ता हो चुकी है, लेकिन किसानों को सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। किसानों ने डीएम के नाम एक ज्ञापन भी इस दौरान सौंपा। इस मौके पर फैसल हुसैन, मुबारिक अली, अनवर चौधरी, प्रधान ओमदत्त नागर, सुरेश शर्मा, अबरार चौधरी आदि मौजूद रहे।

### कोरोना काल में धोखाधड़ी करने वाले दो पकड़े गए

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना की सेकंड वेव में अस्पताल में बेड और रेमडेसिवर इंजेक्शन दिलाने के नाम ठगी करने वाले दो लोगों को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मयंक खन्ना निवासी गाजियाबाद और यश मेहता निवासी गाजियाबाद हुई है। यश फिल्मों में एक्टर का काम करता है। 10 जून 2021 को गाजियाबाद निवासी निधि मित्तल की माता को कोरोना हो गया था। इलाज के लिए उनको रेमडेसिवर इंजेक्शन की जरूरत थी। उन्होंने ऑनलाइन इंजेक्शन के बारे में सर्च किया। चेक करने के समय राहुल नाम का एक व्यक्ति उनके संपर्क में आया। जिसने उनको इंजेक्शन उपलब्ध कराने के लिए कहा।

# स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित होगा न्यू नोएडा: प्राधिकरण



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी-नोएडा-गाजियाबाद निवेश क्षेत्र (डीएनजीआईआर) यानी न्यू नोएडा को स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि न्यू नोएडा को नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड की इंदौर और औरंगाबाद टाउनशिप की तर्ज पर बसाया जाएगा और इस शहर में 41 प्रतिशत क्षेत्र उद्योग के लिए आरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि न्यू नोएडा को स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जाएगा। माहेश्वरी ने बताया कि दिल्ली के फिक्की सभागार में सोमवार को आयोजित नोएडा स्टेक होल्डर्स मीट (नोएडा हितधारक बैठक) में योजना एवं वास्तुकला विद्यालय दिल्ली और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने न्यू नोएडा के बारे में गहन मंत्रणा की।

बैठक में बताया गया कि न्यू नोएडा के क्षेत्र को रेल एवं सड़क मार्ग के अलावा नोएडा हवाई अड्डे के जरिए वायु मार्ग से जोड़ा जाएगा। बैठक में बताया गया कि इस योजना की शुरुआत के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में आवासीय गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, यानी कर्मचारियों के लिए यहां सैकड़ों घरों का निर्माण कराया जाएगा, जो योजना को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

## चूहड़पुर में लम्पी वायरस से पीड़ित गौवंश के उपचार की व्यवस्था



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी के साथ फैल रहे लम्पी वायरस से ग्रसित गौवंश के इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग द्वारा चूहड़पुर में उपचार की व्यवस्था की गयी है।

हरेन्द्र भाटी ने बताया कि ग्रेनो क्षेत्र में गौवंश में तेजी के साथ लम्पी वायरस फैल रहा है। इस समस्या को लेकर उन्होंने कावेरी भारद्वाज व अन्य समाजसेवियों के साथ प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर इस बीमारी से ग्रसित गौवंश के उपचार और उन्हें अलग रखने की व्यवस्था करने को कहा था। प्राधिकरण के जीएम सलिल यादव के निर्देश पर प्रबंधक सुरेन्द्र भाटी, सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी व सुंदर कसाना ने गांव चूहड़पुर के बारातघर में लम्पी वायरस से ग्रसित गौवंश को अलग रखने व उपचार की व्यवस्था कराई है।

# हेल्थ एटीएम से स्वास्थ्य का ब्योरा जान सकेंगे ग्रेनोवासी

● आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का होगा लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के निवासी हेल्थ एटीएम से अपने स्वास्थ्य की जांच कर सकेंगे। चारों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों दादरी, दनकौर, बिसरख और डाढ़ा में हेल्थ एटीएम शीघ्र लगाए जाएंगे। ये हेल्थ एटीएम कार्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी सीएसआर के तहत लगाए जाएंगे। इस कदम से ग्रेटर नोएडा के लोग अपने स्वास्थ्य का ब्योरा आसानी से जान सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर एसीईओ दीप चंद्र की अध्यक्षता में एसीईओ प्रेरणा शर्मा व प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव की मौजूदगी में ग्रेटर नोएडा में स्थित कंपनियों के साथ बैठक हुई, जिसमें दादरी, डाढ़ा, बिसरख व दनकौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ एटीएम शीघ्र लगाने पर चर्चा की गई। इस बैठक में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, डीएस ग्रुप, मैजिस्टक ऑटो, अनमोल इंडस्ट्रीज, सिस्टमेयर इंडिया, इंडिया स्टील समिट सरीखे कई कंपनियों की प्रतिनिध शामिल हुए। एसीईओ दीप चंद्र ने कहा प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वास्थ्य का परीक्षण कराने की निशुल्क सुविधा प्रदान करना चाह रही है, जिसके चलते हेल्थ एटीएम लगाने की पहल की गई है। दीप चंद्र ने कंपनियों के प्रतिनिधि से लोकल सीएसआर फंड का इस्तेमाल करते हुए इस नेक काम को पूरा कराने की अपील की। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने कंपनियों का आह्वान किया कि एसीएसआर फंड को स्थानीय स्थर पर खर्च करने की जरूरत है। इससे स्थानीय लोगों का कंपनियों से जुड़ाव अधिक होगा।



एलजी इलेक्टॉनिक्स और डीएस ग्रुप ने हेल्थ एटीएम लगवाने की हामीं भरी है। इस एटीएम के लगने से 50 से अधिक पैरामीटर की जांच हो सकेगी, जिनमें शरीर का तापमान, ब्लड प्रेशर, फैट, बॉडी वॉटर, बोन मास, फैट फ्री वेट, ऑक्सीजन सेचुरेशन, प्रोटीन, विजन टेस्ट आदि शामिल हैं। इससे उन लोगों को खासतौर पर फायदा मिलेगा, जो आर्थिक तंगी के चलते टेस्ट नहीं करा पाते।

वहीं, अन्य कंपनियों ने ऑपरेशन कायाकल्प से जुड़कर स्कूलों की दशा सुधारने को हाथ बढ़ाया है। इस अभियान के तहत स्कूलों के मरम्मत, रंगाइ-पुताई, कुर्सी.टेबल, ग्रीनरी आदि को सुधारा जाएगा। प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने इन स्कूलों की सूची तैयार कर ली है।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि सुंदर लाल/सचिन गर्ग (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00002850550 तथा पता यूनिट नंबर टी 16/304, अरावली होम्स, दमदमा लेक, ग्राम-खाईका, सेक्टर-4, सोहना, गुरूग्राम, हरियाणा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 14 सितम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जीएलएस इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 21 सितम्बर 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

SBFC
SBFC Finance Pvt. Ltd.
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनेन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक 27 सितम्बर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर – 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2वी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वेलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।
नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।
नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।
Delhi: AP00013581, AP00073602, AP00081903, AP00085676, AP00091827, AP00107712, AP00110118, AP00132422, AP00153595, AP00161989, AP00016562, AP00168790, AP00171422, AP00173329, AP00174088, AP00182435, AP00183344, AP00186356, AP00190699, AP00191992, AP00192718, AP00194699, AP00196391, AP00200903, AP00256718, AP00256793, AP00268032, AP00268211, AP00270946, AP00272136, AP00273477, AP00273700, AP00282120, AP00290354, AP00290438, AP00307932, AP00308742, AP00313577, AP00313712, AP00315513, AP00315649, AP00321673, AP00322352, AP00327245, AP00328288, AP00328459, AP00329934, AP00333941, AP00338914, AP00339524, AP00340951, AP00352242, AP00355374, AP00355527, AP00356144, AP00357724, AP00359809, AP00362941, AP00363352, AP00364475, AP00365279, AP00370605, AP00370755, AP00371987, AP00377140, AP00377305, AP00377411, AP00377553, AP00377683, AP00378021, AP00378350, AP00378620, AP00378633, AP00378670, AP00379378, AP00379631, AP00383725, AP00385874, AP00386121, AP00393035, AP00393631, AP00393797, AP00396707, AP00398000, AP00398244, AP00398293, AP00398567, AP00398622, AP00399418, AP00403208, AP00404071, AP00406453, AP00406745, AP00407459, AP00407793, AP00411404, AP00413725, AP00413815, AP00413835, AP00415034, AP00415710, AP00423060, AP00424136, AP00430614, AP00431254 AP00431509, AP00431716, AP00432123, AP00432696, AP00433155, AP00433157, AP00433633, AP00437731, AP00437815, AP00437827, AP00437847, AP00438264, AP00438858, AP00439833, AP00441070,AP00442409, AP00450776, AP00456752, AP00459454 GHAZIABAD: AP00329383 ,AP00338982, AP00351726, AP00362506, AP00363514, AP00372051, AP00378539, AP00382663, AP00392921, AP00397766, AP00400154, AP00413189, AP00414871, AP00421932, AP00424582, AP00431486, AP00432232 AP00438771, AP00447429, AP00458374 AP00466657 HAPUR: AP00356332, AP00358164, AP00366307, AP00377426, AP00399133, AP00400863, AP00401940, AP00414591, AP00416115 NOIDA: AP00333070,AP00406150,AP00407371

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
एसबीएफसी फायनेन्स प्रा.लि.
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011-40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरुग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनेन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **एसेट्स केअर एन्ड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइस लिमिटेड [CIN: U65993DL2002PLC115769], (सुरक्षित लेनदार)** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **27.10.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **"जहां है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"**, तथा **"बिना किसी समर्थन के आधार पर"** वसुली की राशि **रू.31,50,274/- (रुपए इकतीस लाख पचास हजार दो सौ चौहत्तर मात्र) यानि S014OXXIII-01** (पुराना लोन खाता नं. **HHLKAR00427025) के लिए रू.7,23,496/- (रुपए सात लाख तेईस हजार चार सौ छियानवे मात्र) और S014OXXIII-02** (पुराना लोन खाता नं. **HLAPKAR00425193) के लिए रू.24,26,778/- (रुपए चौबीस लाख छब्बीस हजार सात सौ अठहत्तर मात्र) के लिए 15.09.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया **(विलंब शुल्क के समेत)** और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनीव्यय और अन्य खर्चो के साथ **16.09.2022** से प्रभावी जो **विजय पाल उर्फ विजय कुमार उर्फ विजय (प्रॉपराइटर, सैनी स्टील एंड स्टाइल), कृष्ण लाल, प्रीती (सुखविंदर कौर) और बिमला** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अंतर्निहित सुरक्षा के साथ पुराना ऋण खाता साथ ही, अन्य बातों के साथ जिसकें सुरक्षित संपत्ति (या) शामिल है को इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड **(आईएचएफएल)** द्वारा असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक **31.12.2021 को इंडियाबुल्स एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड(आईएआरसीएल) को** सोंपा गया था। उक्त ऋण खाता आगे आईएआरसीएल द्वारा **29.06.2022** को किए हुए एंग्रीमेंट जिसे **एसीआरई-102 ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में सुरक्षित लेनदार को अपनी क्षमता के अनुसार सौंपा गया है।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू. **21,20,000/- (रुपए इक्कीस लाख बीस हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.2,12,000/ - (रुपए दो लाख बारह हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** या अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल के माध्यम से ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **"एसीआरई-102 ट्रस्ट"**, खाता नं.**0901102000038988, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के साथ** (IFSC: **IBKL0000901), आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरू प्लेस, पी.बी.नं. 4499, नई दिल्ली -110 019 शाखा**, ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% ( निविदा जमा करने से पहले दिए गए आरक्षित मूल्य का 10% राशि को कम करके)का भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा। अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनो के भितर बिक्री मुल्य की बकाया राशि जमा करानी होगी।

अचल संपत्ति का वर्णन

**पीपीआईडी नं.-143C406U47 पर स्थित मकान, मापित 150 स्के.यार्डस, खेवत नं.153 में शामिल, खसरा नं.13, किल्ला नं.25, सुभाष नगर में स्थित, वक्का पट्टी, गद्दर कैथल -136027, हरियाणा । प्लॉट निम्ननुंसार परिबद्ध है:**

पूर्व: गली 16 फीट चौड़ी — पश्चिम: अन्य की संपत्ति
उत्तर: अन्य की संपत्ति — दक्षिण: अन्य की संपत्ति

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www. acreindia.in और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले।

दिनांक: 15.09.2022 सही/-
स्थान : कैथल (हरियाणा) प्राधिकृत अधिकारी
एसेटस केअर एन्ड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइस लिमिटेड
एसीआरई-102 ट्रस्ट के ट्रस्टी

## यूपी बॉर्डर पर हिरासत में लिए गए यति नरसिंहानंद

**गाजियाबाद।** यति नरसिंहानंद गिरि को गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार सुबह हिरासत में ले लिया है।

सिर तन से जुदा करने जैसी धमकियों को लेकर वे दिल्ली में राजघाट स्थित गांधी की समाधि के पास उपवास पर बैठने वाले थे। कानून व्यवस्था बिगड़ने की दृष्टि से पुलिस ने उन्हें यूपी-दिल्ली बॉर्डर से कस्टडी में ले लिया है। यति को फिलहाल थाना कौशांबी में रखा गया है। पिछले दिनों एक बयान में यति ने मदरसे पर विवादित बयान दिया था।

# ट्रेन हादसे रोकेगा प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर

● देश में ये तकनीक पहली बार, दो लेयर दरवाजे बंद होने पर ही चलेगी रैपिड रेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ट्रेन में चढ़ने-उतरने के दौरान हादसे और सुसाइड जैसी घटनाएं रोकने के लिए देश की पहली रीजनल रैपिड रेल संचालन में नया प्रयोग होने जा रहा है। वो ये है कि मेरठ से दिल्ली के बीच सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स लगेगी। जिस तरह दरवाजा बंद होने पर ही मेट्रो चलती है, ठीक उसी प्रकार दो लेयर होंगे।

एक लेयर से रैपिड रेल का गेट बंद होगा और दूसरी लेयर ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच वाले फासला बंद होगा। गाजियाबाद जिले के गुधलर रैपिड रेल स्टेशन पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्क्रीन डोर्स के पाट्र्स ऑटोमेटिक स्लाइडिंग डोर, फिक्स्ड डोर पैनल, प्लेटफार्म इंड गेट, आपातकालीन इस्केप डोर, और फिक्सड स्क्रीन को लगाया जा रहा है। इसके बाद रैपिड रेल के दरवाजे और प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स के दरवाजे एकसाथ खुलेंगे और एकसाथ ही बंद होंगे। जब तक दोनों दरवाजे बंद नहीं होंगे, तब तक ट्रेन नहीं चलेगी। प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा के लिए ढाल के रूप में कार्य करेंगे। इससे ट्रेन से उतरने-चढ़ने के दौरान होने वाले हादसे, खुदकुशी, जैसी घटनाओं नहीं होगी।


# ग्रेटर नोएडा जोन में 32 उप निरीक्षकों का तबादला

● एडब्ल्यूएचओ चौकी पर तैनात सौरव यादव को थाना नॉलेज पार्क भेजा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कानून व्यवस्था को लेकर ग्रेटर नोएडा जोन में 32 उप निरीक्षकों का तबादला किया गया है। इस दौरान 14 चौकी इंचार्ज को बदला गया है। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने जोन की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए यह फैसला लिया है।

गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा जोन में प्रशासनिक आवश्यकताओं और सुरक्षा अवस्था को मजबूत करने के लिए 32 उप निरीक्षकों का



तबादला किया गया है। इस दौरान 14 चौकी इंचार्ज को भी बदला गया है। कुछ नए उप निरीक्षकों को चौकियों की जिम्मेदारी दी गई है जबकि कुछ चौकी इंचार्ज को थानों में भेजा गया है।

बीटा 2 थाने पर तैनात देवेंद्र राठी को परी चौक चौकी का प्रभारी बनाया गया है। बीटा 2 थाने पर ही तैनात धनंजय सिंह को भी एडब्ल्यूएचओ चौकी का प्रभारी बनाया गया है। एडब्ल्यूएचओ चौकी पर तैनात सौरव यादव को थाना नॉलेज पार्क भेजा गया है जबकि बीटा टू थाने पर तैनात उमेश कुमार सैनी को बीटा चौकी प्रभारी बनाया गया है। बीटा चौकी प्रभारी दर्पण चौधरी को थाना बीटा 2 भेजा गया है। दादरी कस्बा चौकी इंचार्ज रितेश कुमार को थाना दादरी भेजा गया है और थाना दादरी में तैनात आशीष यादव को वीआईआईटी चौकी प्रभारी बनाया गया है।

वीआईआईटी चौकी इंचार्ज अनूप कुमार दीक्षित को अजायबपुर चौकी इंचार्ज बनाया गया है। वहीं थाना दादरी में तैनात नीरज रावत को रेलवे रोड चौकी प्रभारी बनाया गया है। रेलवे रोड चौकी इंचार्ज चंद्र प्रकाश शर्मा को थाना दादरी भेजा गया है। थाना जारचा में तैनात समाजीत यादव को अल्ट्राटेक चौकी इंचार्ज बनाया गया है और अल्ट्राटेक चौकी इंचार्ज अमित कुमार को थाना जारचा भेजा गया है। जेवर की जहांगीरपुर चौकी प्रभारी नीलकांत को जारचा थाने की सेन्थली चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। थाना दनकौर में तैनात अंकुर चौधरी को कस्बा चौकी इंचार्ज बनाया गया है। जेवर कस्बा चौकी इंचार्ज शरद यादव को टोल चौकी प्रभारी बनाया गया है। वही टोल चौकी प्रभारी अमित कुमार राठौर को थाना बीटा 2 भेजा गया है। जेवर थाने में तैनात अनिल कुमार को जेवर कस्बा चौकी इंचार्ज बनाया गया है। भूपेंद्र कुमार को थाना जेवर से चौकी प्रभारी जहांगीरपुर बनाया गया है। कासना थाने की घँघोला चौकी इंचार्ज सत्येंद्र यादव को थाना कासना भेजा गया है। वही ग्रेटर नोएडा जोन में तैनात सोनवीर को घँघोला चौकी इंचार्ज बनाया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 21 सितंबर, 2022



# स्कूलों में परीक्षा कराने को आवंटित बजट में कटौती

● प्रति छात्र 125 रुपये से घटाकर 90 रुपये किया गया




**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने सत्र 2022-23 में सरकारी स्कूलों में परीक्षा कराने के लिए आवंटित बजट राशि को 125 रुपये प्रति छात्रों से घटाकर 90 रुपये कर दिया है। शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश जारी कर कहा कि बजट में कमी की वजह से खर्चा प्रति विद्यार्थी 125 रुपये के बजाय 90 रुपये पर सीमित किया जाता है।

अतिरिक्त बजट की मांग को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के परिपत्र में कहा गया कि शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत काम कर रहे सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022-23 के लिए पहली से 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षा कराने के लिए जरूरी बजट 90 रुपए प्रति विद्यार्थी आवंटित किया गया है।

राजकीय स्कूल शिक्षक संघ के जिला सचिव (पश्चिम-ए) संत राम ने कहा कि चूंकि रोजमर्रा के प्रत्येक खर्चों में वृद्धि हो रही है, सरकार द्वारा शिक्षा के बजट में और कटौती स्कूलों के लिए एक अन्य समस्या होगी। दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा के बजट में कटौती के बारे में चर्चा करते हुए राम ने कहा कि अन्य मदों के कोष में भी कटौती की गई है। इस बी स्कूलों प्रधानाचार्यों ने का दावा है कि सीमित बजट में प्रबंधन करना उनके लिए मुश्किल होगा। एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि बजट कम नहीं होना चाहिए था।

यूनिट टेस्ट पेपर्स को प्रिंट करवाना भी मुश्किल होगा और उनहें बोर्ड पर प्रश्नों को लिखने के साथ प्रबंधन करना पड़ सकता है।

उन्हें नहीं पता कि ऐसा क्यों हो रहा है। उनके पास किसी तरह प्रबंधन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। एक अन्य प्रिंसिपल ने कहा कि परीक्षा बजट में परीक्षा आयोजित करने, स्टेशनरी, उत्तर पुस्तिकाएं, प्रश्न पत्र छपाई और अन्य के लिए पैसा शामिल है।

## प्रवेश प्रक्रिया : सेंट स्टीफेंस हाईकोर्ट के फैसले को देगा चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

सेंट स्टीफंस कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पर दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को शिक्षण संस्थान द्वारा उच्चतम न्यायालय में चुनौती दिए जाने की संभावना है। डीयू का यह संस्थान इस साल पहले की तरह ही छात्रों को प्रवेश देने के लिए अंतरिम राहत प्रदान करने का अदालत से अनुरोध कर सकता है। कॉलेज की संचालन इकाई के सदस्यों ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को बैठक की। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करने का फैसला किया। सदस्यों में से एक ने यह जानकारी दी।

यह इकाई संस्थान की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले उच्च न्यायालय ने कॉलेज को डीयू द्वारा तैयार की गई प्रवेश नीति का पालन करने को कहा था। स्नातक पाठ्यक्रमों में गैर अल्पसंख्यक छात्रों को प्रवेश देने के लिए विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा 2022 के अंकों को 100 प्रतिशत भारांश देना होगा। कॉलेज ने कहा था कि वह सीयूईटी के अंकों को 85 प्रतिशत और सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार को 15 प्रतिशत भारांश देगा। साक्षात्कार प्रक्रिया को छोड़ने से कॉलेज के इनकार करने पर डीयू ने कहा था कि सीयूईटी का उल्लंघन करते हुए कॉलेज द्वारा लिए गए सभी दाखिले को अमान्य घोषित करने के अपने फैसले पर वह दृढ़ है।

# पराली समाधान: बायो डिकंपोजर का होगा छिड़काव : गोपाल राय

● खेतों में आग लगाने की घटनाओं पर लगाम लगाएगी दिल्ली सरकार



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार खेतों में पराली जलाने की घटनाएं रोकने एवं 5,000 एकड़ बासमती और गैर-बासमती खेती वाली भूमि पर पूसा जैव-अपघटक (बायो-डिकम्पोजर) का छिड़काव करेगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

राय ने यह भी कहा कि पंजाब में 5,000 एकड़ या 2,023 हेक्टेयर भूमि पर जैव-अपघटक का छिड़काव प्रायोगिक आधार पर किया जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) द्वारा विकसित पूसा जैव-अपघटक एक प्रकार का तरल पदार्थ है, जो पराली को 15 से 20 दिनों में खाद में बदल सकता है।

राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार इस साल 5,000 एकड़ बासमती और गैर-बासमती खेती वाली भूमि पर जैव-अपघटक का मुफ्त छिड़काव करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जैव-अपघटक की प्रभावशीलता के बारे में जागरूकता पैदा करने और अपने खेतों में इस तरल पदार्थ का उपयोग करने के इच्छुक किसानों को पंजीकृत करने के लिए 21 टीमों का गठन किया है।

राय ने कहा कि सरकार को इस तरल पदार्थ को तैयार नहीं करना होगा क्योंकि आईएआरआई इसे पहले ही तैयार कर चुका है। उन्होंने कहा कि हम इसे सीधे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से खरीदेंगे। दस लीटर घोल को 200 लीटर पानी में मिलाकर एक एकड़ क्षेत्र में छिड़काव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों ने घोल से पराली के गलने में लगने वाले समय को लेकर चिंता जताई है और आईएआरआई के वैज्ञानिक इस मुद्दे पर ध्यान देंगे।

इस घोल का पाउडर संस्करण भी उपलब्ध है। दिल्ली सरकार लगातार तीसरे साल राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाकों में कृषि भूमि पर पूसा घोल का इस्तेमाल करेगी। पिछले साल दिल्ली में 844 किसानों की 4,300 एकड़ भूमि पर इसका छिड़काव किया गया था। वर्ष 2020 में 310 किसानों की 1,935 एकड़ भूमि पर इसका इस्तेमाल किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक इस घोल के छिड़काव पर प्रति एकड़ सिर्फ 30 रुपये का खर्च आता है। राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर और नवंबर में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के प्रमुख कारणों में प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के साथ पंजाब एवं हरियाणा में पराली जलाना भी है। किसान गेहूं और आलू की फसल लगाने से पहले खेतों को जल्दी साफ करने के लिए पराली जलाते हैं। पंजाब में पिछले साल 15 सितंबर से 30 नवंबर के बीच पराली जलाने की 71,304 घटनाएं हुईं जबकि 2020 में समान अवधि में 83,002 ऐसी घटनाएं हुईं। पिछले साल सात नवंबर को दिल्ली के पीएम 2.5 प्रदूषण में पराली जलाने से हुए प्रदूषण का हिस्सा 48 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

# शराब नीति पर भाजपा और आप में घमासान

● गौरव भाटिया बोले आप नेता को भी दिया गया ठेका

● बौखलाई भाजपा, गुजरात में अपनी हार की आहट सुन ली है : दिलीप पांडेय


दिलीप पांडेय


भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

आबकारी नीति को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में सियासी घमासान जारी है। विपक्षी पार्टी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केजरीवाल और अन्य आप नेताओं की तस्वीरें साझा करते हुए आरोप लगाया कि आप नेता को भी शराब का ठेका दिया गया था। उन्होंने कहा कि जिस यूनिवर्सल डिस्ट्रीब्यूटर को जोन नंबर 19 और 29 में एल-7 का ठेका दिया गया था। उसके पार्टनर में करमजीत सिंह लांबा शामिल हैं। वह आम आदमी पार्टी में पदाधिकारी हैं और उम्मीदवार भी रहे हैं। इस बीच भाटिया के बयान पर पटलवार करते हुए आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा बौखला गई है क्योंकि गुजरात में अपनी हार की आहट सुन ली है। सीबीआई-ईडी समेत सारी ताकत होने के बावजूद आप नेताओं को जेल नहीं भेज पाने की वजह यह है कि उसके सभी आरोप झूठे हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर ताजा हमले करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में करमजीत सिंह लांबा नाम के एक व्यक्ति की केजरीवाल और आप के विधायक सौरव भारद्वाज के साथ तस्वीरें दिखाईं और कहा कि वह शराब वितरण का ठेका हासिल करने वाली कंपनी यूनिवर्सल डिस्ट्रीब्यूटर्स में ना सिर्फ साझेदार थे, बल्कि उन्होंने आप के टिकट पर स्थानीय निकाय का चुनाव भी लड़ा था। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार करणजीत सिंह लांबा को सारे नियमों की अनदेखी करके शराब का ठेका दे दिया। कोई पारदर्शिता नहीं। इनका केवल एक ही मकसद है बेईमानी। भाजपा के आरोपों के बारे में लांबा की अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इस बीच आप विधायक दिलीप पांडेय ने संवाददाता सम्मेलन में गौरव भाटिया के के आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से केजरीवाल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेता फोटो का प्रिंटआउट लेकर कहते हैं कि यहां फोटो मिली तो यह गुनहगार हैं। हमारे गांव में इसे गाल बजाना कहते है। जब आपके हिसाब से सारे सबूत हैं तो जेल भेज दो। लेकिन जेल नहीं भेजेंगे बल्कि मीडिया में उनकी फोटो दिखायेंगे। इसका कारण सिर्फ एक है कि सारे आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत हैं।

## ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले के परिजनों को वित्तीय मदद

● परिवहन एवं राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने 20 लाख का चेक सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने 2020 में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले परिवहन विभाग के कर्मी के परिवार को वित्तीय मदद के रूप में मंगलवार को 20 लाख रुपए का चेक सौंपा।

गहलोत ने ट्वीट किया कि रोहतक निवासी गगन सिंह जी दिल्ली परिवहन विभाग में फुट कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। जनवरी 2020 में ड्यूटी के दौरान एक दुर्घटना में उनकी जान चली गई। आज उनके परिवार से मिला और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनके परिवार को 20 लाख का एक चेक सौंपा। केजरीवाल ने कहा कि यह राशि परिवार की छोटी सी मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने गहलोत के ट्वीट को टैग कर ट्वीट किया कि गगन सिंह जी दिल्ली परिवहन विभाग के एक मेहनती और कर्मठ कर्मचारी थे। उन्होंने हमेशा अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से की। हम उनकी कमी को पूरा तो नहीं कर सकते, लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस वित्तीय सहायता से उनके परिवार को थोड़ी मदद मिलेगी।

## एम्स निदेशक पद के लिए डॉ. श्रीनिवास और डॉ. बिहारी के नाम भेजे गए

**नई दिल्ली।** एम्स नई दिल्ली के निदेशक रणदीप गुलेरिया का कार्यकाल 23 सितंबर को पूरा होने जा रहा है, ऐसे में इस पद के लिए दो चिकित्सकों के नामों की अनुशंसा की गई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि हैदराबाद में कर्मचारी राज्य बीमा कंपनी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर एम. श्रीनिवास और श्री चित्रा तिरुनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम के निदेशक डॉ. संजय बिहारी के नाम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के पास भेज दिए गए हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि दिलचस्प बात यह है कि न तो डॉ. श्रीनिवास और न ही डॉ. बिहारी ने इस पद के लिए आवेदन किया है। मार्च में चयन समिति ने एम्स में अंत:स्राव रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निखिल टंडन, एम्स ट्रॉमा सेंटर प्रमुख डॉ. राजेश मल्होत्रा और संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद गर्ग के नाम का चयन किया था।

## उप-मुख्यमंत्री सिसोदिया पर अब शौचालय घोटाले का आरोप


उपराज्यपाल को शिकायत सौंपते चौधरी अनिल व अन्य।

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एलजी को ज्ञापन देकर दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

नई आबकारी नीति और क्लास रूम घोटाले के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अब शौचालय घोटाले में घिरे गए है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अगुवाई में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलकर दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा जन सुविधा कॉम्पलेक्सों के ऑपरेशन, प्रबंधन और रखरखाव से जुड़े टेंडर प्रक्रिया में डूसीब उपाध्यक्ष, शहरी विकास मंत्री सिसोदिया के कथित संरक्षण से हुए भ्रष्टाचार, अनियमितताओं व नियमों के उलंघन के संबध में ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि उपराज्यपाल प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया है कि उनकी शिकायत पर उचित कानूनी कार्यवाही करेंगे।

## अगले पांच दिन में हल्की बारिश होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में अगले पांच दिन बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिसके चलते सड़कों पर जलभराव होने से कई जगह भारी यातायात जाम लग गया। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में मंगलवार को शाम साढ़े छह बजे वायु गुणवत्ता मध्यम (116) श्रेणी में रही।

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तामपान के 34.7 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम साढ़े पांच बजे बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 73 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी ने बुधवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली महिला आयोग ने ट्विटर को जारी किया समन


स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने ट्विटर और पुलिस को माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट पर बच्चों के अश्लील वीडियो की उपलब्धता को लेकर समन जारी किया है। समन का जवाब देने के लिए ट्विटर और दिल्ली पुलिस को 26 सितंबर तक का समय दिया गया है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की घटना ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया और वह अपनी टीम से जांच करने के लिए कहा। उन्हें ट्विटर पर नाबालिग लड़कियों के वीडियो मिले जिनमें उनके साथ दुष्कर्म होते देखा गया। कुछ प्लेटफॉर्म इन वीडियो को 20 रुपये से 30 रुपए में बेच रहे थे।

### कोरोना संक्रमण के 81 नए मामले, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को कोविड-19 के 81 नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 0.82 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ताजा बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में दिल्ली में 9,865 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई। दिल्ली सरकार ने सोमवार को कोई बुलेटिन जारी नहीं किया था। स्वास्थ्य विभाग ने अपने ताजा बुलेटिन में कहा है कि मंगलवार को नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 20,02,572 हो गई। वहीं, इस दौरान एक मरीज की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 26,500 हो गई। बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 463 है। दिल्ली में 349 मरीज घर पर ही रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं।

### श्याम लाल और श्रद्धानंद कॉलेज कबड्डी में जीते

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के पहले प्री इंटर कॉलेज कबड्डी पुरुष टूर्नामेंट के लीग के मैच में स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने श्री अरविंदो कॉलेज को 47-32 से हराया। वहीं दूसरे मैच में श्यामलाल कॉलेज ने स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज को 48-44 स्कोर से हराकर और दोनों टीमों ने लीग के मैच जीत लिए। श्री अरविंदो कॉलेज ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 64-34 से हराया।

### पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधरोपण



**नई दिल्ली।** पर्यावरण को बेहतर बनाने के उदेश्य से उत्तम नगर इलाके मुख्य रास्तों पर वृक्षारोपण कर आम जनता को हरियाली की कमी, प्रदूषण, एवं हानिकारक वातावरण से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। अजय कुमार रजक जो कि बिना किसी संस्था या सरकारी सहायता के अकेले ही पौधारोपण करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कोविड के दौरान लिया। यही वजह रही कि कोविड से उभरने के बाद साल 2020 में ही पौधा रोपण शुरू किया। अभी तक अजय 5 हजार से ज्यादा पेड़ लगा चुके हैं और भविष्य में 1 लाख पेड़ लगाने का इरादा रखते हैं।

## सिपाही-हवलदार को हर माह 180 साइकिल भत्ता

● 53,000 से अधिक पुलिस वाले रखरखाव के नाम पर हर महीने लेते है 96 लाख रुपये

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस के सिपाही और हवलदार को साइकिल के इस्तेमाल और रखरखाव के लिए हर महीने केवल 180 रुपये भत्ता दिया जाता है जबकि वे मोटरसाइकिल से चलने के लिए बहुत ज्यादा खर्च कर रहे हैं। पुलिस ने मंगलवार को उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी। पुलिस के वकील ने कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्टेबल के लिए साइकिल भत्ते को मंजूरी देने से जुड़े दस्तावेज में संशोधन के लिए समय मांगा।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने आदेश में बदलाव के लिए दिल्ली पुलिस को आठ सप्ताह का समय दिया और मामले की आगे की सुनवाई के लिए 24 जनवरी, 2023 की तिथि तय की। मामले से जुड़ी एक याचिका में आरोप लगाया गया है कि 53,000 से अधिक पुलिसकर्मी साइकिल का इस्तेमाल करने के नाम पर गलत तरह से भत्ता ले रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पुलिस अधिकारी साइकिल का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, लेकिन भत्ते का दावा कर रहे हैं। इस पर, मुख्य न्यायाधीश ने कहा, आप कार में घूम रहे हैं और यदि कोई पुलिस कॉन्स्टेबल साइकिल इस्तेमाल कर रहा है, तो आपको उससे समस्या है।

YEIDA
FUTURE IS HERE

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

द्वितीय तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा (पी-2), ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्धनगर, 201308 (उ.प्र.)
Toll Free No.18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए./GM(P)/2022/642 दिनांक: 20.09.2022

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित /अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपकमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेन्टसोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वा.ई.ए./GM(P)/2022/641 दिनांक 20.09.2022 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्यौगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारन्टी/एन0एस0सी0 के रुप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं0 | क्रार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Providing and Fixing Interlocking Tiles in Village-Dhanori Kala and Dhanori Khurd (Including c/o Drain), YEA WC-06 | रु0 25.78 लाख |
| 2 | C/o Boundrywall and gate for 2MLD Sewerage Treatment Plant in Sec-22D YEA WC-06 | रु0 23.66 लाख |
| 3 | Repair of barbed Wire Fencing damage due to vehicular accidents in central verge of major roads in YEIDA WC-Horti | रु0 41.19 लाख |
| 4 | Maintenance of Trees Shrubs in Chapargarh Shamsahan Ghat for two year YEA. WC-Horti | रु0 5.58 लाख |
| 5 | Providing and Laying Interlocking Tiles & Drain in Village-Kadalpur YEA WC-06 | रु0 93.94 लाख |
| 6 | M/o 45mtr road central verge & side patri from 120mtr Road along Plot TS-5 in Sector-22D for two year YEA WC-Horti | रु0 33.87 लाख |
| 7 | Construction of Library Room in Village-Jaganpur, Afzalpur, Moonjkhera, Salarpur & Doongarpur Reelka, YEA WC-06 | रु0 38.82 लाख |

जिन्हें दिनांक 26.09.2022 से 06.10.2022 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 07.10.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबंधक (परियोजना)
यमुना विकास प्राधिकरण

**कार्यालय ग्राम पंचायत सादलपुर**
**विकास खंड-सासनी, हाथरस**

पत्रांक संख्या /टैडर/वित्त आयोग/वर्ष 2022-2023 दिनांक 20/09/2022

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

सब को सूचित किया जाता है कि पंचम वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2022-2023 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत सप्लायर्स/दुकानदार से कार्य स्थल पर समिति आपूर्ति हेतु निविदाये/कुटेशन दिनांक को समय 3:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है और उसी दिन शाम 4:00 बजे आवेदको की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायगी। निविदा की शर्ते निम्नवत है-

1. नविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्यलय दिवस एवं समय दिनांक 26/9/2022 की दोपहर 3:00 बजे निविदा मूल्य देकर प्राप्त कर सकते है।
2. नविदा प्रपत्र के साथ 2X की एफ0,डी0,आर0 देय होगी वी 100-100 -रुपए नान जुडीशियल स्टाम्प पेपर देय होगा
3. समाग्री आपूर्ति मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये गुणवत्ता खराब होने पर निविदा बिना पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है

| क्रं सं | कार्यालय का विवरण | अनु0 लागत | 2X धरोहर राशि | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनीष खाँ के धरने सरीफ खाँ के घर तक इण्टरलोंकिग कार्य | 321948 | 6439/- | | 6माह |
| 2. | रमजानी के घर से इमामुद्दीन के घर तक इण्टरलोंकिग कार्य | 149763 | 3000/- | | 6माह |

प्रधान ग्राम पंचायत सादलपुर

सचिव ग्राम पंचायत सादलपुर
वि0ख0-सासनी

# गुरुग्राम में बिखरी तमिल की कला और संस्कृति के रंग

## विविधता में एकता के साथ मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

## एक व्यक्ति को हाईटेक ट्राई साइकिल भेंट की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विविधता में एकता कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व सदस्य।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पखवाड़ा कार्यक्रम में टीकाकरण केंद्रों पर सरकार की उपलब्धियों का बखान करने के साथ यह दिन विविधता में एकता के साथ मनाया गया। यहां तमिल संस्कृति के रंग बिखरे। वहां के खान-पान और पहनावा को यहां प्रदर्शित करने के साथ पंजाबी बिरादरी महा संगठन के सदस्यों ने स्वयं भी वहां की पोशाकें पहनीं।

संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी के मुताबिक सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुग्राम के शिवाजी नगर में नरेश चावला के निवास पर विविधता में एकता उत्सव मनाया। उत्सव में उपस्थित महिला-पुरुषों ने तमिल परिधान पहने हुए थे। पुरुषों ने कुर्ते के साथ लुंगी और महिलाओं ने साड़ी पहनी हुई थी। सभी ने माथे पर कुमकुम भी लगाया हुआ था। उत्सव के माहौल ने गुरुग्राम को तमिलनाडु के रंग में रंग दिया था। कार्यक्रम में जहां तमिलनाडु के परिधानों की छटा बिखरी हुई थी, वहीं दूसरी ओर वहां के व्यंजनों के स्वाद और विविधता ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। साथ ही कार्यक्रम के संयोजक नरेश चावला के पिता लेखराज चावला का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में ज्योत्सना बजाज (महिला प्रकोष्ठ) ने तमिल भाषा में अतिथियों और उपस्थित जन का स्वागत किया। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने 1 से 18 की गिनती तमिल भाषा में सुनाई।

साथ ही दिव्यांग जन को कृत्रिम अंग व उपकरणों के वितरण कार्यक्रम के तहत हाईटेक ट्राई साइकिल दी गई। प्रधान बोधराज सीकरी, भाजपा की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि संस्था ने 10 सामाजिक सेवा कार्य गुरुग्राम में करने का संकल्प लिया है। श्री सीकरी ने कहा कि विविधता में एकता की भावना ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब है।

स्वामी धर्मदेव महाराज ने भी उपस्थित लोगों को सर्वधर्म समभाव और राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर एक ही है और हम सब उसकी संतानें हैं। आज का यह कार्यक्रम हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और संस्कारों की मूल भावना को प्रदर्शित कर रहा है। हम सभी की मान्यताएं और परंपराएं भले ही एक दूसरे से अलग हो पर दिल सभी का हिंदुस्तानी है।

## संक्षिप्त-समाचार

### कैंटर-गाड़ी की टक्कर में कार चालक की मौत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सांचौली के निकट कैंटर की टक्कर से गाड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। आरोपी अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खंड के गांव भोगपुर मंडी निवासी गौरे ने सदर थाना पुलिस को बताया कि सोमवार रात करीब सवा आठ बजे वह और उसके चचेरा भाई सरजीत सोहना जरूरी कार्य से गाड़ी में जा रहे थे। गाड़ी को सरजीत चला रहा था। सरजीत एक कंपनी में नौकरी करता था। गांव सांचौली के निकट पीछे से तेज गति में आ रहे कैंटर को उसका चालक लापरवाही से चला रहा था। पास आने पर उनकी गाड़ी कैंटर से टकराने से बची। जिसकी शिकायत कैंटर चालक को चलते हुए सरजीत ने की। इस दौरान कैंटर चालक ने एक बार फिर लारवाही दिखाते हुए उनकी गाड़ी को टक्कर मारी। जिससे सरजीत को चोटें आईं। सरजीत को अन्य लोगों की मदद से नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने सरजीत को मृत घोषित कर दिया।

### जीयू से पीएचडी के छात्रों को मिलेगी यूजीसी से स्कॉलरशिप

**गुरुग्राम।** जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की परीक्षा पास कर पीएचडी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी है। जेआरएफ के बाद अगर कोई छात्रा या छात्र गुरुग्राम विश्वविद्यालय से पीएचडी करता है तो उसे पहले दो साल के लिए 31 हजार रुपये और अगले तीन साल के लिए 35000 रुपये प्रतिमाह की स्कॉलरशिप मिलेगी। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के प्रवक्ता के मुताबिक जेआरएफ की परीक्षा पास कर गुरुग्राम विवि से पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को यह स्कॉलरशिप यूजीसी की ओर से दी जाएगी। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के तहत छात्र फार्मास्यूटिकल साइंसेज, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, मैनेजमेंट, लॉ, साइकोलॉजी, कॉमर्स और मीडिया स्टडीज में पीएचडी कर सकते हैं। जिसके लिए प्रवेश प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। शोध को बढ़ावा देने के लिए यह स्कॉलरशिप योजना काफी महत्वपूर्ण होती है। छात्रवृत्ति मिलने से जो आर्थिक रुप से कमजोर छात्र हैं, उन्हें इसके माध्यम से बेहतर रिसर्च करने का मौका मिलेगा।

### नारी शक्ति पुरस्कार के लिए महिलाएं करें आवेदन

**गुरुग्राम।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने नारी शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं। ये आवेदन ऑनलाइन 31 अक्टूबर तक भिजवाए जा सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सुनैना खत्री के मुताबिक जिन महिलाओं या संस्थाओं ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के सामाजिक उत्थान एवं उनकी आत्मनिर्भरता के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, वे राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक महिला की आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए तथा जो भी संस्था इस पुरस्कार के लिए आवेदन करे, वह पिछले पांच वर्षों से काम कर रही हो। पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक पुरस्कार के लिए आवेदन किया जा सकता है। पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली महिलाओं को अगले साल 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### दुकान से बैट्री तथा चोरी के मुकदमे में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने चोरी के 2 मुकदमों में शामिल एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम करण है जो बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के बडौली गांव में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को बीपीटीपी एरिया से अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा व एक कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई।

# बिना आवेदन किए ही गुरुग्राम के 226 बुजुर्गों को घर बैठे मिली पेंशन

## पेंशन शुरू होने का सरल व प्रमुख माध्यम बना परिवार पहचान पत्र

## मुख्यमंत्री की इस निर्णायक पहल से बुजुर्गों को मिला लाभ

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



घर बैठे पेंशन पाने वाले बुजुर्ग।

**व्यक्ति** की 60 साल उम्र होते ही अपने आप पेंशन बनने की प्रक्रिया में गुरुग्राम के 226 बुजुर्गों को लाभ मिला है। बिना कोई आवेदन किए ही उनकी घर बैठे पेंशन बनीं और पैसे उनके खातों में पहुंच गए। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन शुरू करने की यह फ्लैगशिप योजना बुजुर्गों को सरकारी दफ्तरों के धक्के खाने से बचा रही है।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ हरियाणावासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का अब धरातल पर असर दिखने लगा है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव कहते हैं कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में प्रदेश में जब से सरकार की यह फ्लैगशिप योजना शुरू हुई है, तब से आयु व आय के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले बुजर्गों की परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अब वृद्धावस्था सम्मान पेंशन ऑटो मोड में बनने लगी है। जिला गुरुग्राम में 226 बुजुर्गों की पेंशन इसी सिस्टम के माध्यम से बन चुकी है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों ने का कहना है कि परिवार पहचान पत्र के तहत जिनकी उम्र 60 साल हो गई है। जिन पति-पत्नी की सालाना इनकम दो लाख रुपये से कम है, उनका डेटा क्रीड की तरफ से ऑटोमेटिक तरीके से सामाजिक न्याय विभाग को भेज दिया जाता है। परिवार पहचान पत्र में जैसे ही बुजुर्ग की उम्र 60 वर्ष होती हैं, उसी समय विभाग को क्रीड की ओर से सूची मिल जाती है। विभाग संबंधित लाभार्थी के पास जाकर उसकी सहमति लेता है। अगर वह सहमति देता है तो उसके बाद पेंशन शुरू कर दी जाती है। इस प्रक्रिया के तहत जिला समाज कल्याण विभाग के पास मुख्यालय से 313 ऐसे पात्रों की सूची पहुंची है, जिनकी पेंशन बननी है। इनमें से जिले के 226 बुजुर्गों की पेंशन बन भी चुकी है।

### लाभार्थियों ने योजना को सराहा

**जिन** बुजुर्गों की घर बैठे पेंशन बनी है, इसमें हेलीमंडी निवासी अशोक कुमार कत्याल बताते हैं कि इस वर्ष मई माह में उनकी 60 वर्ष आयु पूरी हुई है। वे वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करने की सोच रहे थे। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने उनसे संपर्क किया और कहा कि कुछ कागजी कार्रवाई के लिए आपके घर आएंगे। उन्होंने बताया कि अगले ही दिन वे कर्मचारी घर आकर उनका सहमति पत्र सहित बैंकिंग डिटेल्स लेकर चले गए। कुछ दिन बाद ही जुलाई माह में उनके बैंक खाते में उनकी पेंशन आ गयी। हेलीमंडी निवासी गजराज यादव ने कहा कि कभी बुजुर्गों के सम्मान स्वरूप शुरू हुई इस योजना को यदि किसी ने सार्थक दिशा दी है तो वे केवल मुख्यमंत्री मनोहर लाल ही हैं। जिन्होंने बुजुर्गों का मान रखते हुए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से घर बैठे ही उनकी पेंशन बना दी। जून माह से इस योजना का लाभ ले रही गांव पथरेड़ी निवासी माया देवी कहती है कि 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पेंशन के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाना एक जटिल व बोझिल प्रक्रिया थी। जिसे परिवार पहचान पत्र ने बेहद आसान बना दिया है।

# बोहड़ाकलां गांव में स्क्रैप व्यापारी सुमित का हत्यारा गिरफ्तार



गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में स्क्रैप व्यापारी का हत्यारा।

**गुरुग्राम।** जिला के गांव बोहड़ाकलां में स्क्रैप व्यापारी सुमित चौहान की हत्या करने का एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। मंगलवार को पुलिस ने उसे बोहड़ाकलां के पास ही बिलासपुर के पास से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बिट्टू शर्मा के रूप में हुई है। सुमित की हत्या करने के लिए वह यूपी से तीन पिस्टल, एक देशी कट्टा खरीदकर लाया था। रंजिश के चलते उसने सुमित की हत्या की थी।

आरोपी बिट्टू शर्मा (30) ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल कर लिया है। उसने बताया कि वह ओर उनके अन्य साथ स्क्रैप का व्यापार करते हैं। सुमित चौहान ने स्क्रैप में अच्छा नाम बना लिया था। उससे इनका कंपीटिशन था। जिस कारण सुमित से उसकी रंजिश थी। उसने अपने साथी के साथ मिलकर सुमित की हत्या करने की योजना बनाई। इसके लिए उसका साथी यूपी से तीन पिस्टल व एक देशी कट्टा खरीदकर लाया। योजना बनाकर उन्होंने सुमित की गोली मारकर हत्या कर दी। दो सितम्बर की देर रात उन्होंने बोहड़ाकलां गांव में ही सुमित चौहान को तब गोली मारी थी, जब वह अपने स्क्रैप के गोदाम से लेबर को खाना देकर एक साथी के साथ घर जा रहा था। मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में उसे ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। 5 सितम्बर को बिलासपुर थाना पुलिस ने इस हत्या की वारदात की योजना बनाने में शामिल रहे दो आरोपियों अमित (40), भूपेंद्र उर्फ भोलू (32) के अलावा अन्य आरोपी हरिंद्र उर्फ हन्नी व योगेश को 18 सितम्बर को गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है।

# बिजली संबंधी समस्या का समाधान 24 घंटे में होगा

**सोहना।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान अब कम से कम 24 घंटे और अधिकतम सात दिन में किया जाएगा। बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में तैनात हेल्प डेस्क पर उपभोक्ता अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

स्थानीय बिजली निगम के 33 केवीए पावर हाउस नवनियुक्त एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि उनके कार्यालय में आने वाले बिजली उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होगा। उपभोक्ता द्वारा समस्या दर्ज कराने के तुरन्त बाद कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उपभोक्ता की समस्या का अब 24 घंटे कम से कम और अधिक से अधिक एक सप्ताह में समाधान होगा। समस्या को लेकर उपभोक्ता को उसके मोबाइल फोन पर कार्रवाई की जानकारी भी बीच-बीच में दी जाती रहेगी। कटे बिजली कनेक्शन से लेकर खराब बिजली मीटर एक सप्ताह में बदला जाएगा।

### नंगी तारों को जल्द हटाया जाएगा

**शहरी** क्षेत्र में बिजली लाइनों पर नंगी तारों को बदलने का अधर में लटका कार्य जल्द ही शुरू होगा। जिसके लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। बिजली की लाइनों पर लगने वाली केबल की मांग की है। शहर के वार्ड-17, 15, 16, 18 और राम मंदिर चौक पर बिजली की लाइनों पर लगने वाले बड़े कटों का भी समाधान होगा।

बिजली निगम के एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि बिजली लाइन पर दो तरफ से कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं की पहचान करके केस दर्ज कराए जाएंगे। लाइनों पर नंगी तारों के स्थान पर केबल बिछाने से ओवरलोड कम होगा। 35 हजार उपभोक्ताओं को बिना कट बिजली सप्लाई देने का प्रयास किया जाएगा।

# हरियाली से घिरे होंगे जलाशयों के साथ के क्षेत्र

## विशेष अभियान चलाकर किया गया पौधारोपण

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजन को किया गया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पटौदी के गांव शाहपुर जट में जलाशय के किनारे पौधारोपण करते सदस्य।

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के छठे दिन मंगलवार को जिला में प्लास्टिक निस्तारण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन हुआ। उपायुक्त निशान्त कुमार यादव के मार्गदर्शन में दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में स्वच्छता के प्रति चेतना जागृत करना है।

जिला परिषद की सीईओ अनु श्योकंद ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पटौदी खंड के गांव शाहपुर जट में जलाशय के किनारे पौधारोपण करने के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक को लेकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सीईओ ने आमजन से अपील करते कहा कि प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और अपने आस-पास लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने बताया कि देश व प्रदेश सरकार द्वारा भी प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया हैं। इसलिए आमजन कपड़े व जूट के थैलों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें, ताकि हम हमारे आने वाली पीढ़ियों को एक अच्छा व हराभरा वातावरण दें सके। इसके लिए हमें बाजार में कपडे के थैले लेकर जाने वाली पुरानी आदत को फिर से अपनाना होगा। उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों का भी आह्वान किया है, वे भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें।

उल्लेखनीय है कि देश में इन दिनों बेहतर वेस्ट मैनेजमेंट के जरिए प्रदूषण पर नियंत्रण करने की पहल की जा रही है। अगर हम सभी थोड़ी सी कोशिश करें तो बेकार चीजों का बेहतर तरीके से निस्तारण कर सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान दे सकते हैं। प्लास्टिक जल पृथ्वी और वायु को प्रदूषित करती है जिसका असर इंसान और जीव जंतुओं पर पड़ता है। प्लास्टिक को पूरी तरह गलने में कई 100 साल लग जाते हैं। इसलिए यह ज्यादा खतरनाक है। हमें अपने घर से निकलने वाले कचरे को अलग अलग करने और उसके निस्तारण की शुरुआत करनी चाहिए। इसके लिए घर में नीले और हरे डस्टबिन को रखें। गीला कचरा हरे रंग के डस्टबिन में और सूखा कचरा नीले रंग के डस्टबिन में डालें। गीले कचरे को पशुओं को और सूखे कचरे को शेड में रखें, जिससे सफाई व्यवस्था बनी रहेगी।

# अपने वार्ड की स्वयं साफ-सफाई कराएंगे पार्षद

**सोहना।** नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में साफ-सफाई का जिम्मा एक बार फिर से वार्ड पार्षदों को सौंप दिया है। वार्ड पार्षद अब सफाई कर्मचारी के गैर हाजिरी होने से लेकर उसके कार्य न करने की जानकारी परिषद कार्यालय में देंगे। शहर को एक सप्ताह में अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

नगर परिषद के सफाई कर्मियों के गैर हाजिर होने तथा वार्डों में सफाई न होने के लग रहे सवालियां निशानों से परेशान अधिकारियों ने एक बार फिर पुराने नियम को ही अमलीजामा पहनाया है। परिषद के सभी 21 वार्डों में सफाई कर्मियों से वार्ड पार्षद खुद कार्य कराएंगे। वार्ड अपने-अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था की भी निगरानी करेंगे। वार्ड पार्षद के यहां सफाई कर्मियों को अपनी हाजिरी देनी होगी। वार्ड पार्षद के हस्ताक्षर के बाद ही मस्ट्रोल भरा जाएगा। वार्ड पार्षद की रिपोर्ट के आधार पर सफाई कर्मियों की गैरहाजिर होने की रिपोर्ट हर माह देनी होगी। जिसके आधार पर सफाई कर्मियों को वेतन दिया जाएगा।

**एक सप्ताह में हो शहर अतिक्रमण मुक्त :** सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग द्वारा ली गई पार्षदों की बैठक में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। जिसके लिए गठित कमेटी में छह पार्षदों को शामिल किया है। पार्षद शहर के अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम शुरू करेंगे। दुकानदारों से लेकर रेहड़ी लगाने वाले मजदूर, बड़े व्यापारियों को अपनी दुकान या कारोबार के बाहर किसी प्रकार का सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करेगा। गठित कमेटी में शामिल वार्ड पार्षदों को जल्द से जल्द अतिक्रमण का सफाया करेगी। सोहना एसडीएम जितेंद्र गर्ग का कहना है कि सफाई व्यवस्था पर बहुत शिकायतें आ रही हैं। वार्ड पार्षद को अपनी जिम्मेदारी खुद ही उठानी होगी। गैर हाजिर रहने वाले कर्मचारियों पर शिकायत मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल 23 सितंबर से शुरू, पीक ट्रैफिक में प्रति मिनट 13,000 ऑर्डर पूरे किए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**आज** मिंत्रा ने भारत के सबसे भव्य फेस्टिव फैशन धमाका, 'बिग फैशन फेस्टिवल' के आगमन की घोषणा की। यह फैशन फेस्टिवल 23 सितंबर को शुरू होगा। बिग फैशन फेस्टिवल के तीसरे संस्करण में पिछले संस्करण के मुकाबले 1.5 गुना ज्यादा स्टाईल होंगे और यहां पर 6,000 से ज्यादा ब्रांड बेहतरीन ऑफरों के साथ पूरे परिवार की फेस्टिव शॉपिंग की जरूरतों को पूरा करेंगे।

बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) का यह संस्करण हर आयु समूह के लोगों को विभिन्न श्रेणियों और मूल्य वर्गों में विस्तृत संग्रह प्रदान करेगा और इन त्योहारों पर हर तरह के फैशन के लिए मुख्य केंद्र बन जाएगा। देश में फेस्टिव शॉपिंग के जोश का जश्न मनाते हुए इस इवेंट में पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा मांग प्राप्त होने की उम्मीद है। इस मांग को पूरा करने के लिए प्लेटफॉर्म की टेक क्षमताओं को बढ़ाकर पीक ट्रैफिक में हर मिनट 13,000 ऑर्डर संभालने में समर्थ बनाया गया है। इस साल यह प्लेटफॉर्म विभिन्न योजनाएं भी प्रदान करेगा, जो शोस्टॉपर, बीएफएफ स्पेशल और रिवार्ड्स जैसी त्योहार केंद्रित श्रेणियों का प्रदर्शन करने के लिए बनाई गई हैं। बिग फैशन फेस्टिवल के बारे में मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने बताया, इस साल का फेस्टिव सीजन हर किसी के लिए खास बनने वाला है। दो सालों तक खामोशी से फेस्टिवल्स का आयोजन करने के बाद, इस साल ज्यादा बड़े स्तर पर और ज्यादा भव्यता के साथ परिवार और दोस्तों को खुशी के क्षण मनाने के लिए लाया जा रहा है। मिंत्रा का बीएफएफ देश में सबसे लोकप्रिय फेस्टिव शॉपिंग सीजन है और हम इस मेगा इवेंट के तीसरे सीजन को और ज्यादा यादगार बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीजन यह फैशन की हर जरूरत का केंद्रबिंदु बन जाएगा। बिग फैशन फेस्टिवल के इस संस्करण के दौरान हमें इवेंट में छह मिलियन अद्वितीय ग्राहकों द्वारा शॉपिंग किए जाने की उम्मीद है। हम अपने प्लेटफॉर्म पर 900,0000 ग्राहकों को एक साथ संभालने के लिए तैयार हैं।

**शॉपर्स का उत्साह बढ़ाने के लिए क्या है? :** शो-स्टॉपर्स - दैनिक फैशन पर्व बिग फैशन फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को हर दिन फैशन और ब्यूटी की एक अद्वितीय थीम का अनुभव मिलेगा। 24/7 कस्टमर इंगेजमेंट के प्रस्ताव में क्विज और रिवार्ड, फैशन इन्फ्लुएंसर्स की ओर से स्टाईलिंग टिप्स, सोशल मीडिया पर इंटरैक्टिव एएमए (आस्क मी एनीथिंग) सत्र, अद्वितीय डील्स और ब्रांड्स की ओर से प्राइम टाईम ऑफर शामिल होंगे। इसमें ग्राहकों को ब्रांड्स के साथ संलग्न होने और आगामी फेस्टिव सीजन के लिए उनके ट्रेंडी एवं नए कलेक्शन का अनुभव लेने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यहां ग्राहकों को शोस्टॉपर श्रेणियों में महिलाओं के एथनिक वियर, स्पोर्ट्स वियर और फेस्टिव फुटवियर, पुरुषों के कैज्युअल वियर और फेस्टिव वियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर, किड्स वियर, ज्वेलरी और एक्सेसरीज आदि मिलेंगे।

**बिग फैशन फेस्टिवल स्पेशल्स - हीरो कलेक्शंस :** बिग फैशन फेस्टिवल लाखों ग्राहकों को शानदार फैशन प्रदान करने के लिए नए ट्रेंडी कलेक्शंस की विस्तृत श्रृंखला लेकर आया है। 'बीएफएफ स्पेशल्स' के लिए अद्वितीय हीरो कलेक्शंस का संकलन कर ब्रांड्स 100 से ज्यादा नए लॉन्च होस्ट करेंगे।

# राइट टू सर्विस सुशासन में आस की अहम भूमिका

## राइट टू सर्विस के दायरे में आने वाली सेवाओं में विलंब होने पर होगी ऑटो अपील

**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं के लिए राइट टू सर्विस एक्ट के तहत समयसीमा निर्धारित कर दी गई है। सभी विभागों को निधाज़्रित समय में ही सेवाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को निपटाना होता है। सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आस यानी ऑटो अपील सॉफ्टवेयर शुरू किया गया है, जिसके बाद अब किसी भी सेवा में देरी होने पर वह ऑटो अपील में चली जाती है।

प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन देने के लिए अहम कदम उठा रही है। सरकार द्वारा 500 से भी अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से दी जा रही हैं और इनके लिए समयसीमा भी निर्धारित की गई है। इसी कड़ी में एक कदम आगे बढ़ते हुए अब सरकार ने आस नामक ऑटो अपील सॉफ्टवेयर शुरू कर दिया है। अब राइट टू सर्विस एक्ट के तहत समयबद्धता के साथ सेवाओं का निष्पादन सुनिश्चित किया गया है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू किया गया आस ऑटो अपील सॉफ्टवेयर लोगों के लिए काफी कारगर साबित हो रहा है। इसके जरिए सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित समय में कार्य नहीं होने पर अपने आप आवेदन उच्च सक्षम अधिकारी के पास चला जाता है। उन्होंने बताया कि अगर सक्षम अधिकारी के पास भी काम होने में देरी होती है तो आवेदन आगे वरिष्ठ अधिकारी के पास चला जाता है। अगर इन दोनों स्तरों पर भी कार्य का निपटान नहीं होता है तो आवेदन स्वत: ही राइट टू सर्विस कमीशन के पास पहुंच जाएगा। यह कदम सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक कार्य शैली को जवाबदेह, पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के मद्देनजर उठाए हैं। आस-ऑटो अपील सॉफ्टवेयर आमजन के अधिकारों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार का एक अहम कदम है।

# समस्त जीवों को मोक्ष प्रदान करती हैं मां गंगा



अभिषेक गुप्ता
(लेखक पत्रकार तथा स्तंभकार हैं)

**आदिकाल** से अविरल बहती हुई चली आ रही पतित पवन मां गंगा हिन्दू आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक है। मां गंगा के जल में ऐसे पवित्र गुण विराजमान हैं जिन्हें देवी देवता भी नमन करते हैं। गंगा नदी की अविरल बहती हुई धारा समस्त जीवों को मोक्ष प्रदान करती है। भारत की पौराणिक महत्व एवं धार्मिक आस्था से परिपूर्ण गंगा नदी पवित्र पावन एवं दिव्य स्वरूप है।

हजारों वर्गकिलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली यह नदी करोड़ों लोगों के जीवन यापन का मुख्य साधन है। सनातन धर्म में गंगा नदी के जल को पवित्र एवं पापनाशक माना जाता है। गंगा नदी को मां का स्वरूप माना जाता है। आस्था, प्रेम और विश्वास के प्रतीक के परिमाण स्वरूप देश के कई हिस्सों में महाकुंभ के समय करोड़ों की संख्या में गंगा में डुबकी लगाने आते हैं। गंगा नदी उत्तराखंड में हिमालय से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के एक बड़े भू-भागको सिंचिंत करते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है जहाँ पर इसे पद्मा नदी के नाम से जानते हैं। गोमुख हिमालय से निकलकर लगभग 200 किलोमीटर का सफर तय करते हुए दुर्गम हिमालय पर्वत को चीरते हुए गंगा नदी ऋषिकेश के रास्ते होते हुए सबसे पहले हरिद्वार के मैदानी क्षेत्रों को अभिसिंचित करती हैं।

गंगा नदी में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को वजह से नदी का ऑक्सीजन लेवल घट रहा है। जिससे जलीय जीवों पर गहरा संकट भी बढ़ रहा है। नदी में जैवविविधता की कमी होने से पारिस्थितिक संतुलन पर भी गहरा असर पड़ रहा है। गंगा नदी में पाए जाने वाले विश्व प्रसिद्ध डॉल्फिन भी विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसके अलावा कछुए, रोहू और नैना मछली, कतला जैसे जलीय जीवों में भारी प्रदूषण की वजह से कमी आ रही है। जोकि बहुत ही चिंताजनक विषय है। पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रत्येक जीव का अपना महत्व है जैसे कछुआ मृत मछलियों, शवों को खाकर नदी के पानी को साफ कर प्राकृतिक फिल्टर का काम करता है। इसी प्रकार मगरमच्छ, उदविलाव, रोहू घड़ियाल नदी में मछलियों को नियंत्रित करने का काम करती हैं। परंतु बड़े शहरों एवं उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषित जल सीधे नदी में जाकर मिलते हैं जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है।

कानपुर, बनारस, प्रयाग एवं पटना जैसे बड़े शहरों के सीवेज से गंगा में प्रदूषण बढ़ रहा है। इन सब में सबसे अधिक प्रदूषण कानपुर की चमड़ा फैक्ट्री से निकले हुए गंदे पानी से होता है परंतु वर्तमान सरकार ने इसके दुष्परिणाम को देखते हुए ऐसे सभी फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिसका पानी सीधे गंगा नदी में जाता था। जल है तो कल है, कहा जाता है की नभ, जल, पावक, गगन और समीर इन पांच तत्वों से मिलकर शरीर का निर्माण होता है और इन सभी तत्वों में हमारे जीवन में जल का सबसे अधिक महत्व है। वैश्वीकरण एवं औद्योगिक विकास की अंधी दौड़ में जल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है, जिसके कारण भारत ही नही वरन सम्पूर्ण विश्व जल संकट से जूझ रहा है। पृथ्वी पर शुद्ध पेय योग्य जल बहुत कम मात्रा में है। और पानी का स्तर भी निरंतर नीचे जा रहा है। जो की बहुत ही चिंताजनक विषय है। जल संकट के इस विभीषिका से निपटने के लिए गंभीरता से सोचने की जरूरत है। जल संकट से निपटने के लिए 21 सितंबर 2022 को कांस्टीट्यूशन क्लब, दिल्ली में 'गंगा का लाल' कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है।

# दुर्गापूजा का आगाज : प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप

**26 से शुरू हो रहे नवरात्रों के लिए शहरभर में बनाई जा रही हैं मां दुर्गा की प्रतिमाएं**

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में दुर्गा पूजा उत्सव दस दिनों तक भव्य आयोजन होता है। जिसमें मां दुर्गा की प्रतिमां का खास महत्व होता है। लेकिन क्या आपकों पता है कि मां दुर्गा की प्रतिमा को तैयार करने के लिए वैश्या के घर की मिट्टी का बेहद अधिक महत्व होता है।

कुछ इसी तरह से शहरभर में मूर्तियां मनाने का कार्य पिछले काफी समय से किया जा रहा है। आगामी 26 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्रों के लिए मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कोविड-19 के कारण जहां शरदीय नवरात्रों की शहर में धूम समाप्त हो गई थी, लेकिन इस बार मंदिरों व दुर्गापूजा के पंडालों में कार्यक्रमों में धूम देखने को मिलेगी।



फरीदाबाद कालाबाड़ी में मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार करते मूर्तिकार।

### इसके बिना अधूरी मूर्ति

**वैश्या** को बेशक समाज में हीन दृष्टि से देखा जाता हो, लेकिन दुर्गापूजा के लिए बनाई जाने वाली दुर्गा की प्रतिमा बनाने के लिए विभिन्न पवित्र स्थलों की मिट्टी के साथ वैश्या, कुम्हार और लोहार के घर की मिट्टी को मिलाने की परम्परा प्रचीन काल से चली आ रही है। वह हर साल पश्चिम बंगाल से मिट्टी अपने साथ लेकर आते हैं। यह बात सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में मां दुर्गा की पूजा के लिए मूर्ति तैयार कर रहे कोलकाता से आए मूर्तिकार पांचू गोपाल पाल ने कही।

उन्होंने बताया कि दुर्गा की प्रतिमा बनाने के लिए भी प्रतीक के तौर पर वैश्या के घर की मिट्टी का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा हार्डवेयर बाटा रोड पर स्थित दुर्गाबाड़ी समेत शहर के विभिन्न स्थानों पर मूर्तियां बनाई जा रही हैं।

### नवरात्रों की जोर-शोर से तैयारियां

**नवरात्रों** के शुरू होते ही शहर में जगह-जगह मनाए जाने वाले दुर्गापूजा महोत्सव की तैयारियां भी जोर-शोर के साथ शुरू हो जाती हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि इन मूर्तियों को बनाते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि विसर्जन के बाद इनसे किसी तरह का प्रदूषण न फैले। इन मूर्तियों को बनाने के लिए चिकनी मिट्टी, यमुनारेत, भूसा और रूई का इस्तेमाल किया जा रहा है। मूर्ति का ढांचा तैयार हो जाने के बाद उसे रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा है। वह स्वयं मिट्टी से ही अलग-अलग तरह के रंग तैयार करते हैं। इस तरह से मूर्तियां तैयार करने से विसर्जन के बाद नदियों और नहरों में जरा भी प्रदूषण नहीं फैलता।

## सेवा पखवाड़ा के रूप में लगेंगे जांच माप शिविर

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पखवाड़ा को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को बीके हॉस्पिटल, नजदीक जिला विकलांग केन्द्र रूम नम्बर 35 में , 22 सितंबर को ओम साई हॉस्पिटल राजीव कॉलोनी सेक्टर- 55 बल्लभगढ़ में, 23 सितंबर को बारात घर जुनहेड़ा मोड़ कौराली में, 24 सितंबर को महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केयर आफ लाल विदवा मंदिर स्कूल, एसजीएम नगर में, 25 सितंबर को महेश्वरी सेवासदन, प्लाट नम्बर 160 सेक्टर-7 ए में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### यज्ञ महोत्सव का हुआ संत सम्मेलन से समापन



**बल्लभगढ़।** उदासीन साधु आश्रम मोहना रोड पर चल रहे सतगुरु बाबा नानू जी महाराज की पुण्य स्मृति मैं 68 वा यज्ञ महोत्सव का आज समापन संत सम्मेलन से हुआ। यज्ञ महोत्सव 13 सितंबर से प्रारंभ हुआ था। संत सम्मेलन में स्वामी धर्मदेव जी पटौदी, स्वामी विवेकानंद जी भगवत - धाम हरिद्वार, स्वामी रविंद्रानंदजी हरिद्वार, स्वामी संतोषानंद वृंदावन, स्वामी रामानंद, स्वामी अरुण दास हरिद्वार, महंत कामेश्वर दास महाराज, कथा व्यास परम पूज्य रविशंकर महाराज, ठाकुरदास दिनकर, बनवारी लाल ने धर्म के ऊपर चर्चा की। पूरन लाल मेहंदी रत्ता व राजेंद्र बरेजा ने ट्रस्ट की तरफ से सभी संत समाज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सुरेश अनेजा द्वारा ट्रस्ट द्वारा चलाए गए सामाजिक व धार्मिक कार्य का उल्लेख किया गया। उदासीन साधु आश्रम धार्मिक कथा के अलावा सामाजिक ब्लड डोनेशन कैंप, गरीबों व बेसहारों को वस्त्र वितरण, गरीब कन्याओं का विवाह, विधवा व अनाथो की राशन से सहायता करना आदि कार्य समय-समय पर करते रहते हैं अशोक अनेजा, राजेश मग्गू, महेश मेहंदी रत्ता, सुनील धमीजा, बंटी धमीजा, श्याम कपूर, रमेश खट्टर, कृष्ण भटेजा, सुनील बरेजा, तुलसी गुलयानी, ललित जटवानी, कपिल जुनेजा की टीम ने इस यज्ञ महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मानव रचना ने मनाया गया रजतोत्सव

**फरीदाबाद।** मानव रचना शैक्षिक संस्थानों (एमआरईआई) ने अपनी 25 साल की यात्रा के उत्सव को एक विशेष उत्सव - रजतोत्सव, के साथ चिह्नित किया, जिसमें सभी 8 मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों, मानव रचना विवि, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़, मानव रचना डेंटल कॉलेज और मानव रचना सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के सहयोगियों ने भाग लिया। वर्ष 1997 में संस्थापक दूरदर्शी डॉ. ओपी भल्ला द्वारा स्थापित मानव रचना ने 2022 में शैक्षिक उत्कृष्टता प्रदान करने में इस ऐतिहासिक उपलब्धि को पूरा किया। यह उल्लेखनीय अवसर मानव रचना परिवार द्वारा पूरे वर्ष मनाया गया। सत्या भल्ला- मुख्य संरक्षक, डॉ. प्रशांत भल्ला-अध्यक्ष, डॉ. अमित भल्ला-उपाध्यक्ष, प्रो. (डॉ.) संजय श्रीवास्तव-एमडी, समेत सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति और संस्थानों के शिक्षक इस समारोह में उपस्थित थे। समारोह की संध्या पर अपने संबोधन में मैडम सत्या भल्ला ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा, आज हम अपने अस्तित्व के 25 साल मना रहे हैं और मुझे सच में विश्वास है कि हम अपने संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला की विरासत को आगे बढ़ाते रहेंगे और समृद्ध होंगे।

### निमग आयुक्त से किया आदेश रद्द करने का अनुरोध

**फरीदाबाद।** सब-डिवाईडिड भवनों व प्लाटों की सब-डिवीजन की स्वीकृति के बिना प्रापर्टी आईडी न बनाने और सम्पत्ति कर की मलकियत में नाम न बदलने के फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन के गत 4 जुलाई के आदेशों को निगम के सेवानिवृत्त क्षेत्रिय एवं कर अधिकारी (मुख्यालय) रतन लाल रोहिल्ला ने गैरकानूनी, जनविरोधी और नगर निगम विरोधी बताते हुए निग्मायुक्त जितेन्द्र दहिया से आदेश को अविलंब रद्द करने का अनुरोध किया है। रोहिल्ला ने 16 सितम्बर को बकायदा निगमायुक्त को इस संबध में एक पत्र लिखकर अपने कथन के समर्थन में हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 सहित अन्य कई राज्यों के नगर निगमों के अधिनियमों का भी हवाला दिया है। उनके अनुसार नियमों व कानूनों का परीक्षण किये बिना एकाएक जारी किये गये उक्त आदेशों से न केवल फरीदाबाद नगर निगम को सम्पति कर और विकास शुल्क के मद से प्राप्त होने वाली करोड़ों रूपये की वसूली रूक गई बल्कि प्रापर्टी आईडी न बनने के कारण सब-डिवाईडिड भवनों व प्लाटों की रजिस्ट्रीयां न हो पाने के कारण हरियाणा सरकार को भी करोड़ों रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। रोहिल्ला ने केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गूर्जर, परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा, स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों से भी इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर लाखों फरीदाबाद-वासियों को हो रही परेशानी का निवारण करने की मांग की है।

### जिला शिक्षा अधिकारी को बर्खाशत करने की मांग

**फरीदाबाद।** भ्रष्टाचार मामले में संलिप्त जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी और अन्य के खिलाफ यदि जल्द ही सरकार कार्रवाई नहीं करती तो संगठन की ओर से भूख हड़ताल कर अपना रोष व्यक्त किया जाएगा। इस बात की जानकारी युवा आगाज संगठन की ओर से मंगलवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई। युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी जिनके ऊपर 27 लाख रुपये गबन और भ्रष्टाचार के आरोप में एफ आई आर दर्ज होने के बावजूद भी अपने पद पर बने रहने का संगठन की ओर से पिछले काफी समय से विरोध किया जा रहा है साथ ही इस मामले की निष्पक्षता से जांच की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन को इस पूरे मामले की जानकारी है। बावजूद इसके जिला शिक्षा अधिकारी का उनके पद पर बने रहना सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगाता है। मौके पर रणनीतिकार व संगठन महासचिव दीपक आजाद,एडवोकेट विक्रांत गौड, युवा समाजसेवी शिवम पांडे, आरटीआई एक्टिविस्ट ऋषि भारद्वाज, सांस्कृतिक संयोजक, अभिषेक देशवाल, जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट, सुनील सैनी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### तहसील कार्यालयों में एक सप्ताह में सीसीटीवी लगाएं: डीसी

**फरीदाबाद।** जिला के सभी तहसील कार्यालयों में पारदर्शिता के साथ आम जनता को समय पर सुविधाएं देने के लिए जिला उपायुक्त विक्रम यादव ने निर्देश दिए हैं कि जिला की सभी तहसील व उपतहसील कार्यालयों में एक सप्ताह के अंदर-अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। इसकी रिपोर्ट भी उन्हें भिजवाएं ताकि प्रत्येक कार्य पर नजर रखी जा सके। उपायुक्त विक्रम मंगलवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कांफ्रेस हाल में जिला के राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग आयोजित कर रहे थे। उपायुक्त ने मीटिंग में प्रत्येक तहसील की क्रमश: समीक्षा करते हुए तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि हम सभी सीधे जनता से जुड़े हुए अधिकारी हैं।

# नशे के सौदागरों पर चला पुलिस का डंडा, 314 भेजे सलाखों के पीछे

**पुलिस ने इस साल 285 मुकदमों में 314 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा शहर में नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने वर्ष 2022 में अब तक 314 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस वर्ष 587.4 ग्राम स्मैक, 1200 ग्राम चरस, 575.9 किलोग्राम भांग कैंडी, 387.7 किलोग्राम गांजा पत्ती, 7.5 किलोग्राम चूरा पोस्त, नशे के 2284 इंजेक्शन, 400 कैप्सूल और 10 गोलियां बरामद की।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा शहर को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के अंतर्गत तीनों जॉन व क्राइम ब्रांच डीसीपी व एसीपी के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए फरीदाबाद पुलिस नशा तस्करों को काबू करके अपराध पर शिकंजा कसने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए फरीदाबाद पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ अधिक से अधिक मुकदमे दर्ज कर रही है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने वर्ष 2022 में एनडीपीएस के 285 मुकदमे दर्ज किए हैं जो वर्ष 2021 के 169 मुकदमों से कहीं अधिक है। इसके साथ ही इस वर्ष फरीदाबाद पुलिस ने 314 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसकी संख्या वर्ष 2021 में 207 थी।



नशीले पदार्थों को पुलिस द्वारा नष्ट करने का फाइल फोटो।

फरीदाबाद पुलिस का प्रयास है कि नशा तस्करों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्रवाई की जाए ताकि पुलिस के भय से अपराधी नशा तस्करी का काम छोड़कर कोई अच्छा काम शुरू करें और इस गलत रास्ते को छोड़कर एक अच्छी जिंदगी व्यतीत करें। विभिन्न सूत्रों के माध्यम से नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए भारी मात्रा में अवैध नशा बरामद किया है जिसमें फरीदाबाद पुलिस ने इस वर्ष 587.4 ग्राम स्मैक, 1200 ग्राम चरस, 575.9 किलोग्राम भांग कैंडी, 387.7 किलोग्राम गांजा पत्ती, 7.5 किलोग्राम चूरा पोस्त, नशे के 2284 इंजेक्शन, 400 कैप्सूल व 10 गोलियां बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। अभी हाल ही में नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों पर आर्थिक रूप से प्रहार करते हुए उनके द्वारा अवैध नशे की कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को फरीदाबाद पुलिस ने ध्वस्त करवाया है। यह कार्रवाई नशा तस्करों की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। फरीदाबाद पुलिस का की नशा तस्करों को कड़ी चेतावनी है की इस गलत धंधे को छोड़कर कोई अच्छा कार्य करें अन्यथा फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाइ इसी प्रकार जारी रहेगी।

## निगमायुक्त को निगम कर्मचारियों ने सौंपा आंदोलन का नोटिस



निगमायुक्त को ज्ञापन देते नगर निगम के कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** निगम कर्मचारियों ने दोपहर को निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों की आम सभा नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत की अध्यक्षता में सभा विसर्जन के बाद नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार से भेंट कर निगमायुक्त को आंदोलन का नोटिस एवं मांग पत्र सोपा।

निगमायुक्त ने संघ नेताओं को आश्वासन दिया कि एक अक्टूबर के बाद मांगों पर बैठकर विचार विमर्श कर समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल में संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के अलावा संघ के उप महासचिव सुनील चंडालिया, ऑडिटर परशुराम अधाना, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलवीर सिंह बालगोहर जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत, जिला सचिव नानक चंद, सैनिटेशन स्टाफ के प्रधान शिवकुमार, जिला कैशियर अनिल चंडालिया, जूनियर इंजीनियर यूनियन के प्रधान वीर सिंह तेवतिया, सचिव अजय शास्त्री, बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन, इलेक्ट्रिकल यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, कार्यालय यूनियन के प्रधान रणजीत शुक्ला, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी चरण, सचिव राम रतन, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरु चरण खांडिया, सचिव कृष्ण चंडालिया, दर्शन सिंह सोया, सुदेश उजीनवॉल, सहित अन्य विभागों के नेता भी शामिल थे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी ब्रांच अधिकारियों की कार्यशैली से परेशान है, शास्त्री ने कहा कि वित्त ब्रांच, बिल ब्रांच, इंजीनियरिंग ब्रांच, हॉर्टिकल्चर ब्रांच, सैनिटेशन ब्रांच, ईओ ब्रांच सहित अन्य ब्रांचओं के अधिकारी कर्मचारियों के नियमानुसार होने वाले कार्यों को भी करने में कोताही वर्तते हैं।

## पैर फिसने से गुरुग्राम नहर में डूबा युवक



गुरुग्राम नहर में गिरे युवक को ढूंढते गोताखोर।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ सोहना फ्लाइओवर के निकट मंगलवार सुबह एक युवक पैर फिसलने से गुरुग्राम नहर में जा गिरा। उसी दौरान मौके से गुजर रहे लोगों की नजर उस पर पड़ गई। लोगों की सूचना पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से युवक को तलाशा, लेकिन युवक का पता नहीं चला। पुलिस की सूचना पर दिल्ली से आई एनडीआरएफ के गोताखोर युवक की तलाश में देर शाम तक रहे।

जानकारी के मुताबिक बल्लभगढ़ में गुरुग्राम नहर के किनारे बसी झुग्गी बस्ती में रहने वाले पासवान का 19 वर्षीय बेटा विक्की शहर में ही स्थित एक कंपनी में करता था। अन्य दिनों की तरह मंगलवार सुबह भी वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। गुरुग्राम नहर के किनारे से गुजरते समय अचानक विक्की का पैर फिसल गया और वह सीधा नहर में जा गिरा। मौके से गुजर रहे अन्य लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर विक्की की तलाश की, लेकिन पता न चलने पर दिल्ली से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। एनडीआरएफ की टीम देर शाम तक तलाश में जुटी रही, लेकिन विक्की का पता नहीं चला। समाचार लिखे जाने तक तलाश जारी है।

## स्वस्थ माहौल का कंपनी के विकास में अहम योगदान

**भारतीय कंपनियों के 77 प्रतिशत कर्मचारी मानते हैं कि स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी पहल से उत्पादकता बढ़ती है और कर्मचारी कंपनी में बने रहना चाहते हैं**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी द्वारा हाल ही में किए गए हेल्थ एवं वेलनेस सर्वे में सामने आया कि काम का स्वस्थ माहौल कंपनी के विकास में अहम योगदान देता है। सर्वेक्षण में आईटी/आईटीईएस, बैंकिंग, एफएमसीजी, मैन्यूफैक्चरिंग और संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत 150 से ज्यादा कंपनियों में काम कर रहे लोगों को शामिल किया गया। इसमें सामने आया कि स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी विभिन्न पहल का उत्पादकता और इस बात से सीधा संबंध होता है कि कंपनी में कितने कर्मचारी बने रहना (रिटेंशन) चाहते हैं।



सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 77 प्रतिशत लोगों ने इस बात से सहमति जताई कि स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी पहल का उत्पादकता से सीधा संबंध है। ज्यादातर ने माना कि जिन कंपनियों में बेहतर एवं सुगठित हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम होते हैं, उनके सफल रहने और अच्छे परिणाम पाने की संभावना ज्यादा रहती है। सर्वे में 69 प्रतिशत ने कहा कि किसी कंपनी से जुड़ने का फैसला लेते समय यह निर्णायक बिंदु होता है कि कंपनी में स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़े क्या लाभ मिल रहे हैं।

जटिल कॉरपोरेट परिदृश्य में कर्मचारी के स्वास्थ्य एवं कल्याण के मसले की अक्सर अनदेखी की जाती है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष पनपने और ज्यादा एट्रिशन रेट (नौकरी छोड़कर जाने की दर) देखने को मिल सकती है। सर्वे का उद्देश्य कर्मचारियों पर स्वास्थ्य एवं कल्याण के कदमों से पड़ने वाले प्रभाव को समझना था। साथ ही यह भी जानने का प्रयास किया कि इससे कंपनियों के विकास एवं रिटेंशन रेट पर प्रभाव पड़ता है या नहीं।

मेडीबडी के सीईओ एवं सह-संस्थापक सतीश कन्नन ने कहा, 'पुरानी कहावत है हेल्थ इज वेल्थ (सेहत की संपत्ति है)। वर्तमान दौर में यह और भी ज्यादा प्रासंगिक है। लगातार देखने में आ रहा है कि कंपनियां इस दिशा में कदम उठा रही हैं, क्योंकि इससे कर्मचारियों का विश्वास मजबूत होता है, जिससे कंपनी के प्रति उनका समर्पण बढ़ता है और प्रदर्शन कई गुना सुधर जाता है। मेडीबडी में हमारे पास कॉरपोरेट क्लाइंट का सबसे बड़ा नेटवर्क है और हम देख रहे हैं कि कंपनियां काम के लिए स्वस्थ परिवेश बनाने पर जोर दे रही हैं।' मेडीबडी भारत में सदैव डिजिटल हेल्थकेयर ट्रांसफॉर्मेशन के मामले में अग्रणी रहा है।

## युवाओं को भी चपेट में रहा अल्जाइमर रोग

**फरीदाबाद।** कभी-कभार किसी बात को भूल जाना या किसी चीज को कहीं रखकर भूल जाना आम बात है और इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं। लेकिन जीवनशैली में बदलाव के साथ भूलने की यह बीमारी बढ़ती जाती है। कुछ साल पहले बुजुर्गों को अपने चपेट में लेने वाली यह बीमारी आज युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। विश्व अल्जाइमर डे पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि इस बीमारी को अल्जाइमर कहते हैं। यह एक मानसिक बीमारी है जिससे न सिर्फ मरीज की याददाश्त कमजोर हो जाती है बल्कि उसके दिमाग पर भी इसका असर पड़ता है और रोजमर्रा के कार्यों को करने में भी परेशानी महसूस होती है। डॉ. रोहित ने बताया कि हर साल विश्वभर में 21 सितंबर को अल्जाइमर डे मनाया जाता है। इस दिन को लोगों को जागरूक करने के उद्धेश्य से मनाया जाता है।

## छह खिलाड़ियों ने किया एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**टीम** मैनेजर सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छह स्वर्ण, आठ रजत और सात कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीतकर हरियाणा चैंपियन बना और प्रतियोगिता में दो नेशनल रिकार्ड और एक चैंपियनशिप रिकार्ड बनाकर एथलेटिक्स हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का झंडा फहराने का काम किया।

यूथ एशिया चैंपियनशिप का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर तक कुवैत में किया जाएगा। एथलेटिक्स हरियाणा टीम मैनेजर एवं मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 17वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन तांत्या टोपे स्टेडियम भोपाल मध्यप्रदेश में 17 से 19 सितम्बर तक तीन दिवसीय आयोजन किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान(पानीपत) ने बताया 17 नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा टीम का मैनेजर सत्यवीर धनखड़ फरीदाबाद और टीम कोच ऋषि कुमार करनाल को बनाया गया और हरियाणा से 42 लड़के और 33 लड़कियों सहित कुल 75 एथलीट खिलाड़ियों का दल एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार भाग लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ( पानीपत ) ने बताया कि प्रतियोगिता में दीपिका फतेहाबाद ने 51 मीटर 84 सैंटीमीटर की जेवेलिन थ्रो कर नया नेशनल रिकार्ड बना यूथ एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। अतुल चरखी दादरी ने डिस्कस थ्रो में 57 मीटर 44 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीत क्वालीफाई किया। आर्यन कुमार पानीपत ने 56 मीटर 10 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक विजेता बन क्वालीफाई किया। सुनील कुमार ने 800 मीटर दौड़ में 1 मिनट 56 सेकेण्ड और 18 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीत क्वालीफाई किया। वंशिका घनघस भिवानी ने पोलवाल्ट में 3 मीटर 56 सैंटीमीटर की ऊंची छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीत नया नेशनल रिकार्ड बनाकर भारतीय यूथ टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की।



मोहम्मद अता फरीदाबाद ने लांग जंप में 7 मीटर 32 सैंटीमीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता और एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

## रोज आ रहे अल्जाइमर के मरीज : डॉ. रहमान

**फरीदाबाद।** विश्व अल्जाइमर दिवस हर साल 21 सितम्बर को मनाया जाता है। मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नजीब उर रहमान ने कहा कि ओपीडी में महीने में 4-5 मरीज अल्जाइमर रोग के आते हैं।





यह रोग आमतौर पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को होता है। उम्र के साथ-साथ हमारे शरीर के सभी अंगों की कार्यक्षमता में कमी आने लगती है। इन अंगों में ब्रेन भी शामिल है। ब्रेन धीरे-धीरे सिकुड़ने लगता है। ब्रेन के न्यूरॉन्स (तंत्रिका कोशिका) की संख्या धीरे-धीरे कम होने लगती है। साथ ही इन कोशिकाओं की गुणवत्ता भी खराब होने लगती है। ब्रेन के अंदर कोशिकाओं के एक बार नष्ट होने के बाद दूसरे सेल्स बनने की शक्ति नहीं होती है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे-शुगर की बीमारी, बीपी की समस्या, बढ़ती उम्र, शराब का अत्यधिक सेवन आदि। अल्जाइमर होने पर व्यक्ति हाथ-पैरों से चलता-फिरता है लेकिन उसका दिमाग कमजोर रह सकता है, याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है, आमतौर पर शुरुआत में वह छोटी-छोटी चीजों को भूलने लगता है जैसे-सुबह के समय क्या खाना खाया, खाना खाया भी था या नहीं, लोगों को पहचानने में दिक्कत आती है। ब्रेन की एक्टिविटी ठीक रखने के लिए मरीज को दवाइयां दी जाती हैं। ब्रेन में ऑक्सीजन और खून की अच्छी सप्लाई के लिए एंटीऑक्सीडेंट भी दिए जाते हैं। देखभाल करने वाले व्यक्ति को मरीज के साथ बहस न करने की सलाह दी जाती है। ऐसे मरीज की गलतियों पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए। यहां मरीज की देखभाल करने वाले व्यक्ति की भूमिका बहुत अहम होती है। मरीज को घुमाना व व्यायाम कराना चाहिए। मरीज की साफ-सफाई का भी खास ख्याल रखना चाहिए।

## भारत के कागज उद्योग में तेज विकास की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** का कागज उद्योग अन्य देशों की तुलना में सबसे तेजी से विकास कर रहा है और आने वाले वर्षों में इस विकास के क्रम को और आगे बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं हैं, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल का सामना करने की दृष्टि से बहुत अच्छी स्थिति में है। नई दिल्ली में चल रहे 16वें पेपरटेक 2022 को संबोधित करते हुए इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इप्मा) के प्रेसिडेंट श्री एएस मेहता ने यह बात कही।

कोविड महामारी के कारण कागज की खपत में गिरावट आई थी। अब उन दिक्कतों से उबरते हुए चालू वित्त वर्ष में मांग सुधरी है और यह महामारी से पहले के स्तर को पार कर गई है। बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ विकास की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए कागज उद्योग में सालाना 6 से 8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। पेपर उद्योग को विश्व स्तरीय बनाने के विषय पर आयोजित पेपरटेक, कंपनियों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं और टेक्नोलॉजी को साझा करते हुए उद्योग को ऊर्जा एवं पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर करने की दिशा में काम कर रहा है।





एएस मेहता ने कहा कि उद्योग को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कच्चा माल आवश्यक है। वर्तमान में भारत में लकड़ी की खरीद की लागत 100 डॉलर प्रति टन से ऊपर है, जबकि अन्य प्रतिस्पर्धी देशों में, जहां उन्नत कागज निर्माण होता है, यह 60 डॉलर प्रति टन है। विश्वस्तरीय बनने के लिए प्रतिस्पर्धी होना आवश्यक है और इसके लिए कच्चे माल की आपूर्ति मजबूत करने की जरूरत है। पांच लाख से अधिक किसानों के सहयोग से उद्योग द्वारा संचालित कृषि वानिकी को और बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे पल्पवुड को लेकर उद्योग की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। लकड़ी आधारित पेपर मिलों के प्रयासों से अब तक देशभर में 12 लाख हेक्टेयर भूमि को कृषि वानिकी के तहत लाया गया है, जिससे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय लाभ और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

मेहता ने कागज उद्योग की ही तरह सभी लकड़ी आधारित उद्योगों को कृषि वानिकी के तहत वृक्षारोपण बढ़ाने की अपील की, ताकि कच्चे माल की सोर्सिंग में भारत को सही मायने में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। एक अन्य क्षेत्र में श्री मेहता ने कागज उद्योग को विश्वस्तरीय बनाने पर जोर दिया, वह है उद्योग से जुड़ी धारणाओं को बदलना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय एवं जिम्मेदार मैन्युफैक्चरिंग उद्योग के रूप में बेहतर प्रतिभाओं को आकर्षित करना। श्री मेहता ने कहा कि कागज के बारे में गलत धारणाओं को एक मिशन मोड में बदलने की जरूरत है क्योंकि कागज एक पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 21 सितम्बर, 2022



# विश्वविद्यालय प्रकरण
## ग़ैर जिम्मेदार 'आप'

**मोहाली** स्थित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पैदा बेचैनी में आप नेताओं के गैर-जिम्मेदार बयानों की भी भूमिका है। जब राजनीति 'तलवार भांजने' के स्तर पर पहुंच गई हो तब नेता स्वयं को सुस्त या सतही नहीं दिखाना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी-आप के सर्वोच्च नेता भी इसका अपवाद नहीं हैं। इस प्रकार जब मोहाली स्थित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में सेक्स-वीडियो स्कैंडल की खबरें आईं या इसके बारे में अफवाहें फैलीं तो वे मामले में फौरन कूद पड़े। लेकिन 'वाइल्ड वेस्ट' में जो जीवन बचाने का कौशल हो सकता है वह लोकतांत्रिक राजनीति में मुश्किल बन सकता है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में यही प्रदर्शनों व व्यवधान का प्रमुख कारण लगता है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों व पुलिस के अनुसार एक छात्रा ने अपना वीडियो अपने 23 साल के ब्वायफ्रेंड से साझा किया था। शायद यह वीडियो लीक हो गया जिससे अन्य लड़कियों के 'आपत्तिजनक' वीडियो की तथा आत्महत्या के एक प्रयास की अफवाहें फैलने लगीं। इस प्रकरण से छात्रायें इतनी डर गई थीं कि वे विश्वविद्यालय परिसर के वाशरूम प्रयोग करने से डरने लगीं। इन अफवाहों व भय की भावना को आप नेताओं की 'डायलागबाजी' ने और हवा दी। रविवार को सवेरे 10.18 पर आप सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'अनेक छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो' के बारे में ट्वीट किया और यह फौरन वाइरल हो गया। उन्होंने वादा किया कि दोषियों को 'कठोरतम दंड' दिलाया जाएगा। इसके चौदह मिनट बाद आप सांसद तथा पंजाब सरकार सलाहकार समिति के अध्यक्ष राघव चड्ढा ने



ट्वीट किया कि 'पंजाब सरकार अपराधियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।' 11.59 बजे सवेरे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जर्मनी से ट्वीट किया, 'हमारी बेटियां हमारा गौरव हैं, घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दे दिया है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।'

जहां तक पंजाब का संबंध है, ये तीनों शायद इसी क्रम में सर्वाधिक शक्तिशाली व्यक्ति हैं। ऐसा लगता है कि वे अपुष्ट खबरों या सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर प्रतिक्रिया कर रहे थे और उन्होंने इस बात की चिन्ता नहीं की कि इस बारे में राज्य के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की जाए। जब केजरीवाल जैसा महत्वपूर्ण व्यक्ति 'अनेक लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो' की बात करे तो इसकी आधिकारिकता पर कौन संदेह कर सकता है, जबकि अब यह निराधार अफवाहें लग रही हैं। छात्राओं ने आरोप लगाए कि उनके हास्टल में रहने वाली एक छात्रा ने अपनी सहयोगियों के 60 वीडियो अपने ब्वायफ्रेंड को भेजे। यह भी आरोप था कि इनमें से कुछ वीडियो सोशल मीडिया और अश्लील वेबसाइटों पर अपलोड कर दिए गए हैं। पुलिस ने इन सभी बातों से इनकार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नवनीत सिंह विर्क ने एक खबरिया चैनल को बताया कि पुलिस को लड़की के फोन पर केवल चार वीडियो मिले हैं जो सब उसके अपने थे। इसके साथ ही उसने ये वीडियो अपने ब्वायफ्रेंड के सिवा किसी और को नहीं भेजे थे। पुलिस तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक अरविंदर कांग ने स्पष्ट किया है कि आत्महत्या का कोई प्रयास नहीं हुआ था। इस बीच पंजाब पुलिस ने तीन सदस्यों वाली जांच समिति मामले की जांच के लिए गठित की है जिसमें सभी महिलायें हैं। इस प्रकरण से न केवल आप, बल्कि सारे राजनेता वर्ग को सबक लेना चाहिए कि बयान देने के पहले तथ्यों की जांच कर लें।

# रक्षा बलों हेतु मोदी के दूरगामी निर्णय

अनेक साहसी निर्णयों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा बलों के पक्ष में लहर पैदा कर दी है और वे अतीत की बाधाओं से मुक्ति पा सकते हैं।



**अनिल गुप्ता**
(लेखक, रणनीतिक विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के पहले स्वतंत्रता के पश्चात पैदा हुए प्रधानमंत्री हैं। 2014 में सरकार का पदभार संभालने के बाद से ही वे पूरे जोश से 'मिशन मोड' में काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनसे भारत का राजनीतिक, आर्थिक व सैनिक परिदृश्य बदल गया है। भारत को पहले वैश्विक स्तर पर एक कमजोर देश के रूप में देखा जाता था जिसका कारण उसकी क्षमतायें व संभावनायें न हो कर मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था। अक्सर विश्व मंचों पर भारत की आवाज अनसुनी कर दी जाती थी, जबकि आंतरिक दृष्टिकोण से देखें तो हमारे यहां रिमोट कंट्रोल से संचालित सरकार थी। 2013 में पूरे देश ने आश्चर्यजनक रूप से एक अशालीन प्रकरण देखा जब गुस्सा राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार द्वारा लाया गया अध्यादेश फाड़ डाला। राहुल गांधी उस समय सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी नहीं थे। संप्रग सरकार सर्वोच्च स्तर पर भयानक भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी थी और प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों पर लगाम लगाने की स्थिति में नहीं थे। इस प्रकार यह सरकार 'निर्णय विकलांगता' की बीमारी से ग्रस्त थी। इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पड़ा और भारत की वैश्विक छवि को भारी नुकसान हुआ।

लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालते ही वैश्विक स्तर पर चीजें बदलने लगीं। आज भारत 'विश्व गुरु' का अपना दर्जा प्राप्त कर चुका है और सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसकी राय न केवल सुनी जाती है, बल्कि उसका सम्मान भी किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता तथा सर्वोच्चता में दृढ़ विश्वास है। उनका इस तथ्य में भी दृढ़ विश्वास है कि कोई भी देश मजबूत व सक्षम सशस्त्र बलों के बिना विश्व शक्ति बनने की इच्छा नहीं कर सकता है। 2014 में उनको विरासत में जो सशस्त्र बल मिले वे 'खोखलेपन' की स्थिति से ग्रस्त थे। सशस्त्र बलों के पास उपलब्ध उपकरण न केवल बहुत कम थे, बल्कि वे बहुत पुराने पड़ चुके थे। सशस्त्र बल लगातार आधुनिकीकरण की मांग कर रहे थे, पर संप्रग सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। तत्कालीन सरकार द्वारा हस्ताक्षरित अनेक रक्षा समझौते भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे थे जिससे आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक किसी नए समझौते पर लगाम लगा दी थी। एक चरण पर तत्कालीन रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी ने पैसों की कमी की घोषणा कर दी थी और यह भी एक बड़ी बाधा थी। मोदी समझते थे कि सशस्त्र बलों के लिए भारी आयात बजट बनाए रखना संभव नहीं होगा। प्रधानमंत्री के रूप में पद संभालने के समय मोदी का भारतीय सशस्त्र बलों के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण था। सरल भाषा में कहें तो वे भारतीय सशस्त्र बलों को केवल एक 'बल' के बजाय अपनी औपनिवेशिक सोच छोड़ कर सैनिक 'शक्ति' में बदलना चाहते थे। वे जानते थे कि सशस्त्र बलों की गहराई तक जड़ें जमाए परंपराओं व रूढ़ियों की सोच को बदलना आसान काम नहीं है। उनका दृष्टिकोण न केवल 'स्वदेशीकरण', बल्कि 'भारतीयकरण' भी था। इसलिए उन्होंने बहुत सावधानी से आगे बढ़ने का रास्ता चुना।

सरकार द्वारा 'अग्निपथ' से लेकर 'आईएनएस विक्रांत' तक लिए अनेक निर्णय मोदी के सैनिक दृष्टिकोण की निरंतरता के अनुरूप थे। 2014 में संयुक्त कमांडर सम्मेलन को अपने पहले संबोधन में उन्होंने कहा था, 'दुनिया भारत की ओर बढ़ी हुई दिलचस्पी के साथ देख रही थी तथा भारत के प्रति विश्वास व उत्साह उम्मीदों की मूल भावना थी। भारत से न केवल विश्व अर्थव्यवस्था के एक ध्रुव, बल्कि वैश्विक व क्षेत्रीय सुरक्षा के ध्रुव के रूप में विकसित होने की उम्मीद थी।' भावी खतरों की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था, 'खतरे भले ही ज्ञात हो सकते हैं, पर दुश्मन अदृश्य हो सकता है। साइबरस्पेस में प्रभुत्व लगातार महत्वपूर्ण होता जा रहा है क्योंकि इस पर नियंत्रण भूमि, समुद्र व हवा में नियंत्रण जितना ही महत्वपूर्ण है।' उन्होंने सशस्त्र बलों के एकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं में सुधार, घरेलू विकास व रक्षा उपकरणों के उत्पादन, दीर्घकालीन जोखिम आंकलन तथा 'डिजिटल सशस्त्र बलों' के बारे में बात की। वे सशस्त्र बलों को बदलना चाहते थे। धीरे-धीरे प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण व्यावहारिक रूप लेने लगा।

राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद, नई रक्षा खरीद नीति की घोषणा, तीनों बलों के उप प्रमुखों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाना, रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत सैनिक मामलों के नए विभाग का गठन, भारत सरकार के सचिव की शक्तियों के साथ चीफ आफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति, सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण व 'थियेटराइजेशन' की अनुमति कुछ उल्लेखनीय व स्वागत योग्य निर्णय हैं। एलओसी पर सीमापार कार्रवाई तथा दुश्मन के क्षेत्र में दूर तक घुस कर एयर स्ट्राइक ने मोदी सरकार के अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों के विश्वास व बढ़ती शक्ति को प्रतीकात्मक रूप से पेश किया। 'आत्मनिर्भर भारत' व रक्षा बलों की आत्मनिर्भरता मोदी सरकार की एक और पहल तथा मोदी सरकार के सैनिक दृष्टिकोण का हिस्सा है। रक्षा कारीडोर का निर्माण, कुछ सैनिक उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध, 108 सैनिक उपकरणों का स्वदेश में उत्पादन तथा ब्रह्मोस समेत अनेक सैनिक उपकरणों का निर्यात मोदी सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कुछ बड़े कदम हैं। स्वदेशी उपकरणों की खरीद सूची में सेंसर, साइम्यूलेटर, सोनार, राडार, अनेक प्रकार के हथियार, हेलीकाप्टर, अगले पीढ़ी के कार्वेट, अवाक्स, टैंक इंजन, लड़ाकू वाहन, चौथी पीढ़ी की टैंक-रोधी मिसाइल प्रणालियां, सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणालियां, तोपें तथा सेल्फ-प्रोपेल्ड तोपें शामिल हैं।

गुजरात के केवडिया में 2021 को कमांडरों के संयुक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने अपने सैनिक दृष्टिकोण के प्रमुख आयाम सामने रखे। यह सम्मेलन इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था कि इसमें पहली बार जूनियर व गैर-कमीशंड अधिकारियों को शामिल किया गया था। लेकिन इसमें शामिल होने वालों को खास मकसद से चुना गया था। मोदी अपना दृष्टिकोण सीधे जमीनी स्तर तक पहुंचाना चाहते थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्थाओं के स्वदेशीकरण पर जोर दिया जो केवल उपकरणों व अन्य सैनिक सामग्री तक सीमित न होकर सशस्त्र बलों में व्याप्त सिद्धान्तों, प्रक्रियाओं तथा परंपराओं को भी समाहित करता था। मोदी ने बहुत सावधानी से चुने स्रोताओं के समक्ष 'भारतीयकरण' के अपने दृष्टिकोण का खुलासा किया। उन्होंने अपने दिल के सबसे निकट भावना का खुलासा किया जो भारत को एक 'बल' के बजाय 'शक्ति' में बदलने के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे में श्रमशक्ति नियोजन को अधिकतम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सेनाओं को सलाह दी कि वे उन विरासती व्यवस्थाओं व व्यवहारों से मुक्ति पाएं जो अपनी उपयोगिता व प्रासांगिकता खो चुकी हैं। दुनिया भर में कोई भी ऐसा स्वाभिमानी देश अपने को विश्व शक्ति होने का दावा नहीं कर सकता है जो औपनिवेशिक बोझ ढो रहा हो। सशस्त्र बलों ने इस प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

हालांकि, बहुत से लोग व खासकर सरकार के हर काम में खोट निकालने वाली विपक्षी पार्टियां सरकार के इस इरादे पर सवाल उठा रही हैं और वे इसे सशस्त्र बलों के 'भगवाकरण' का नाम दे रही हैं। मेरे विचार से ऐसी टिप्पणियां संकुचित दृष्टिकोण का नतीजा है। वे चुनावी लाभों व तुष्टीकरण के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर राजनीति करने का प्रयास कर रही हैं।

मोदी का सैनिक दृष्टिकोण विस्तार ले रहा है। प्रधानमंत्री ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है। इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने सशस्त्र बलों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा था, '75 साल के बाद पहली बार भारत-निर्मित तोप ने तिरंगे झंडे को सलामी दी है। क्या कोई ऐसा भारतीय है जो उसकी आवाज से प्रेरित न हुआ हो?' उन्होंने सेनाओं को सलाम किया व उनकी प्रशंसा की कि उन्होंने स्वेच्छा से आत्मनिर्भर भारत मिशन को अंगीकार किया है। 2 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सैनिक दृष्टिकोण के दो स्तंभों-स्वदेशीकरण और भारतीयकरण का क्रियान्वयन देखा। उन्होंने पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रान्त को नौसेना में शामिल किया तथा लाल रंग वाले सेंट जार्ज क्रास की औपनिवेशिक विरासत वाले झंडे को छोड़ कर नौसेना के नए ध्वज व प्रतीक का अनावरण किया।

# अनिश्चित रोजगार से बिगड़ता मानसिक संतुलन

"एसोचैम के अनुसार, भारत में निजी क्षेत्र के लगभग 43 प्रतिशत कर्मचारी काम पर मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से पीड़ित हैं।"

**देबास्मिता सिन्हा**
(लेखिका एक मनोवैज्ञानिक हैं)



एक 27 वर्षीय व्यक्ति नौकरी से निकाल दिया गया, यूपीएससी की तैयारी के लिए घर वापस चला गया ताकि वह उस परीक्षा में एक अच्छा शॉट दे सके जो वह हमेशा से लेना चाहता था। 32 साल की एक महिला ने खुद से कहा कि अब उसे अपने बच्चे के साथ ज्यादा वक्त मिलेगा। एक 40 वर्षीय अविवाहित व्यक्ति अपनी रॉयल एनफील्ड को बाहर निकालने का फैसला करता है और देश भर में एक यात्रा के लिए सड़क पर उतरता है।

अपने तीसवें दशक के उत्तरार्ध में एक और एकल मां अपने माता-पिता के करीब जाती है और रात की पाली में नौकरी करती है जो उसे कम भुगतान करती है। एक 49 वर्षीय व्यक्ति, कॉलेज में बच्चों के साथ, टूट जाता है, क्योंकि वह जानता है कि उसकी दूसरी नौकरी पाने की संभावनाएं धूमिल हैं। उसके खर्चे ज्यादा हैं।

जबकि 2020 में कोविड -19 की पहली लहर के बाद से लगातार छंटनी हो रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी चिंता और अनिश्चितता पैदा हो रही है, इस साल बड़े पैमाने पर छंटनी अप्रत्याशित और पहले की तुलना में बहुत अधिक विनाशकारी थी। यह कई ट्रिगर्स द्वारा संचालित था, जिसमें युद्ध द्वारा लाया गया एक अस्थिर अंतर्राष्ट्रीय वातावरण, फंडिंग की कमी, कंपनियों का पुनर्गठन और आधुनिकीकरण शामिल है, जो कि बचाए रहने के लिए लागत में कटौती करने की कोशिश कर रहे हैं, और एक समग्र धीमी अर्थव्यवस्था। और इसने विश्व स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को प्रभावित किया है!

एक सर्वेक्षण से पता चला था कि 36 प्रतिशत भारतीय कर्मचारी मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से पीड़ित हैं और 50 प्रतिशत कोविड -19 महामारी के कारण अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इसके अतिरिक्त, एसोचैम के अनुसार, भारत में निजी क्षेत्र के लगभग 43 प्रतिशत कर्मचारी काम पर मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से पीड़ित हैं। साथ ही, भारत में 57 मिलियन लोग - विश्व की आबादी का 18 प्रतिशत - अवसाद से प्रभावित हैं, इस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य संकट पर तत्काल पुनः विचार करने की आवश्यकता है। संकट को दूर करने के लिए पहला कदम विभिन्न कर्मचारियों के लिए प्रक्रिया और आघात के तत्काल प्रभाव को समझना है। जब खबर चलती है, तो आमतौर पर बाढ़ आती है। संगठन सामूहिक सदमे में है। जिन लोगों को रखा गया है और जिन्हें निकाल दिया गया है, वे सभी विश्वासघात और क्रोध की भावना महसूस करते हैं। विशेष रूप से छोटे संगठनों और स्टार्ट-अप में, इसके एक समुदाय होने का आख्यान, मूल्यों और उद्देश्य के साथ संरेखित करना, और अनौपचारिक संबंध, सदमे और विश्वासघात की इस भावना को और बढ़ाता है। किसी की उम्र, लिंग, देनदारियों और वित्तीय स्थिति के आधार पर, बंद किए जाने के शुरुआती झटके से परे, धीरे-धीरे लचीलापन और हलचल भागफल की भावना स्थापित होती है। नौकरी से निकाले जाने वालों में से छोटे आमतौर पर पीछे हटते दिखते हैं और शुरुआती झटके के बाद अधिक आशान्वित महसूस करते हैं। वे अपस्किलिंग, करियर ट्रैक बदलने आदि पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वृद्ध लोग अपने अनुभव का लाभ उठाने की आशा के साथ अधिक आत्मनिर्भर या परामर्श संबंधी अवसरों की तलाश करने का प्रयास करते हैं। हालांकि, वे वित्तीय तनाव महसूस करते हैं, अक्सर माता-पिता से समर्थन लेना पड़ता है, अपने गृह नगर में वापस जाना अक्सर शर्म या परेशानी का कारण बनता है। जीवन, संबंधों में व्यवधान, तनाव और अनिश्चितता का कारण बनता है। पुराने पेशेवरों के लिए, अधिक आश्रितों के साथ, उम्मीद की भावना आसानी से नहीं आ सकती है। और जो लोग पहले से ही चिंता या किसी अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रहे हैं, उनके लिए यह उनकी स्थिति को खराब कर सकता है।

अक्सर कम बचत और बढ़ती देनदारियों वाले 30 के दशक में लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। उनके पास भुगतान करने के लिए ईएमआई, स्कूल फीस आदि है। नौकरी छूटने का प्रभाव पूरे परिवार, बच्चों को प्रभावित करता है, जिससे चिंता, अनिश्चितता, अपराधबोध, हताशा और निराशा की जबरदस्त भावना पैदा होती है।

40 या 50 के दशक के अंत से अधिक उम्र के लोगों को नौकरी से निकाले जाने पर निराशा में छोड़ दिया जाता है। यह उनकी तत्काल वित्तीय स्थिति को प्रभावित करता है, लेकिन उनकी सेवानिवृत्ति योजनाओं, बच्चों की उच्च शिक्षा को भी प्रभावित करता है। आर्थिक मंदी और काम पर रखने के रुझान को देखते हुए, उनके पास फिर से रोजगार पाने की कोई उम्मीद नहीं बची है। यह उनकी भलाई, स्वास्थ्य, नींद और मनोदशा को प्रभावित कर सकता है। जिन लोगों को रखा गया है वे भय और अनिश्चितता की स्थिति से काम करना जारी रखते हैं।

हाल के यूनिकॉर्न और अच्छी तरह से वित्त पोषित स्टार्ट-अप का आकार कम हो गया है, जिससे संगठन में अविश्वास और विघटन हुआ है। इसके अतिरिक्त, कुछ कर्मचारियों के लिए जिन्हें बनाए रखा गया है, बढ़े हुए वर्कफ़्लो में एकांत खोजने का प्रयास करें जो अनिश्चितता और उच्च उत्पादकता के डर को दूर करने में मदद करता है। कुछ लोग वंचित महसूस करते हैं और उनकी उत्पादकता समय के साथ कम हो जाती है।

संगठन लोगों के दोनों समूहों का समर्थन कर सकते हैं, जो हट गए या बनाए रखे गए, आवश्यक पेशेवर सहायता और समर्थन प्रदान करके, उस अवधि को संप्रेषित करें जिसके लिए सहायता उपलब्ध होगी, विशेष रूप से निवर्तमान लोगों के लिए, जिन लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है, उन्हें अपना गुस्सा व्यक्त करने और परिवर्तन को संसाधित करने देने के लिए विशेषज्ञों द्वारा सुगम बातचीत का आयोजन करें, रेफरल, विच्छेद पैकेज, विस्तारित बीमा और अन्य संभावित लाभों के साथ उनका समर्थन करें, नेताओं, प्रबंधन, दिखाने के लिए और अपना निर्णय लेने के लिए; वास्तविक सहानुभूति प्रदर्शित करें, स्पष्ट कैलेंडर, आसानी से पहुंच में रहें, और सुनने के लिए तैयार रहें, परिवर्तन के प्रभाव और जोखिम का आकलन करें जो पदों पर कायम रखे गए लोगों के साथ जुड़ा होता है।

## आप की बात

### सराहनीय उदाहरण

**आज** डॉक्टरों की लापरवाही के कई किस्से मशहूर हैं। अक्सर देखा जाता है डॉक्टर अस्पताल में समय पर नहीं पहुंच रहा हैं। वह समय पर ऑपरेशन नहीं कर रहा है। कई जगह लाइट नहीं होती है तो वह फिर लापरवाह हो जाता है। ऐसे में अक्सर कई डॉक्टर अपने कर्तव्य से लापरवाही कर अपना मुंह छुपाते हैं, अस्पताल में भी कई तरह से मरीजों को परेशान करने की बातें भी डॉक्टरों द्वारा देखी जाती है। इमानदारी से अपना काम करना उन्हें कभी कोई क्यों नहीं सिखा पाता है। मगर कुछ डाक्टर ऐसे में अपवाद बनकर बिना नागा अपना कर्तव्य निभाते हीरे की तरह चमक कर हीरो बन जाते हैं। कर्नाटक बेंगलुरु में एक डॉक्टर ने ऑपरेशन की खातिर भारी ट्राफक में अपनी गाड़ी फस जाने पर गाड़ी से उतारकर अस्पताल के लिए केवल इसलिए 3 किलोमीटर की दौड़ लगा दी क्योंकि उन्हें अस्पताल में जाकर तुरंत एक मरीज का ऑपरेशन करना था एक डॉक्टर द्वारा अपने मरीज के लिए इस तरह का परिश्रम आदरणीय ही कहलाएगा। हम डॉक्टर गोविंद की परिश्रमी ईमानदारी को दिल से सलाम करते हैं, जिन्होंने अपने मरीज के लिए इसलिए दौड़ लगा दी क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि मरीज को मेरे कारण कोई तकलीफ ना हो।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### चीतों का आगमन

**भारत** में नामीबिया से 8 चीतों को मंगाकर उन्हें मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पीएम मोदी ने अपने जन्मदिन के दिन छोड़ा। 1952 में भारत से चीते विलुप्तघोषित किये गए थे। हमारे देश मे चीते थे, जिनके संरक्षण की ओर ध्यान न देकर इनका शिकार किया गया। 1947 में देश में बचे तीन चीतों काशिकार कर भारत से चीता युग समाप्त कर दिया गया। 70 वर्ष बाद पुनः चीतों को आयात कर देश मे बसाने के लिये सरकार ने जैव विविधता के संरक्षण की ओर कदम बढ़ाया। इस अवसर पर पीम मोदी ने कहा कि प्रकृति, पर्यावरण, पशु और पक्षी भारत के लिये निरंतरता और सुरक्षा के विषय नही है बल्कि संवेदनशीलता और आध्यात्मिकता का आधार है। पर्यावरण की रक्षा के साथ ही देश की प्रगति हो सकती है। जैव विविधता के संरक्षण की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है। आज समय की मांग है हम वन्य जीवों के संरक्षण की ओर सक्रियता और सजगता दिखाने की जरूरत है। जिससे हमारे वन और राष्ट्रीय उद्यान संरक्षित रहे। सरकार और समाज को वन्य जीवजन्तुओ के संरक्षण के लिये आगे आना चाहिये। उन शिकारियों और वन्य जीवजन्तुओं के तस्करों के खिलाफ सख्त नजर रखने की जरूरत है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### पालतू कुत्ते बने मुसीबत

**हाल** ही के दिनों में पालतू कुत्तों के द्वारा लोगों को काटे जाने के मामले सुर्खियों में हैं। एक सोसाइटी के लिफ्ट के अंदर एक डरे सहमे बालक को एक महिला के कुत्ते के द्वारा काटे जाने एवं महिला की असंवेदनशीलता ने मेरे मन को झकझोर के रख दिया। कुत्तों को पालने वाले को को अवश्य ही नियम कायदे कानून का पालन करना चाहिए। स्थानीय नगर निगम को भी निगरानी समितियों का गठन कर समय-समय पर लाइसेंस एवं टीकाकरण एवं रखरखाव की जांच करनी चाहिए। संबंधित सोसायटी इस दिशा में दिशा निर्देश जारी करे और इन दिशा निर्देश का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। महानगरों में यह समस्या बड़ी बनती जा रही है और लड़ाई झगड़ों का एक प्रमुख कारण बन गई है। यह भी देखा गया है गैर सरकारी संस्थाये के द्वारा सोसाइटीज के अंदर कुत्तों को खाना खिलाया जाता है लेकिन किसी अन्य व्यवस्था में इनकी भागीदारी नहीं होती है इसलिए आवश्यक है कि गैर सरकारी संस्थाओं को आगे आकर कुत्ते के टीकाकरण एवम बंध्याकरण की भी जिम्मेदारी लेनी होगी।

- **वींरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**दुर्भाग्यपूर्ण** है कि 1952 में हमने चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया, पर दशकों तक उनको वापस लाने के सार्थक प्रयास नहीं हुए।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**आठ** चीते आ गए, अच्छी बात है। लेकिन यह बतायें कि आठ साल में 16 करोड़ रोजगार क्यों नहीं आए जिनका वादा किया गया था?

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता





**दुर्भाग्यपूर्ण** है कि इतने साल तक तेलंगाना में हैदराबाद मुक्ति दिवस आधिकारिक रूप से नहीं मनाया गया।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# सपा सदस्य वेल में धरने पर बैठे, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## पैदल मार्च रोकने वाले पुलिस अफसरों को सदन में बुलाकर कार्रवाई किए जाने की कर रहे थे मांग

● संसदीय कार्यमंत्री ने सपा सदस्यों की मांग को किया खारिज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने सोमवार को सपा सदस्यों को सदन की कार्यवाही में आने के दौरान पुलिस द्वारा रोके जाने का विशेषाधिकार हनन का मामला उठाते हुए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को सदन में बुलाकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था पीयूष मोर्डिया को सदन में बुलाया जाए। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उनकी इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने से किसी को नहीं रोका गया। समाजवादी पार्टी के तीन विधायक सोमवार को सदन में शामिल हुए थे उन्हें किसी ने नही रोका। इसलिए यह विशेषाधिकार का मामला नहीं बनता है। उनके इतना कहते ही सदन के सारे

सदस्य उत्तेजित होकर वेल में आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना देकर बैठ गए। शोरशराबे और हंगामें के बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एजेंडे के अनुसार सदन की कार्यवाही निष्पादित की। उसके बाद सदन की कार्यवाही कल बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।







विधानसभा सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते सीएम योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना (बांए), विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना (ऊपर) व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य विधायकगण (नीचे)

## विधान परिषद की कार्यवाही

# विशेषाधिकार हनन व पुलिस हिरासत में मौत के मामले पर सपा ने किया वाकऑउट

● केशव मौर्य बोले, सुरक्षित क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन करके हिंसात्मक घटनाएं करने का प्रयास किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानपरिषद में मंगलवार को सपा सदस्यों ने विशेषाधिकार हनन और गोंडा जिले में पुलिस हिरासत में पिछले दिनों एक संविदा बिजलीकर्मी की मौत से जुड़ी सूचनाओं पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया। सपा के लाल बिहारी यादव ने सोमवार को विधानपरिषद के सदस्यों को विक्रमादित्य मार्ग पर समाजवादी पार्टी कार्यालय के निकट पुलिस बलों द्वारा सदन में भाग लेने से रोके जाने पर नियम-223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को सपा सदस्यों ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए पैदल विधानभवन जाने का निर्णय लिया, इस पर सरकार की पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि जैसे यहां वाघा सीमा है और पाकिस्तान और हिंदुस्तान के बीच संघर्ष होने वाला है। उनके अनुसार ऐसे हालात में सपा सदस्य बहुत मुश्किलों से सदन पहुंचे। उनका कहना था कि यह उनके विशेषाधिकार का हनन है, लिहाजा इस पर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सदन के नेता केशव प्रसाद मौर्य ने सपा सदस्य के आरोपों को नकारते हुए उल्टा इल्जाम लगाया कि सपा सदस्य कल सदन में नहीं आना चाहते थे और रास्ते में अवरोध खड़ा कर जनता की परेशानी को बढ़ाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन करके हिंसात्मक घटनाएं करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की कभी यह मंशा नहीं रही कि किसी सदस्य के विशेषाधिकार का हनन हो। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि जब सपा विधायक और विधानपरिषद सदस्य अपने कार्यालय से निकले तो उनके बीच अन्य लोग भी शामिल हो गए जिससे आम जनता के साथ साथ सदन के एक सदस्य को भी आने में परेशानी हुई। सरकार के इस उत्तर से असंतुष्ट होकर सपा के सभी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। शून्य काल के दौरान ही सपा सदस्यों लाल बिहारी यादव, आशुतोष सिन्हा और मान सिंह यादव ने कार्य स्थगन प्रस्ताव के जरिए गोंडा जिले के नवाबगंज थाने में पिछली 14 सितंबर को पुलिस हिरासत में एक संविदा बिजली कर्मी की मौत का मामला उठाते हुए सदन का बाकी काम रोक कर इस पर चर्चा कराने की मांग की। सपा सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य, मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा और लाल बिहारी यादव में सूचना की ग्राह्यता पर बल देते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौर्य ने सरकार का पक्ष रखते हुए बताया कि इस मामले में थानाध्यक्ष समेत 10 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। मौर्य ने वर्ष 2012 से 2017 के बीच रही समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान गुंडाराज को प्रश्रय देने का आरोप लगाया और कहा कि आज बड़े-बड़े अपराधी और माफिया गले में तख्ती डालकर थाने में आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2016 में सपा के कार्यकाल और कानून-व्यवस्था से जुड़े इस साल के आंकड़ों की तुलना की। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कार्यस्थगन की सूचना को नामंजूर करते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार के पास भेजने के निर्देश दिए।

# अगर कोई अपराध करेगा तो उस पर कार्रवाई जरूर होगी: सुरेश खन्ना

● प्रदेश सरकार का अपराधों में भारी कमी का दावा, सपा ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर अपनी पीठ थपथपाते हुए कहा कि 2007 से 2017 तक (बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी) की सरकारों के सापेक्ष विगत पांच वर्ष छह माह में प्रदेश में लूट, डकैती एवं हत्या आदि की घटनाओं में भारी कमी आई है। मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सरकार पर आरोप लगाया। मंगलवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सपा सदस्यों और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। अखिलेश ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रतापगढ़ में एक सपा कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखा दिया तो उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर यह दर्शा दिया कि उसके पास बम है। उन्होंने कहा कि नेता सदन को बड़े दिल वाला होना चाहिए।

अखिलेश ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तो गाजीपुर से एक आदमी ने मुझे फोन किया और कहा कि जान से मार दूंगा तो मैंने बुलाकर पूछा कि क्यों जान लेना चाहते हो, तो उसने अपने गांव की समस्या बताई। मैंने उन समस्याओं को हल करा दिया। मुझे भी कई बार काला झंडा दिखाया गया लेकिन मैंने तो कोई कार्वाई नहीं की। नेता प्रतिपक्ष ने पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों का जिक्र करते हुए भी सरकार पर आरोप लगाए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार अपराधियों के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपना रही है और चाहे कोई व्यक्ति किसी स्तर का हो, अगर अपराध करेगा तो उस पर कार्वाई जरूर होगी। इससे पहले प्रश्न काल के दौरान सपा के महेंद्र नाथ यादव और अतुल प्रधान समेत कई सदस्यों ने मुख्यमंत्री से प्रश्न किया कि लूट, डकैती एवं हत्या की रोकथाम के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। प्रधान ने यह भी कहा कि आजकल पुलिस घर गिराने से लेकर कई कार्यों में लगी है, इसलिए मामलों की विवेचना ठीक से नहीं हो पा रही है, क्या सरकार इसके लिए अलग से पुलिस टीम का गठन करेगी। श्री खन्ना ने मुख्यमंत्री की ओर से जवाब देते हुए कहा कि विवेचना के लिए अलग टीम के गठन का सुझाव अच्छा है लेकिन पुलिस बहुत बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था का प्रभाव ठीक है और विवेचना समय से की गई तभी सजा दिलाने में सफलता मिली है। श्री खन्ना ने कहा कि पिछली 2007 से 2017 तक की सरकारों के सापेक्ष अपराधों में कमी में जमीन-आसमान का अंतर आया है। उन्होंने इसके आंकड़े भी गिनाए। खन्ना ने पुलिस की कार्य प्रणाली का ब्यौरा भी दिया। खन्ना ने कहा कि एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) ने अपराधों में भारी कमी आने पर उत्तर प्रदेश की सराहना की है। सपा सदस्य पूजा पाल के एक प्रश्न के उत्तर में खन्ना ने बताया कि प्रदेश में अप्रैल, 2019 से तीन मार्च, 2022 तक भू-माफिया विरोधी अभियान के तहत कुल 11466.98 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि 21 भू माफिया जेल में निरुद्ध हैं।

## जन्मदिन पर सदन में दी गई बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन के दौरान विधानसभा के तीन सदस्यों को बारी-बारी उनके जन्मदिन पर बधाई दी गयी। विधानसभा अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य श्रीराम चौहान, सर्वेश सिंह व सपा के सदस्य शुएब अंसारी का सदन में नाम लेते हुए सभी को उनके जन्मदिन की बधाई दी गयी।

# सड़क निर्माण में एफडीआर तकनीक वरदान साबित होगी: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में अपनाई जा रही एफडीआर तकनीक देश व प्रदेश के लिए वरदान साबित होगी। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में इस तकनीक के बहुत ही उत्साहजनक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण में लगभग 3000 करोड़ की बचत होगी।

मौर्य मंगलवार को गन्ना संस्थान में यूपीआरआरडीए के सभागार में एफडीआर तकनीक पर आधारित अंतर्राज्यीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में देश के लगभग दो दर्जन प्रदेशों के टेक्नोक्रेट, तकनीकी विशेषज्ञ व सड़कों से जुड़े अभियंतागण भाग ले रहे हैं, यही नहीं इन प्रदेशों के प्रतिनिधि और तकनीक विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश में एफडीआर तकनीक से बनाई गई सड़कों का स्थलीय अवलोकन भी करेंगे। ज्ञातव्य है कि एफडीआर तकनीक से पीएमजीएसवाई की सड़कों के उच्चीकरण में उत्तर प्रदेश एदेश में अगुवाई व नेतृत्व कर रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तकनीक के अपनाने से अपेक्षा कम लागत में अच्छी एटिकाऊ व मजबूत सड़कें बनाई जा रही हैं, इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी यह तकनीक बहुत ही अनुकूल साबित हो रही है, यही नहीं इस तकनीक के अपनाने से कार्बन उत्सर्जन में भी बहुत कमी हो रही है। श्री मौर्य ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 में उत्तर प्रदेश के लिए 19000 किलोमीटर का लक्ष्य निर्धारित हैए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 के लिए 14245 करोड़ रुपए की धनराशि से 2534 मार्गो, जिनकी लंबाई 18770 किलोमीटर है, की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण में इस तकनीक का प्रयोग किए जाने से लगभग 3000 करोड़ रुपए की बचत होगी। इस तकनीक को अपनाने में उत्तर प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभाने तथा नेतृत्व देने के लिए उत्तर प्रदेश के इस कार्य में लगे सभी अभियंताओं, अधिकारियों को उपमुख्यमंत्री ने बधाई दी और कहा कि इसमें यूपीआरआरडीए के सीईओ भानु चंद्र गोस्वामी की भूमिका निरूसंदेह बहुत ही सराहनीय है और उनके शानदार प्रयासों से अन्य प्रदेश भी इस तकनीक को अपनाने में पूरी रुचि दिखा रहे हैं। यह तकनीक प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि देश के लिए एक उपलब्धि है। कहा कि पूरे देश में तीसरे फेज में 125000 किलोमीटर पीएमजीएसवाई की सड़कों बनाई जा रही हैं। अन्य राज्य सरकारें भी इस तकनीक को अपनाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस तकनीक को अपनाने के लिए यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी और इसके सार्थक परिणाम निखर कर सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के चयन मे किसानों, विद्यालयों, चिकित्सालयों आदि का विशेष ध्यान रखा गया है, प्रदेश में पहली बार एफडीआर द्वारा पूर्व में बने हुए मार्गों के क्रस्ट में उपलब्ध पुरानी गिट्टी को ही सीमेंट और विशेष प्रकार के आईआरसी एक्रीडेटेड स्टेबलाइजर को विशेष मशीनों से रिक्लेम एवं मिश्रित करते हुए सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि इस तकनीक को अपना कर उत्तर प्रदेश एउत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला के संयोजक व यूपीआरआरडीए के सीईओ भानु चंद्र गोस्वामी ने एफडीआर तकनीक के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूपीआरआरडीए के मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के निदेशक विजेंद्र कुमार, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता वीरपाल राजपूत सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न प्रांतों के टेक्नोक्रेट व तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय खेल अधिकारी सहारनपुर अनिमेष सक्सेना निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● खिलाड़ियों को सुविधा देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी: अपर मुख्य सचिव

**प्रदेश** सरकार ने मंगलवार को जनपद सहारनपुर क्षेत्रीय खेल अधिकारी (आरएसओ) अनिमेष सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अनिमेष सक्सेना का यह निलंबन जनपद सहारनपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान ट्वायलेट में खाना रखे होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का संज्ञान लेते हुए किया गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच जिलाधिकारी सहारनपुर को सौंपी गई है। अपर मुख्य सचिव खेल डा. नवनीत सहगल ने बताया कि खाना बनाने व खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए भविष्य में काम न देने की सख्त चेतावनी दी गई है। साथ ही क्षेत्रीय खेल अधिकारी के अधीनस्थ इस कार्यक्रम में खाना परोसने का कार्य करने वाले विभागीय कर्मियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्ट देने के निर्देश निदेशक खेल को दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय खेल अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है कि खिलाड़ियों को सुविधा देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## अलकायदा माड्यूल अंसार गजवातुल हिन्द के सदस्यों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एनआईए** व एटीएस के विशेष जज अनुरोध मिश्र ने अलकायदा माड्यूल (अंसार गजवातुल हिन्द) के सक्रिय सदस्य मुल्जिम मुशीरुद्दीन व मिनहाज की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने इस मामले में मो. शकील, मो. मुस्तकीम व मो. मुईद की डिस्चार्ज अर्जी भी खारिज कर दी है। साथ ही सभी मुल्जिमों पर आरोप तय करने के लिए 28 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है। उस रोज इन्हें जेल से तलब करने का आदेश दिया है। 11 जुलाई 2021 को इस मामले की एफआईआर निरीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। एटीएस ने उसी रोज मड़ियांव के मोहिबुल्लापुर इलाके से मुल्जिम मिनहाज व मुसीरुद्दीन को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बारुद मय प्रेशर कुकर बम, स्वनिर्मित डेटोनेटर, 32 बोर का एक पिस्टल, चार जिन्दा कारतूसए पोटैशियम परमैगनेट व मोबाइल आदि बरामद हुआ था। विवेचना के दौरान शकील, मुईद व मुस्तकीम को भी गिरफ्तार किया गया। इसके बाद इस मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक पांच जनवरी 2021 को इनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। यह सभी 15 अगस्त 2021 से पूर्व उत्तर प्रदेश के संवेदनशील स्थानों पर आतंकी घटना को अंजाम देने वाले थे।

## धरना प्रदर्शन की अनुमति न देना भाजपा सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों को सरकार की जनविरोधी नीतियों व उसकी निरंकुशता तथा जुल्म-ज्यादती आदि को लेकर धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं देना भाजपा सरकार की नई तानाशाही प्रवृत्ति हो गई है। साथ ही, बात-बात पर मुकदमे व लोगों की गिरफ्तारी एवं विरोध को कुचलने की बनी सरकारी धारणा अति- घातक है। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा फीस में एकमुश्त भारी वृद्धि करने के विरोध में छात्रों के आंदोलन को जिस प्रकार कुचलने का प्रयास जारी है। वह अनुचित व निन्दनीय। यूपी सरकार अपनी निरंकुशता को त्याग कर छात्रों की वाजिब मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे, बीएसपी की यह मांग। अपने सिलसिलेवार ट्वीट में बसपा सुप्रीमो मायावती ने आगे लिखा कि मंहगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था आदि के प्रति यूपी सरकार की लापरवाही के विरूद्ध धरना प्रदर्शन नहीं करने देने व उन पर दमन चक्र के पहले भाजपा जरूर सोचे कि विधानभवन के सामने बात-बात परसड़क जाम करके आम जनजीवन ठप करने का उनका क्रूर इतिहास है।

# तीन स्पोर्ट्स कालेजों की रिक्त सीटों को 15 नवंबर तक भरा जाए: सहगल

पायनिय समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल ने प्रदेश में स्थापित गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर तथा मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा में रिक्त सीटों को 15 नवम्बर तक हर हाल में भरने के लिए प्रधानाचार्यों को सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने कहा स्पोर्ट्स कालेजों में कक्षा छह से लेकर नौ तक की कक्षाओं के लिए नियमानुसार टेस्ट लेकर बच्चों को दाखिला दिया जाए। उन्होंने कहा 15 नवम्बर के पश्चात तीनों में से जिस भी स्पोर्ट्स कालेज में रिक्तियां पायी जायेंगी वहां के प्रधानाचार्य के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

डॉ. सहगल ने यह निर्देश मंगलवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय में बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज, गोरखपुर तथा मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई इटावा तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में कुल मिलाकर 1225 सीटें है, जिनमें से 244 रिक्त हैं। वर्ष 2020-21 व 2021-22 में कोरोना महामारी के कारण स्पोर्ट्स कालेजों में प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं हुई। इस वजह से तीनों कालेजों में काफी सीटें खाली रह गयी है। कक्षा 6 में एडमीशन कम होने से आगे की कक्षाओं में भी विद्यार्थियों की संख्या में कमी है। इसलिए निर्णय लिया गया है कि कक्षा 6 से लेकर 9 तक रिक्त सीटों पर टेस्ट लेकर बच्चों को दाखिला दिया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चे खेलों से जुड़े और उनकी शिक्षा प्रभावित भी न हो इसके लिए स्पोर्ट्स हास्टल की स्थापना कराई गई। उत्तर प्रदेश से बेहतरीन खिलाड़ी निकलें और प्रदेश का नाम पूरी दुनियां में रोशन करें। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके बावजूद भी स्पोर्टस कालेज में सीटें खाली रह जाना स्पोर्ट्स कालेजों के प्रधानचार्य की लापरवाही है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्पोर्ट्स कालेजों में बच्चों को खेल किट तथा कापी-किताब आदि एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दिया जाये। तीनों हास्टल में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए नियमित रूप से बच्चों का मेडिकल चेकअप भी कराया जाये। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेजए लखनऊ में 345 सीटे हैं, जिसमें एथलेटिक्स की 06, क्रिकेट की 08, फुटबाल की 04, वालीबाल की 01 तथा बैडमिंटन की 19 कुल 38 रिक्त है। इसी प्रकार बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज, गोरखपुर में 390 सीटें स्वीकृत है, जबकि इनमें वालीबाल बालक की 17, वालीबाल बालिका की 11, जिम्नास्टिक बालकध्बालिका की 2, कुश्ती बालकध्बालिका 4, हॉकी की 2, जूडो बालिका की 16 तथा बैडमिण्टन बालिका की 31 कुला 83 सीटें खाली है। इसके अलावा मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कालेज सैफ्ईए इटावा में 490 सीटें हैए जिसमें से 123 सीटें खाली है। इसमें क्रिकेट की 28, एथलेटिक की 4, हॉकी की 2, फुटबाल की 25, कुश्ती की 01, कबड्डी की 28, तैराकी की 14, बैडमिंटन की 21 सीटें है। अभियान चलाकर तीनों कालेजों में सभी सीटें भरने के निर्देश दिए गये हैं। बैठक में निदेशक खेल आरपी सिंह सहित तीनों स्पोर्टस कालेजों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

# चालान से नाराज युवक ने बीच चौराहे पर बाइक में लगा दी आग

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली के राजापुर चौराहे पर मंगलवार को एक युवक ने अपनी बाइक में आग लगा दी। बाइक बीचोबीच चौराहे पर धू-धू कर जलने लगी। इस युवक की बाइक का चौराहे के पास ट्रैफिक पुलिस ने इससे कुछ देर पहले ही चालान किया था। इसी से नाराज होकर युवक ने बाइक में आग लगा दी। बाद में उसने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। मामला चर्चा का विषय बना है।



शहर के सीमावर्ती इलाके में स्थित राजापुर चौराहे पर अचानक बाइक जलती देख अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सभी राहगीर कुछ देर जहां के तहां ठहर गए। पास नहीं स्थित पुलिस चौकी से सिपाही मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। राजापुर गांव का निवासी गोलू पुत्र लफ्फू मंगलवार सुबह अपने दो दोस्तों गजनी और हर्षित के साथ दवा लेने गया था। उसके बाद वह बाइक से अपनी दुकान खोले जा रहा है। तभी राजापुर चौराहे के निकट खड़े ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों ने उसे रोक लिया और चालान काट दिया। गोलू का आरोप है कि सिपाही उससे 500 रुपये मांग रहे थे। जब उसने रुपये देने से मना किया तो उसका चालान काट दिया। इससे क्षुब्ध होकर गोलू ने चौराहे पर अपनी बाइक खड़ी करके उसमें आग लगा दी। बाइक जलती देख पुलिस दौड़ी और गोलू को पकड़ लिया। किसी तरह आग बुझाई गई। इस मामले में गोलू ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। प्रार्थना पत्र में उसने कहा है कि ट्रैफिक के सिपाहियों को 500 रुपये न देने पर उसका चालान काट कर बिना किसी गुनाह न सिर्फ परेशान किया गयाए बल्कि उसे सिपाहियों ने पीटा भी। इसी से क्षुब्ध होकर उसने अपनी बाइक जला दी। पुलिस उसे फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दे रही है। उसने प्रार्थना पत्र में यह भी लिखा है कि ट्रैफिक एसआई जिस सरकारी जीप से चलते हैं, पता चला है कि उसके कागज भी पूरे नहीं है, तो उन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती। डीएम ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना है बीचोंबीच चौराहे पर जलती हुई बाइक का वीडियो वायरल होने के बाद चर्चाओं ने और तेजी पकड़ी है।

जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन......

# शिक्षकों ने कहा समय आने पर दिखाएंगे अपनी ताकत

**संवाददाता।** सीतापुर

- परिषदीय शिक्षकों ने दिया जिला मुख्यालय पर धरना
- प्रमोशन का लाभ देने की उठाई मांग, कहा-बहाल की जाए पुरानी पेंशन

**लम्बित समस्याओं** को लेकर शिक्षक आंदोलन के मूड में है, सीतापुर के अधिकतर विद्यालयों में प्रधानाध्यापको की नियुक्ति नहीं है, सहायक अध्यापकों से प्रधानाध्यापकों का काम लिया जा रहा है। ऐसी ही शिक्षकहितो से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षको ने विकास भवन के सामने धरना दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य प्रकाश मिश्रा ने कहा कि सरकार शिक्षको का प्रमोशन करने के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। धरने को संरक्षक आराध्य शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नईम शेख, जिलामंत्री बाल सरोज चतुर्वेदी ने भी सम्बोधित किया। धरने में जिलाउपाध्यक्ष नितेश त्रिपाठी, दिव्येन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री अनूप शुक्ला, जिला प्रचार मंत्री वीना पटेल, नवीन कुमार उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ से मुरारीलाल, इन्द्रमोहन त्रिवेदी, मृतक आश्रित शिक्षक संघ से चन्द्रमोहन अवस्थी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से राजेश वर्मा, विजय श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, जफर हुसैन रिजवी, संजय शुक्ला, महेन्द्र पाठक सहित तमाम शिक्षक शामिल रहे। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित जिलाधिकारी कार्यालय में 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

## क्विक न्यूज

### एसपी ने हरदोई की सीमा का निरीक्षण किया

**नैमिषारण्य सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने मंगलवार को नैमिषारण्य क्षेत्र में पड़ोसी जनपद हरदोई की सीमा का निरीक्षण किया, पुलिस अधीक्षक सबसे पहले बरगदिया पुल पहुंचे और जनपदीय सीमा की जानकारी ली, यह क्षेत्र पड़ोसी जनपद हरदोई बार्डर से जुड़ा हुआ है, एसपी ने पिकेट पुलिस चौकी पर सीसीटीवी को चेक किया, रिकार्डिंग होने की जानकारी ली, इसके बाद हथिया घाट पुल बार्डर पर पहुंचे, यहां भी गहन निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ मिश्रिख सीओ यादव नैमिष थाना प्रभारी दिग्विजय पांडेय, बेलहरी चौकी इंचार्ज अतुल वर्मा मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया मदरसों का निरीक्षण

**बिसवां सीतापुर।** मंगलवार को बिसवां एसडीएम पीएल कुमार मौर्य ने एबीएसए के साथ मदरसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कक्षा 6 से 8 तक संचालित मदरसा इस्लामिया फुरकानिया में पंजिकृत 185 छात्रों में से 58 उपस्थित मिले, जबकि कक्षा 1 से 5 तक संचालित मदरसा में पंजिकृत 334 छात्रों में 153 छात्र ही उपस्थित थे। गैर मान्यता प्राप्त मदरसे अलजामिअतु फुरकनिया में 69 में से 53 छात्र मिले जिस पर उपजिलाधिकारी ने बच्चो की उपस्थित पर ध्यान देने का निर्देश दिया तथा मदरसा फुरकानिया में साफसफाई बेहतर न मिलने और बच्चो से पहाड़े सुनने पर उनका संतोष जनक उत्तर न देने पर शिक्षिका और प्रबन्ध तंत्र को शिक्षा स्तर में सुधार और गुणवत्ता लाने के निर्देश दिए।

### दो पक्षों में मारपीट, पार्षद घायल

**बरेली ।** पुरानी रंजिश के चलते गांव में ही रहने वाले पार्षद और उसके विरोधियों के बीच कुर्सी पर बैठने को लेकर हुए विवाद के बाद जमकर मारपीट और पथराव हुआ जिससे पार्षद घायल हो गया उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वार्ड 28 परतापुर चौधरी निवासी समाजवादी पार्टी के पार्षद अकील उर्फगुड्डू को आज दोपहर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि गुड्डू और शरीफके बीच पहले भी कई बार विवाद हो गया है दोनों पक्षों में आपसी रंजिश है आज दोपहर गुड्डू एक होटल पर गया था जहां पर शरीफभी एक कुर्सी पर बैठा था गुड्डू ने कुर्सी पर बैठने की कोशिश की जिस को लेकर दोनों पक्षों में विवाद खड़ा हो गया और मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा दिया लेकिन कुछ देर बाद शरीफअपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और उसने गुड्डू की पिटाई शुरू कर दी सूचना मिलने पर गुड्डू के परिजन भी मौके पर आ गए और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर पथराव किया जिससे गुड्डू घायल हो गया कई अन्य लोगों को चोटें आई घायल गुड्डू को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद घटना की जांच शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### ट्रेन से गिरकर पीआरडी जवान की मौत

**बरेली ।** ड्यूटी करके घर लौट रहे ट्रेन पर सवार एक पीआरडी का जवान रास्ते में ही ट्रेन से गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव बरा थानपुर निवासी 54 वर्षीय शेर सिंह की आज सुबह तडके दवतरा स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गईपोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के बेटे नरोत्तम ने बताया कि उसके पिता सुभाष नगर थाने में पीआरडी जवान के पद पर तैनात थे और बीती रात उनकी ड्यूटी लगाई गई थी वह आज सुबह तड़के ड्यूटी करने के बाद वापस घर लौटने के लिए ट्रेन पर सवार हुए थे लेकिन रास्ते में जब उनकी ट्रेन दबतरा स्टेशन के पास पहुंची तभी अचानक वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना रेलवे पुलिस को दी कुछ देर बाद पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक के घर वालों को सूचना दे दी जो पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली ।

### ट्राफिक नियम समझाने पटेल चौक पर पहुंचे यमराज

**बरेली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में 19 सितंबर से सड़क सुरक्षा यातायात सप्ताह मनाया जा रहा है ।जिसके अंतर्गत यमराज के रूप में लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। तथा नशे में गाड़ी ना चलाने की हिदायत दी जा रही है। कल से बाइक रैली शुरू की गई है। यमराज के रूप में वी के जयराम ने कहा बिना हेलमेट लगाना लगाकर वाहन चलाना नशे में वाहन चलाना मौत को दावत देना है और किसी भी कारण अनावश्यक ओवरटेक ना करें और सुरक्षित रहे।

क्षेत्र में खुशी की लहर

# महमूदाबाद के अर्पित का आईआईटी में हुआ चयन

**संवाददाता।** महमूदाबाद सीतापुर

**कौन कहता है** कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता... एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों...। दुष्यंत कुमार की यह पंक्तियां महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के एक मेधावी छात्र पर सटीक बैठती है। दोनो हाथों की हथेली में विकलांगता होने के बावजूद हौंसलों की उड़ान ने छात्र को इस कदर रोमांचित किया कि गांव की गलियों से निकलकर अब वह देश के सबसे प्रतिष्ठित आईआईटी कानपुर जैसे संस्थान में पढ़ने जा रहा है। छात्र की सफलता के बाद परिवार और गांव में हर्ष का माहौल है। बधाईयों का तांता लगा हुआ है। महमूदाबाद से तकरीबन 12 किलोमीटर दूर सिकन्दराबाद गांव के रहने वाले अर्जित कुमार वर्मा ने आईआईटी की परीक्षा में अपना लोहा मनवाया है। अर्जित को ओबीसी पीडब्ल्यूडी कैटेगरी में 32वीं रैंक हासिल हुई है जबकि ओबीसी में अर्जित की आल इंडिया 102 वीं रैंक है। अर्जित कुमार का परिणाम आया तो उन्हें खुशी का ठिकाना न रहा। अर्जित को भरोसा था कि काउंसिलिंग में उन्हें एक बेहतर संस्थान मिलेगा। सोमवार को अर्जित को मॉक में सिविल इंजीनियरिंग के लिये आईआईटी कानपुर एलॉट हो गया। जिसके बाद अब वह बेहद खुश हैं। अर्जित के पिता सरैंया बाजार में किराने की दुकान चलाते हैं जबकि माता मिथिलेश कुमारी सामान्य गृहणी हैं। अर्जित की बड़ी बहन रोशनी वर्मा बीएड उत्तीर्ण हैं। छोटी बहन सभ्या वर्मा बीए कर रही हैं। अर्जित शुरूआत से ही मेधावी छात्र रहे हैं। अर्जित ने सीता इण्टर कालेज से हाईस्कूल में 90.17 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट में 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। अर्जित ने बताया कि उन्होने आईआईटी के लिये कोई कोचिंग नहीं ली थी। यूट्यूब और गूगल की मदद से उन्होने आईआईटी की तैयारी के लिये मैटेरियल इकट्ठा किया और वह परीक्षा पास करने में सफल हो गये। अर्जित के अनुसार अब गांव के बच्चों के पास पर्याप्त संसाधन है। कोटा जाने की जरूरत नहीं होती। यूट्यूब के माध्यम से आप बेहतर पढ़ाई कर सकते हैं। अर्जित की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक रमेश वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर, आंजनेय आशीष आदि ने गांव पहुँचकर छात्र को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी।

## सीएचसी सिधौली का बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्य डा. प्रियरंजन आशू ने मंगलवार को सीएचसी सिधौली का औचक निरीक्षण किया। स्टाफरूम, लेबर रूम, दवा वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद अटरिया से आयी महिला मरीज प्रिया से सेवाओं की जानकारी ली। पूंछा कि कोई पैसा तो नहीं लिया जाता है, बाहर से दवाएं तो नहीं लिखी जाती, ओपीडी में मौजूद डा. मनीष मिश्रा, रचना गौड़ व देवेन्द्र कुमार के कक्षों में जाकर मरीज पंजीका का अवलोक किया और मरीजों से बात की। डा. आरसी चौधरी के कक्ष में मरीज पंजिका देखी, पंजिका में 100 से 150 तक के मरीजों के पर्चे दर्ज होने पर चिकित्सको की सेवा को सराहना। सीएचसी अधीक्षक डा. आर.के. वर्मा ने अस्पताल में महिला चिकित्सक सर्जन और हड्डी रोग चिकित्सक की नियुक्ती की मांग रखी, इस पर उन्होंने जल्द चिकित्सकों की तैनाती किए जाने की मांग कही।

# अधिकारियों की नजरंदाजी से नाराज ग्रामीणों ने दिया धरना

**संवाददाता।** सीतापुर

- सकरन की ग्राम पंचायत सांडा में समस्याओं का अम्बार
- प्रार्थना पत्र देने के बावजूद सुनवाई न होने पर कीचड़ में दिया धरना

**अधिकारियों की** नजरंदाजी से तंग आकर आखिरकार ग्राम पंचायत सांडा के ग्रामीणों ने मंगलवार को कीचड़ के बीच गांव में ही धरना देना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोलहे राम, पूर्व प्रधान श्रवण कुमार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दयाशंकर भार्गव आदि भी धरने में शामिल हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ब्लाक मुख्यालय पर अपनी-अपनी समस्याओं से अधिकारियों को रूबरू कराया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यह तब है जब ग्राम पंचायत सांडा ब्लाक मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर है। गांव में पिछले एक साल से अधिक समय से सफाई कर्मी की तैनाती नहीं है, गांव की नालियां चोक पड़ी है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़को, मार्गों पर फैलता है, जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या गहराती जा रही है। ग्रामीणों ने इस सम्बंध में स्वास्थ्य मंत्री, क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान आदि को रजिस्टर डाक से प्रार्थना पत्र भेजा है एवं सकरन बीडीओ रामलगन वर्मा को पुन: ज्ञापन सौंपा। धरने पर सोनू मिश्रा, दिनेश मिश्रा, महेश आदि बैठे है।

## स्व. अरुण वर्मा को दी श्रद्धांजलि



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** रेखा वर्मा संसद सदस्य (धौरहरा) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा के पति स्व. अरुण वर्मा की पुण्यतिथि पर उनके गांव मकसूदपुर में गोला विधायक अरविंद गिरि पुत्र अमन गिरि ने अरुण वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही रेखा अरुण वर्मा ने विधायक पुत्र को अपना आशीर्वाद देते हुए पार्टी की ओर से हर संभव सहायता, सहयोग व गोला विधानसभा के विकासपूरक कार्यों को युद्ध स्तर पर करने का आश्वस्त किया। तत्पश्चात लन्दनपुर ग्रांट के ग्राम दशरथपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में उपस्तिथी दर्ज कराई। साथ में धमेंद्र गिरि मोंटी भईया, विधायक अनुज, अवधेश मिश्रा गोला विधानसभा संयोजक, कुम्भी ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सुर्जनलाल वर्मा, विनोद वर्मा, सचिन, अजीत पांडेय, संदीप शुक्ल, दिलीप यादव, जुनैद खान, अनिल श्रीवास्तव एडवोकेट, कुणाल गिरि, अमित वर्मा, अरविंद सिंह, छोटू वर्मा व अंकुर वर्मा सहित जनपद के पार्टी व संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साफ-सफाई व्यवस्था को बनाएं बेहतर: सीडीओ

**लखीमपुर-खीरी।** शासन के निर्देश पर खीरी के सभी नगरीय क्षेत्रों में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर विशेष स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की अलसुबह सीडीओ अनिल कुमार सिंह व एडीएम संजय कुमार सिंह नगर पालिका परिषद लखीमपुर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता पखवाड़े की क्रियान्वित विभिन्न गतिविधियों को देखने पैदल निकले। सीडीओ ने एडीएम के संग सिविल लाइन्सए हिदायत नगर सहित कई मोहल्लोंध्वार्डो का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने वार्ड के बाशिंदों से प्रतिदिन होने वाली साफ-सफाई के संबंध में सम्यक जानकारी ली। आवाह्न किया कि वह भी विशेष स्वच्छता पखवाड़े का हिस्सा बनेए अपने घर व छतों को साफ रखें। कूड़ा कलेक्शन होने के बाद सड़कों, गलियों में कूड़ा कदापि ना डालें। शहर को साफ रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। नगर पालिका कार्मिकों को निर्देश दिए कि वार्डो की प्रत्येक गलियों की



नियमित साफ-सफाई की जाए।

सीडीओ ने ईओ संजय कुमार को निर्देश दिए कि शहर के सभी वार्डों की प्रतिदिन साफ -सफाई का स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करें, विशेष स्वच्छता पखवाड़े में जन सामान्य को भी जोड़ें और स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। नगर में और अधिक साफ-सफाई करने की आवश्यकता है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि डा. सतीश कौशल बाजपेई, सिविल लाइंस के सभासद अनिल शुक्ला सहित समाज के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# तीन माह का भ्रूण लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची महिला

**संवाददाता।** बरेली

**गांव के** 3 लोगों पर अपनी पुत्रवधू के साथ जबरदस्ती करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने बताया कि घटना में उसकी पुत्रवधू का 3 माह का गर्भपात हो गया तब वह एसएसपी से शिकायत करने उनके कार्यालय पहुंची। बिशारतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला अपनी पुत्रवधू के 3 माह के भ्रूण को लेकर एसएसपी से शिकायत करने पहुंची जहां उसने बताया कि उसके गांव में रहने वाले 3 दबंगों ने खेत पर मौजूद उसकी पुत्रवधू को पकड़ लिया और उसके साथ जबरदस्ती की जिससे उसकी पुत्रवधू का 3 माह का गर्भपात हो गया शोर सुनकर जब वह मौके पर पहुंची तो दबंग फरार हो चुके थे उन्होंने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी वह शिकायत करने थाने पहुंची लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तब आज वह एक डिब्बे में 3 3 माह के भ्रूण को लेकर एसपी से शिकायत करने उनके कार्यालय पहुंची और कार्रवाई की मांग की ।

## पड़ोसियों ने सब्जी विक्रेता को पीटा

**बरेली।** नाली में कूड़ाऔर गोबर डालने को लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने एक सब्जी विक्रेता को पीटकर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के लाइनपार निवासी दिलीप कुमार को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि दिलीप कुमार ठेले पर सब्जी बेचकर गुजारा चलाता है उसके पड़ोसी राजेश के घर में दो गाय पाली गई हैं जिनका गोबर और कूड़ा राजेश घर के सामने नाली में फेंक देता है जिससे दिलीप कुमार को अपना ठेला निकालने मैं परेशानी होती है उसमें कई बार राजेश से कूड़ा डालने से मना किया लेकिन राजेश नहीं माना आज सुबह भी उसने नाली में गाय का गोबर डाल दिया जिसको लेकर उसका दिलीप से विवाद होने लगा कुछ देर बार राजेश का भाई मनोज लाठी-डंडे लेकर मौके पर आ गया और उसने दिलीप पर हमला कर दिया जिससे दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया शोर सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे घर वालों ने दिलीप को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया घटना की शिकायत पुलिस को कर दी गई।

## पेज एक का शेष

### थरूर-गहलोत...

अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। इस सवाल पर कि क्या शशि थरूर संभावित प्रत्याशी हैं, उन्होंने कहा 'न केवल शशि थरूर, बल्कि कोई भी जो चुनाव लड़ना चाहता है, लड़ सकता है।' एआईसीसी सूत्रों ने कहा कि जहां गांधी गहलोत का समर्थन कर रहे हैं, वहीं बताया जाता है कि सोनिया ने थरूर से कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में 'तटस्थ बनी' रहेंगी और 'पार्टी आधिकारिक रूप से किसी का समर्थन नहीं करेगी।'कुछ वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने कहा कि 'थरूर और गहलोत के बीच दोस्ताना मुकाबल के लिए मंच सज चुका है।' हालांकि पार्टी द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने से पहले ही गहलोत के नाम पर चर्चा चल रही थी। इस रेस में थरूर देर से उतरे हैं। पार्टी के नए अध्यक्ष सोनिया गांधी का स्थान लेंगे, जो सबसे लंबे समय से पार्टी अध्यक्ष है। उन्होंने 1998 में इस पद को संभाला था। बीच में 2017 और 2019 में राहुल गांधी अध्यक्ष रहे थे। इससे पहले नवंबर 2000 में इस पद के लिए चुनाव हुआ था, इसमें जितेंद्र प्रसाद सोनिया गांधी से हार गए थे। इससे पहले 1997 में सीताराम केसरी ने शरद पवार तथा राजेश पायलट को हराया था।

### नोएडा में...

कर लिया जाएगा। हमारी प्राथमिकता ये है कि मलबे के नीचे कोई दबा न हो। इसके लिए एंबुलेंस भी मौके पर है। साथ ही अस्पताल को अलर्ट पर किया गया है। बदायूं के पंकज, संजीव, नन्हे, विनोद, दीपक, जोगेंद्र, पप्पू और संभल के ऋषि पाल हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### राणे के...

गया था। पीठ ने मंगलवार को कहा कि अगर बीएमसी के रुख को स्वीकार कर लिया जाता है, तो इस शहर का कोई भी निवासी पहले बड़े पैमाने पर अनधिकृत निर्माण करने के बाद फिर नियमितीकरण की मांग कर सकता है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि वह नगर निकाय के इस रुख से आश्चर्यचकित है। अदालत ने बीएमसी को दो सप्ताह के भीतर अनधिकृत हिस्से को गिराने और उसके एक सप्ताह बाद अदालत को अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने राणे पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और इस राशि को दो सप्ताह के भीतर महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराने का निर्देश दिया। राणे के वकील शार्दुल सिंह ने अदालत से छह सप्ताह के लिए अपने आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया, ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपील दाखिल कर पाएं। हालांकि, अदालत ने उनका अनुरोध खारिज कर दिया। अदालत ने राणे के परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी कालका रियल एस्टेट्स की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बीएमसी से उसके पूर्व आदेश से प्रभावित हुए बिना, बंगले में अनधिकृत निर्माण को नियमित करने के उसके दूसरे आवेदन पर विचार करने का अनुरोध किया गया था। इससे पहले बीएमसी ने जून में कंपनी के नियमितीकरण आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि निर्माण में उल्लंघन किया गया है। इसके बाद कंपनी ने जुलाई में दूसरा आवेदन दाखिल किया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि बीएमसी का दूसरे आवेदन पर विचार करने का रुख उसके पहले आवेदन को खारिज करने के स्वयं के आदेश के विरुद्ध है। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस साल जून में बीएमसी के पहले आदेश को स्वीकार कर लिया था। अदालत ने कहा, अगर नियमितीकरण आवेदन को सुनने की अनुमति दी जाती है..जिसे बीएमसी अनुमति देने पर आमादा है, तो इससे बड़े पैमाने पर अनधिकृत संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता (राणे के स्वामित्व वाली कंपनी) ने एफएसआई की अनुमेय सीमा का तीन गुना निर्माण किया है और इसके लिए बीएमसी, दमकल विभाग से और पर्यावरण संबंधी मंजूरी भी नहीं ली गई। अदालत ने कहा कि अगर ऐसे आवेदनों को मंजूरी दी गई तो इससे ऐसे अवैध निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और घर खरीदने वाले अन्य लोग भी अपने मकानों में ऐसे अवैध बदलाव करेंगे। उच्च न्यायालय ने पिछले महीने याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि बीएमसी पहले आवेदन को खारिज करने के उसके फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद दूसरे आवेदन पर कैसे विचार कर सकती है। उच्च न्यायालय ने बीएमसी के पहले दिए फैसले को स्वीकार करते हुए कहा था कि निर्माण प्रथम दृष्टया अवैध प्रतीत होता है।

### इस्लामिक स्टेट...

संप्रभुता के खिलाफ है। कर्नाटक के गृहमंत्री अर्गा ज्ञानेंद्र ने कहा, तीनों के इस्लामिक स्टेट से संबंध हैं। उन्होंने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, उनकी गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है। वे शिवमोगा और तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं और उनका संबंध मंगलुरु से है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने धमाके करने सहित आतंकवादी गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया है। सूत्रों ने बताया, सरगना यासीन को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। यासीन पेशे से इलेक्ट्रिक इंजीनियर (विद्युत अभियंता) है। गौरतलब है कि शिवमोगा इस साल के शुरुआत में उस समय चर्चा में आया था जब हिजाब विवाद के बीच हिंदुत्व कार्यकर्ता हर्ष की हत्या कर दी गई। अगस्त में उस समय शहर से झड़पों की खबर आई जब कुछ दक्षिणपंथी पक्ष के सदस्यों ने हिंदुत्व के विचारक विनायक दामोदर सावरकर के पोस्टर लगाए और कुछ मुस्लिमों ने विरोध किया। झड़प के दौरान 20 वर्षीय युवक को चाकू से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया गया। शिवमोगा जिले के ही निवासी ज्ञानेंद्र ने दावा किया कि गिरफ्तार संदिग्धों में से एक का संबंध पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी समूह से है।

### गुजराती फिल्म...

फिल्मकार विनोदराज पी.एस. द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म कूझंगल को भारत की ओर से आधिकारिक रूप से ऑस्कर पुरस्कारों के लिए भेजा गया था, लेकिन इस फिल्म का चयन नहीं किया गया। ऑस्कर पुरस्कारों में आखिरी बार 2001 में आमिर खान की फिल्म लगान ने अंतिम पांच में जगह बनाई थी। अंतिम पांच में जगह बनाने वाली दो अन्य भारतीय फिल्में मदर इंडिया (1958) और सलाम बॉम्बे (1989) हैं। 95वां अकादमी पुरस्कार समारोह 12 मार्च 2023 को लॉस एंजिलिस में आयोजित किया जाएगा।

# बेखौफ लुटेरों ने बैंक मित्र को गोली मार कर एक लाख से अधिक लूटे

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)


**बेखौफ**लुटेरों ने कानून व्यवस्था को धता बताते हुए एक बैंक मित्र को सरेशाम गोली मार कर उससे एक लाख पैतीस हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दुर्गाखेड़ा निवासी 35 वर्षीय ओम प्रकाश सिंह इंण्डियन बैंक के बैंक मित्र के रूप में ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं। बैंक प्रबंधक गौरव द्विवेदी के अनुसार ओम प्रकाश सिंह ने बैंक से एक लाख 35 हजार रुपए निकाले थे।

ओम प्रकाश सिंह के भतीजे के अनुसार वह यह रुपए लेकर शाम लगभग 7 बजे बाइक से गांव वापस आ रहे थे। जब वे ग्राम टीकर मोड़ के पास पहुंचे तभी बाइक पर पीछे से आए लुटेरों ने उनकी बाइक को ओवरटे किया और जब तक वे कुछ समझ पाते, लुटेरों ने उन्हें गोली मार दी जो उनके पेट में लगी। गोली लगते ही वे सड़क पर गिर गए। लुटेरों ने वह बैग जिसमें वह रुपए लेकर जा रहे थे उनसे छीन लिया और भाग खड़े हुए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने ओमप्रकाश सिंह को सड़क पर घायल पड़ा देखकर पुलिस को फोन किया और घटना की जानकारी दी। लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस के होश उड़ गए।

तत्काल प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह, सीओ महावीर सिंह मौके पर पहुंचे और घायल बैंक मित्र ओम प्रकाश सिंह को सीएचसी भेजा जहां उनको प्राथमिक चिकित्सा दी गयी तथा उनकी गंभीर हालत हो देखते हुए उन्हें ट्रामासेंटर भेज दिया गया। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंनें पुलिस को घटना की शीघ्र खुलासा करने और लुटेरों को पकड़ने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री द्विवेदी ने बताया कि इस घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया है और शीघ्र ही घटना का खुलासा करते हुए लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बच्चों के मन में जहर भर रहीं महबूबा: भाजपा

**भाषा।** जम्मू



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती निहित स्वार्थ के लिए स्कूलों में बच्चों के रघुपति राघव राजाराम गाने का विरोध कर रही हैं और उनके मन में जहर भर रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोमवार को ट्विटर पर एक वीडियो डाला था, जिसमें स्कूल के शिक्षक छात्रों को महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन रघुपति राघव राजाराम गाने को कह रहे हैं। महबूबा मुफ्ती ने इसे सरकार का वास्तविक हिंदुत्व का एजेंडा करार दिया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष ने ट्वीट में कहा था, धार्मिक विद्वानों को जेल में डालना, जामा मस्जिद बंद करना और यहां स्कूल के बच्चों को हिंदू भजन गाने का निर्देश देना कश्मीर में भारत सरकार के वास्तविक हिंदुत्व के एजेंडा को उजागर करता है।

रैना ने महबूबा के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें बाल मन में जहर पैदा करके इस तरह की राजनीति करनी बंद कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान यह भजन गाकर पूरे देश को एकजुट किया था। स्कूली बच्चे अपनी सुबह की प्रार्थना सभा में लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी भी गाते हैं और किसी को कोई आपत्ति नहीं है। भाजपा द्वारा यहां सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित मुफ्त चिकित्सा शिविर से इतर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जानबूझकर इस तरह के विवाद पैदा किए। उन्होंने कहा, महबूबा को इस तरह की राजनीति करनी बंद करनी चाहिए। वह कश्मीर में अपना आधार खो चुकी हैं और घाटी के लोगों ने उन्हें नकार दिया है। अब वह इस तरह का विवाद खड़ा कर रही हैं। रैना ने कहा, यह देश हम सभी का है, सभी धर्म के लोग-हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई यहां रहते हैं। महबूबा को ठअल्लामा इकबाल का मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना पढ़ते रहना चाहिए।

## भाजपा कश्मीर की धार्मिक, सूफी परंपराओं को खत्म कर रही है : महबूबा

**भाषा।** श्रीनगर



**पीपुल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपने विभाजनकारी एजेंडे को लागू करने के लिए कश्मीर की सभी धार्मिक और सूफी परंपराओं को खत्म कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड द्वारा जारी एक आदेश पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिसमें सभी दस्तारबंदी (किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सम्मान के रूप में सिर पर साफा बांधना) समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुफ्ती ने एक ट्वीट में कहा, पाखंड की कोई सीमा नहीं है क्योंकि भाजपा खुद मंदिर, दरगाह या गुरुद्वारे में पगड़ी बांधने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। वे अपने विभाजनकारी एजेंडे को लागू कर हमारे सभी धार्मिक और सूफी परंपराओं को खत्म करने तक नहीं रूकेंगे। आदेश में कहा गया है कि नेताओं के लिए उनकी राजनीतिक संबद्धता के अनुसार दस्तारबंदी की जा रही थी। आदेश में कहा गया है कि दस्तारबंदी केवल धार्मिक क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वालों को सम्मानित करने के लिए की जानी चाहिए। पीडीपी नेता ने कहा, जम्मू कश्मीर की सांस्कृतिक और पारंपरिक रीति-रिवाजों को कुचलना, धार्मिक नेताओं को गिरफ्तार करना, सज्जादनशीन को उनके पारंपरिक कर्तव्यों का पालन करने से रोकना और अब दस्तारबंदी पर प्रतिबंध लगाना, इसके उदाहरण हैं।

## श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को उनके समुद्री सीमा क्षेत्र में दाखिल होने के आरोप में पकड़ लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ए मछुआरे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई के निवासी हैं। मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें सोमवार देर रात मुल्लैथिवु एवं नेदुनथिवु के बीच अपने (श्रीलंका के) समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में पकड़ लिया। एक नौका भी जब्त की गई है। भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को इस बारे में पत्र लिखा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने जयशंकर को पत्र लिखकर उनसे इन मछुआरों की शीघ्र स्वदेश वापसी में सहयोग की मांग की। उन्होंने उनसे श्रीलंका की नौसेना द्वारा पकड़ी गई नौकाएं हासिल करने में सहयोग करने का अनुरोध भी किया।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने गोवा में एलेमाओ को विधायक दल का नया नेता नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गोवा में अपने आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के कुछ दिनों बाद मंगलवार को यूरी एलेमाओ को विधायक दल का नया नेता नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एलेमाओ को तत्काल प्रभाव से कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत सहित कांग्रेस के आठ विधायक गत बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे विपक्षी दल को एक बड़ा झटका लगा और उसके पास अब 40 सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ तीन विधायक ही बचे है।

### जम्मू-कश्मीर: इमरान हाशमी की फिल्म की शूटिंग के दौरान पथराव करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म ग्राउंड जीरो की यूनिट के सदस्यों पर कथित रूप से पथराव करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मीडिया की कुछ खबरों के मुताबिक, रविवार को पहलगाम इलाके में फिल्म की शूटिंग के दौरान पथराव की घटना में अभिनेता घायल हो गए थे। हालांकि, उन्होंने पथराव के दौरान घायल होने की खबरों को खारिज किया है। अभिनेता ने ट्वीट किया, कश्मीर के लोगों ने बहुत गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया है। श्रीनगर और पहलगाम में शूटिंग करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। पथराव की घटना में मेरे घायल होने की खबर गलत है। इस बीच, अनंतनाग पुलिस ने ट्वीट में कहा, 18 सितंबर को पहलगाम में शाम सात बज कर 15 मिनट पर फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद एक बदमाश ने फिल्म से जुड़े सदस्यों पर पथराव किया। तदनुसार, इस सिलसिले में पहलगाम थाने में प्राथमिकी संख्या 71/2022 दर्ज की गई थी। बदमाश की पहचान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि पिछले दो सप्ताह से इमरान हाशमी अभिनीत ग्राउंड जीरो की शूटिंग कश्मीर में जारी है और उन्हें किसी भी समस्या का सामना नही करना पड़ा।

### महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल मराठा आरक्षण पर उपसमिति के प्रमुख नियुक्त किए गए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में मराठा आरक्षण के लिए उप समिति का मंगलवार को पुनर्गठन किया और उच्चतर एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल को इसका प्रमुख नियुक्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में बताया कि पाटिल के नेतृत्व में समिति कानूनी और तकनीकी पहलुओं पर विचार करेगी, ताकि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना सुनिश्चित किया जा सके। समिति के अन्य सदस्यों में राज्य के मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, दादा भूसे, शंभूराज देसाई और उदय सामंत शामिल हैं। इससे पहले, उप समिति के प्रमुख अशोक चव्हाण थे, जो पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी सरकार में मंत्री थे। मई 2021 में उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उस कानून को रद्द कर दिया, जो मराठा समुदाय के लोगों को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकारियों में आरक्षण देने का प्रावधान करता था। शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक करार दिया था और कहा था कि 1992 में उच्चतम न्यायालय के मंडल निर्णय के जरिए तय की गई आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को पार नही किया जा सकता है।

### आप ने भाजपा में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की निंदा की

**चंडीगढ़।** पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की निंदा की और उन पर दशकों से अपने राजनीतिक करियर के लिए पंजाब के हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। आप की राज्य इकाई के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कांग ने कहा, यह कैप्टन (अमरिंदर सिंह) के लिए एक शर्मनाक स्थिति है क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष या केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता औपचारिक रूप से उनके पार्टी में शामिल होने के वक्त उनके साथ मौजूद नही थे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) के प्रमुख कैप्टन अमरिंदर सिंह अपने समर्थकों के साथ सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और किरेन रीजीजू, भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सिंह ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में केंद्र में सत्तारूढ़ दल का दामन थामा।

# भाजपा नेता ने द्रमुक नेता ए राजा के खिलाफ ओम बिरला से की शिकायत

**भाषा।** चेन्नई/उदगमंडलम

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ कथित रूप से नफरत फैलाने वाला भाषण देने को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ए राजा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की है और वह चाहते हैं कि द्रमुक सांसद के भविष्य में चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विभिन्न हिंदू संगठनों के आह्वान पर राजा की हालिया टिप्पणी के विरोध में नीलगिरि में दुकानें बंद रहीं। नीलगिरि राजा का संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में लगभग सभी दुकानें और होटल एवं बेकरी जैसे वाणित्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। भाजपा की राज्य इकाई की आईटी एवं सोशल मीडिया शाखा के अध्यक्ष सी टी आर निर्मल कुमार ने राजा के अनैतिक कृत्य के लिए उनके खिलाफ कार्वाई किए जाने की मांग भी की। कुमार ने ट्वीट किया, हिंदुओं के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के अनैतिक कृत्य के लिए लोकसभा कार्य संचालन के नियम 233 ए (चार) के तहत लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष राजा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। ए. राजा के भविष्य में कोई भी चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से की गई शिकायत को अपलोड भी किया। राजा के कथित भाषण के विरोध में बंद के आह्वान पर नीलगिरि के उदगमंडलम, कुन्नूर, कोठागिरि और गुडालुर में अधिकतर दुकानें बंद रहीं। बहरहाल, पुलिस अधीक्षक आशीष रावत ने कहा कि केवल कुछ दुकानें बंद रहीं और दुकानदारों को दुकान बंद करने के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। निजी मिनी बस भी सड़कों से नदारद नजर आईं। इन शहरों में बस अड्डों एवं बाजार जैसे स्थानों पर पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई है। इस बीच, कोयंबटूर जिले के अन्नूर में कुछ दुकानें, बेकरी, होटल और भोजनालय बंद रहे और भाजपा के 17 पदाधिकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अलावा द्रमुक और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुकानें बंद नहीं करने की अपील की। द्रमुक के उप महासचिव राजा ने हाल में शूद्रों को लेकर कथित टिप्पणी की थी जिससे विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने उन पर दूसरों को खुश करने के लिए एक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया है। राजा ने कहा था कि मनुस्मृति में शूद्रों का अपमान किया गया है और उन्हें समानता, शिक्षा, रोजगार और मंदिरों में प्रवेश देने से इनकार किया गया है। उन्होंने द्रमुक की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, आप जब तक हिंदू हैं, शूद्र हैं।



गुजरात में नवरात्रि की तैयारी शुरूः एक व्यक्ति डांडिया रास की पारंपरिक वेशभूषा की नाप देता हुआ

## पंजाब के मुख्यमंत्री मान के नशे में होने के आरोपों पर गौर करेंगे : सिंधिया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि वह इन आरोपों पर गौर करेंगे कि नशे में होने के कारण पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर दिल्ली आने वाले विमान से उतार दिया गया था। मंत्री ने जोर दिया कि तथ्यों को सत्यापित करना महत्वपूर्ण है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि मान को फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर लुफ्थांसा के विमान से इसलिए उतारा गया क्योंकि वह नशे में थे। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इस मामले में जांच की मांग करते हुए सिंधिया को पत्र लिखा है। सिंधिया ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, यह कथित घटना अंतरराष्ट्रीय धरती पर हुई है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम तथ्यों को सत्यापित करें। यह विमानन कंपनी लुफ्थांसा पर है कि वह विवरण पेश करे। मुझे जो अनुरोध भेजा गया है, मैं निश्चित रूप से उस पर गौर करूंगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए खारिज कर दिया है। मान जर्मनी की आठ दिवसीय यात्रा से सोमवार को लौटे। वह निवेश आकर्षित करने के मकसद से जर्मनी गए थे।

# भाजपा, आरएसएस के कहने पर केरल में संवैधानिक संकट पैदा कर रहे है राज्यपाल: माकपा

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल में** सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कहने पर राज्य में संवैधानिक संकट पैदा करने का मंगलवार को आरोप लगाया। स्थानीय स्वशासन मंत्री एम बी राजेश और राज्य के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक ने आरोप लगाया कि खान केरल में भाजपा-आरएसएस की नीतियां लागू करने की कोशिश कर रहे हैं और पिछले कुछ दिन के उनके आचरण से यह स्पष्ट हो गया है। राजेश ने आरोप लगाया कि भाजपा जानती है कि वह कर्नाटक और गोवा जैसे अन्य राज्यों की तरह वाम विधायकों को डराकर या खरीदकर अपने दल में शामिल नहीं कर सकती और इसलिए, वे यहां संवैधानिक संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसाक ने भी राजेश के सुर में सुर मिलाते हुए कहा, जिन राज्यों में गैर भाजपा सरकार है, वे वहां समस्याएं पैदा करने के लिए राज्यपाल का इस्तेमाल कर रहे हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, झारखंड को देखिए। यह केरल में ही नहीं, बल्कि उन सभी स्थानों पर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कानून एवं लोकायुक्त संशोधन विधेयक को राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी और उसे बिना देखे यह कहा कि वह उस पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, जिससे उनके पूर्वाग्रह का पता चलता है। राजेश ने कहा कि राज्यपाल का आचरण इस ओर इशारा करता है कि वह किसके लिए काम कर रहे हैं और इसका रिमोट कंट्रोल कहां है। इसाक ने कहा कि राज्यपाल को अपने पद और अपनी शक्तियों की समझ होनी चाहिए। उन्होंने कहा, वह (राज्यपाल) कैबिनेट की सलाह पर काम करने के लिए बाध्य हैं, लेकिन वह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं, मानो वह केरल के राजा हों। यह अस्वीकार्य है। इसका एकमात्र समाधान राजनीतिक रूप से इसका प्रतिरोध करना है। इसाक ने कहा, वह (खान) यह कहने वाले कौन होते हैं कि वह एक चयनित सरकार द्वारा पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे और उसे अपनी जेब में रखे रखेंगे। माकपा नेताओं के इन बयानों से एक दिन पहले, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य की वाम मोर्चा सरकार के खिलाफ अपने हमले तेज करते हुए उस पर राजभवन समेत असहमति जताने वालों की आवाज को चुप कराने का सोमवार को आरोप लगाया था।

खान ने 2019 में कन्नूर विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में उनके साथ कथित रूप से धक्का मुक्की किए जाने और केरल के राजस्व के मुख्य रूप से लॉटरी एवं शराब की ब्रिकी पर आधारित होने समेत कई मामलों को लेकर सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पर निधाना साधा था। केरल के राज्यपाल ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए, कन्नूर विश्वविद्यालय में एक समारोह में कथित रूप से उनके साथ धक्का मुक्की किए जाने के वीडियो क्लिप मीडिया के साथ सोमवार को साझा किए थे। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र और उनके भेजे जवाब भी मीडिया में जारी किए थे।

## भारत जोड़ो यात्रा को गुजरात से आरंभ करना चाहिए था: प्रशांत किशोर

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को गुजरात या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित किसी अन्य राज्य से शुरू किया जाना चाहिए था। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम से इतर यह बात कही। किशोर ने अलग विदर्भ राज्य की मांग कर रहे स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में मुलाकात की। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछे जाने पर किशोर ने कहा, बेहतर होता यदि कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत, इस साल के अंत में होने जा रहे विधानसभा चुनाव वाले राज्य गुजरात से या उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों से की होती। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में यात्रा की शुरूआत तमिलनाडु से हुई है। उल्लेखनीय है कि इस साल की शुरूआत में यह चर्चा जोरों पर थी कि किशोर कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं, लेकिन बाद में उन्होंने कहा था कि उन्होंने पार्टी की चुनाव रणनीति तैयार करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

## जेल में कैदियों के लिए जीवनसाथी के साथ कुछ घंटे बिताने की सुविधा शुरू की गई

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब में** कैदी अब अपने जीवनसाथी के साथ कुछ समय बिता पाएंगे क्योंकि राज्य के कारागार विभाग ने मंगलवार से कैदियों को एक अलग कमरे में कुछ घंटे बिताने की सुविधा देने की शुरुआत की है। इस तरह की सुविधा शुरू करने वाला यह पहला राज्य है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में गोइंदवाल साहिब की केंद्रीय जेल, नाभा की नई जिला जेल और बठिंडा की महिला जेल में इसकी अनुमति दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि दुर्दांत अपराधी, गैंगस्टर और यौन अपराधों से जुड़े मामलों में सजा काट रहे कैदियों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। अधिकारी ने बताया कि अच्छे आचरण वाले कैदियों को दो घंटे तक अपने जीवनसाथी के साथ रहने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए विभाग ने एक कमरा निर्धारित किया है, जिसमें शौचालय भी होगा। अधिकारी ने कहा, जेल में लंबे समय से मौजूद कैदियों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने दावा किया, हमें मिली जानकारी के अनुसार देश में यह सुविधा शुरू करने वाला पंजाब पहला राज्य है। विभाग को उम्मीद है कि उसकी इस पहल से दाम्पत्य संबंध मजबूत होंगे और कैदियों का अच्छा आचरण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह की मुलाकात के लिए आने वाले पति या पत्नी को अपनी शादी के प्रमाण दिखाने होंगे और चिकित्सा प्रमाण पत्र भी देना होगा, जो उनके एचआईवी या किसी अन्य यौन संचारित रोग, कोरोना वायरस संक्रमण या किसी अन्य संक्रामक रोग से पीड़ित ना होने की पुष्टि करता हो। कारागार विभाग ने कुछ दिन पहले कैदियों को कारागार परिसर में उनके परिवार के सदस्यों से मिलने की अनुमति देने के लिए एक अन्य कार्यक्रम की शुरुआत भी की थी। इस कार्यक्रम की शुरुआत लुधियाना कारागार से की गई, जिसके तहत कैदी और विचाराधीन कैदी हर पखवाड़े अपने प्रियजनों से करीब एक घंटे के लिए मुलाकात कर सकते हैं।

# अमित शाह के साथ राजनीति पर नहीं हुई चर्चा : पलानीस्वामी

**भाषा।** नई दिल्ली/चेन्नई

**अन्नाद्रमुक से** अलग हुए वरिष्ठ नेता ओ पनीरसेल्वम के साथ नेतृत्व को लेकर चल रहे संघर्ष और पार्टी के पूर्व मंत्रियों पर सतर्कता छापों के बीच, पार्टी के अंतरिम महासचिव के पलानीस्वामी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और कहा कि उन्होंने राजनीति पर चर्चा नहीं की।

उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शुरू की गई दो प्रमुख परियोजनाओं के लिए केंद्र के दखल की मांग की थी और तमिलनाडु में कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी ध्यान देने की मांग की थी, विशेष रूप से ड्रग्स के संदर्भ में जो उनके मुताबिक छात्रों के लिए बिना किसी बाधा के उपलब्ध है। पलानीस्वामी ने संवाददाताओं को बताया, यह एक शिष्टाचार भेंट थी। मैंने गृह मंत्री से गोदावरी-कावेरी नदी जोड़ने की परियोजना में तेजी लाने तथा तमिलनाडु के वास्ते पानी सुनिश्चित करने के साथ ही गंगा की तर्ज पर नादानथाई वाझी कावेरी के पुनरुद्धार के लिए हस्तक्षेप का अनुरोध किया। पलानीस्वामी के साथ इस दौरान राज्य के पूर्व मंत्री एस पी वेलुमणि और सी वी षणमुगम भी मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जोड़ने की योजना विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के चरण में है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री से इन दोनों योजनाओं का कार्यान्वयन तेज करने का अनुरोध किया गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने अपनी बैठक के दौरान तमिलनाडु में हाल के राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा की थी, उन्होंने कहा, नहीं, हमने राजनीति पर चर्चा नहीं की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने कहा कि उनकी अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने नेतृत्व संकट पर टिप्पणी करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि मामला विचाराधीन है।

# कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव: थरूर के चुनाव लड़ने के कदम से खुश नहीं हैं केरल में पार्टी के नेता

**भाषा।** अलप्पुझा (केरल)

**कांग्रेस अध्यक्ष** पद के लिए शशि थरूर के किस्मत आजमाने की खबरें केरल में पार्टी के नेताओं को रास नहीं आई हैं और एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को इसे तिरुवनंतपुरम के सांसद का निजी फैसला करार दिया। वहीं, पार्टी के एक अन्य नेता ने कहा कि राज्य इकाई केवल उसे ही वोट देगी जो नेहरू परिवार के महत्व को स्वीकार करता हो। कोडिकुन्निल सुरेश और के. मुरलीधरन ने थरूर के चुनाव लड़ने के संकेत देने के बाद यहां भारत जोड़ो यात्रा से इतर परोक्ष रूप से अप्रसन्नता जाहिर की। दोनों सांसदों ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की राज्य इकाई चाहती है कि राहुल गांधी पार्टी के शीर्ष पद को स्वीकार करें।

सुरेश ने यहां संवाददाताओं से कहा, अगर वह (राहुल) पद की जिम्मेदारी नहीं संभालना चाहते हैं तो किसी ऐसे व्यक्ति को पदासीन किया जाना चाहिए जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में और पार्टी के अधिकतर नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के बीच स्वीकार्य हो। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी और हम सबकी यही इच्छा है। सात बार के लोकसभा सदस्य सुरेश ने कहा कि जहां तक थरूर की उम्मीदवारी की बात है तो यह निर्णय उन्होंने लिया है और यह अभी स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने इस संबंध में पार्टी स्तर पर कोई विचार-विमर्श किया है या नहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में थरूर की उम्मीदवारी को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश ने कहा कि जहां तक पार्टी की बात है, तो ऐसे व्यक्ति को चुनने की परंपरा रही है जो पार्टी में अधिकतर नेताओं और कार्यकर्ताओं की पसंद हो। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि थरूर के चुनाव लड़ने से पार्टी में कोई संकट नहीं आएगा। इस बीच, पार्टी के लोकसभा सदस्य के. मुरलीधरन ने कहा कि केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि उसी व्यक्ति को अपना वोट देंगे जो नेहरू-गांधी परिवार के महत्व को स्वीकार करता हो। उन्होंने यह इच्छा भी जताई कि राहुल गांधी को एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि उनका (राहुल का) अध्यक्ष बनने से इनकार करना सभी के लिए चिंता का विषय है। मुरलीधरन ने संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी के अध्यक्ष पद ग्रहण करने से किसी कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन इस पद को स्वीकार करना या नहीं करना, पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर करता है। लोकसभा सदस्य ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के बारे में तस्वीर तो अब 30 सितंबर को नामांकन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ही साफ हो पाएगी। इसके अगले दिन भारत जोड़ो यात्रा केरल की सीमा को पार कर कर्नाटक में प्रवेश कर जाएगी। मुरलीधरन ने कहा, वैसे भी, हम केवल उन्हें चुनेंगे जो नेहरू परिवार के महत्व को स्वीकार करते हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अगर चुनाव होता है तो यह 22 साल बाद इस तरह का मुकाबला होगा। सोमवार को वरिष्ठ नेता शशि थरूर के पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जताने के बाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भी चुनावी रण में उतरने के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, थरूर ने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर उन्हें अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा से अवगत कराया, जिस पर सोनिया ने कहा कि उनकी भूमिका तटस्थ रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की जाएगी और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

## राहुल को अध्यक्ष बनाने के लिए विभिन्न पीसीसी की ओर से पारित प्रस्ताव का बाध्यकारी प्रभाव नहीं: रमेश

**अलप्पुझा (केरल)।** कुछ प्रदेश कांग्रेस कमेटियां (पीसीसी) राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पारित कर रही हैं, लेकिन पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि इस तरह के कदमों का कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं है। कांग्रेस नेता शशि थरूर के पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के संकेत के बीच रमेश ने यह भी कहा कि कोई भी इस पद के लिए लड़ सकता है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से वह किसी एक उम्मीदवार को लेकर आम-सहमति बनने के पक्षधर हैं। भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम के दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर आम-सहमति नहीं बनती तो पार्टी चुनाव के लिए तैयार है और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के 9,000 प्रतिनिधि लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

सात प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पारित करने के बारे में पूछने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साह में हैं, क्योंकि वे पिछले 13 दिन से राहुल गांधी को पदयात्रा करते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन किसी ने किसी को कोई प्रस्ताव पारित करने को नहीं कहा। राहुल गांधी ने किसी को कोई प्रस्ताव पारित करने को नहीं कहा। कांग्रेस अध्यक्ष ने किसी से नहीं कहा। कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्साह में हैं। वे पिछले 13 दिन से राहुल को पदयात्रा करते देख रहे हैं। वह देख रहे हैं कि हर रोज वह कितनी पीड़ा सह रहे हैं। वे सभी उनसे खुद को जोड़ सकते हैं। प्रस्ताव पारित करना स्वाभाविक है। लेकिन उनका कोई बाध्यकारी प्रभाव नहीं है।

# ब्रिटेन में उपद्रव को लेकर 47 लोग गिरफ्तार


**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन की पुलिस** ने मंगलवार को कहा कि उसने इंग्लैंड के पूर्वी शहर लीसेस्टर में उपद्रव के सिलसिले में 47 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा ऐसी और घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस बल गश्त कर रहे हैं। सप्ताहांत पर शहर में हिंसक घटनाएं हुई थी। इससे पहले लंदन स्थित भारतीय उच्चायुक्त ने कड़े शब्दों में एक बयान जारी कर भारतीय समुदाय के खिलाफ हिंसा की निंदा की थी और प्रभावित लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की थी। लीसेस्टर पुलिस ने कहा कि 20 वर्षीय एक शख्स ने शहर में झड़प के दौरान हथियार रखने का गुनाह कबूल किया है जिसके बाद उसे 10 महीने की जेल की सज़ा सुनाई गई है। स्थानीय निवासी अमोस नोरोन्हा को शनिवार को घटनास्थल से ही गिरफ्तार किया था और लीसेस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत थे जिसके आधार पर उस पर आरोप लगाए गए। लीसेस्टरशायर पुलिस के टेम्परेरी चीफ कांस्टेबल रॉब निक्सन ने कहा कि यह कार्वाई दिखाती है कि संगीन अपराध किया गया था और उसे जेल में रहना होगा। हम अपने शहर में यह उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेंगे। निक्सन के मुताबिक, पुलिस बल तैनात हैं और सूचनाओं तथा रिपोर्ट पर कार्वाई की जा रही है साथ ही लोगों को उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है। हम आपको सुरक्षित रखने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए काम कर रहे हैं। जिन्होंने हमारे समुदायों को नुकसान पहुंचाया है, उन्हें इंसाफ के दायरे में लाया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, पिछले महीने के आखिर में एशिया कप के तहत दुबई में हुए भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद हिंदू-मुस्लिम समूहों में झड़प हो गई थी। पुलिस ने इसे गंभीर उपद्रव बताया है। पुलिस ने बताया कि शहर के पूर्वी हिस्से में पुलिस की गश्त जारी है ताकि उपद्रव की कोई घटना न हो। उन्होंने बताया कि शहर में उपद्रव के सिलसिले में कुल 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से कुछ लोग बर्मिंघम समेत दूसरे नगरों के हैं। पुलिस ने कहा कि उसने आसपास के इलाकों से पुलिस बलों को बुलाया है। इलाके में शांति बहाल करने के लिए लोगों को तितर बितर करने और लोगों को रोक कर उनकी तलाशी लेने के अधिकारों का इस्तेमाल किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि एक मंदिर का झंडा उतारा जा रहा है और कांच की बोतलें फेंकी जा रही है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को जारी बयान में कहा, हम लीसेस्टर में भारतीय समुदाय के खिलाफ हुई हिंसा और हिंदू धार्मिक परिसरों और प्रतीकों की तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। इसमें कहा गया है, हमने ब्रिटेन के अधिकारियों के साथ इस मामले को पुरजोर तरीके से उठाया है और इन हमलों में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग की है। हम अधिकारियों से, प्रभावित लोगों को सुरक्षा प्रदान करने का आह्वान करते हैं। प्रवासी समूह इनसाइट यूके ने दावा किया है कि हिंसा की ज्यादातर घटनाएं अफवाहों और सोशल मीडिया पर प्रसारित फर्जी खबरों की वजह से हुई हैं। लीसेस्टर के मेयर पीटर सोल्सबी ने कहा कि सोशल मीडिया पर चीज़ों को तोड़-मरोड़ कर साझा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहर से आए लोग शहर में हिंसा भड़का रहे हैं। हिंदू काउंसिल यूके ने एक बयान में कहा, हम हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की घटना की निंदा करते हैं। यह पूजास्थल हैं और उनका अनादर नहीं किया जाना चाहिए। बयान के मुताबिक, हम हिंदू समुदाय से आह्वान करते हैं कि वे अधिकारियों के साथ मिलकर शांति कायम करने के लिए काम करें।

## महारानी के अंतिम संस्कार के बाद शाही परिवार ने जारी की उनकी अनदेखी तस्वीर

**लंदन।** ब्रिटेन के शाही परिवार ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार के बाद उनकी एक अनदेखी तस्वीर जारी की है। ब्रिटेन में सर्वाधिक समय तक राजगद्दी पर आसीन रहीं महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को सोमवार को अंतिम विदाई देते हुए उनके ताबूत को विंडसर कैसल स्थित सेंट जॉर्ज चैपल के शाही वॉल्ट (शव कक्ष) में नीचे रख दिया गया। महारानी को उनके पति प्रिंस फिलिप के बराबर में दफनाया गया। महारानी के अंतिम संस्कार के बाद शाही परिवार द्वारा सोमवार को जारी तस्वीर 1971 में बाल्मोरल में ली गई थी। तस्वीर के शीर्षक में लिखा गया, मे फ्लाइट्स ऑफ एंजेल्स सिंग दी टू दाइ रेस्ट (ईश्वर करे कि परियां आपको लोरियां गाकर सुलाएं)। यह पंक्ति शेक्सपीयर के नाटक हैमलेट से ली गई है। बीबीसी ने बताया कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपनी मां के निधन के बाद टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में इस पंक्ति का जिक्र किया था।

# राजनाथ के दौरे के दौरान भारत, मिस्र ने रक्षा सहयोग व समझौते पर हस्ताक्षर किए



**काहिरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिस्र के रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद जकी के साथ व्यापक चर्चा की तथा भारत और मिस्र ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सिंह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरब देश के तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे। सिंह ने सोमवार को बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, मिस्र के रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद जकी के साथ काहिरा में शानदार मुलाकात हुई। द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और विस्तारित करने के लिए कई पहल पर हमने व्यापक चर्चा की।

रक्षा मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की और संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के लिए कर्मियों के आदान-प्रदान, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के संबंध में आम सहमति पर पहुंचे। दोनों मंत्री समयबद्ध तरीके से भारत और मिस्र के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने के प्रस्तावों की पहचान करने पर भी राजी हुए। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया तथा दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए भारत और मिस्र के योगदान को स्वीकार किया।

बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने कोविड-19 महामारी के बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में गहन रक्षा जुड़ाव और आदान-प्रदान पर खुशी व्यक्त की। दोनों मंत्री सुरक्षा और रक्षा पहलुओं समेत द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और इसे आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# सुंदर पिचाई ने की भारतीय राजदूत से मुलाकात भारत के प्रति गूगल की प्रतिबद्धता पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन।** सर्च इंजन गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास में पहली बार अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू से मुलाकात की और देश में प्रौद्योगिकी कंपनी की गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से डिजिटलीकरण की दिशा में किए गए प्रयास पर चर्चा की। पिचाई ने पिछले सप्ताह भारतीय दूतावास की अपनी यात्रा और बैठक को लेकर बाद में एक ट्वीट में कहा कि इस बातचीत के लिए राजदूत संधू का धन्यवाद। बता दें कि ऐसा पहली बार हुआ, जब किसी शीर्ष भारतीय अमेरिकी टेक सीईओ ने दूतावास का दौरा किया है। पिचाई ने कहा, भारत के लिए गूगल की प्रतिबद्धता पर चर्चा करने का अवसर देने की सराहना करता हूं। भारत के डिजिटल भविष्य के लिए समर्थन को जारी रखने के लिए तत्पर हूं। पिचाई को इस साल जनवरी में



पद्म भूषण के लिए नामित किया गया था।

संधू ने ट्वीट किया, तकनीक जो बदलाव लाए, विचार जो सक्षम बनाएं। दूतावास में गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई का स्वागत कर खुशी हुई। भारतीय दूत ने कहा, गूगल के साथ भारत-अमेरिका वाणिज्यिक, ज्ञान और तकनीकी साझेदारी के विस्तार पर विचारों पर चर्चा की। पिचाई के नेतृत्व में गूगल ने भारत में बड़े पैमाने पर निवेश किया है और युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के अलावा कई क्षेत्रों में अपना विस्तार किया है। गूगल ने भारत में डिजिटलीकरण के लिए लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसमें रिलायंस जियो के अलावा भारती एयरटेल के साथ भी साझेदारी है। इसके अलावा, गूगल कार्यबल विकास और कौशल विकास पर भारत के साथ साझेदारी कर रहा है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन को भी शामिल किया गया है। भारतीय राजदूत के साथ बैठक के दौरान, पिचाई ने भारत द्वारा की गई पहलों की सराहना की। पिचाई ने बताया कि कैसे गूगल भारत को एक बहुत ही सकारात्मक ढांचे के तौर पर देख रहा है।

## यूक्रेन कब्जाए गए रूसी टैंकों का कर रहा है इस्तेमाल

**कीव।** यूक्रेन उत्तर पूर्वी क्षेत्र पर अपनी बढ़त को मज़बूत करने के लिए रूस के पकड़े गए टैंकों को तैनात कर रहा है। यह दावा अमेरिका के एक थिंकटैंक ने किया है। वहीं कीव ने उन क्षेत्रों पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है जिनपर रूस ने कब्जा कर लिया है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी ऑफ वार ने रूसी दावों के हवाले से कहा कि यूक्रेन टी-72 टैंकों का इस्तेमाल कर रहा है जिन्हें रूसी सेना ने छोड़ दिया था और अब यूक्रेन रूस के कब्जे वाले क्षेत्र लुहांस्क में आगे बढ़ने की कोशिश में है। संस्थान ने कहा, जवाबी हमले से शुरू में घबराए रूसी सैनिक उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण छोड़ गए थे जो चालू स्थिति में हैं जबकि अप्रैल में कीव से पीछे हटने के दौरान रूसी सैनिक क्षतिग्रस्त उपकरण छोड़कर गए थे। इस महीने के शुरू में यूक्रेन ने जवाबी हमले शुरू किए थे और अपने दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के आसपास के इलाकों में उसके सैनिक घुस गए थे। वीडियो और फोटो में दिख रहा है कि यूक्रेनी सैनिक टैंकों, गोलाबारूद और अन्य हथियारों को अपने कब्जे में ले रहे हैं।

# भारत, यूएई और फ्रांस ने अमेरिका में पहली मंत्रिस्तरीय त्रिपक्षीय बैठक की

**न्यूयॉर्क।** भारत, संयुक्त अरब अमीरात और फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर यहां अपनी पहली त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय बैठक की तथा रणनीतिक भागीदारों और संरा सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों के बीच विचारों के सक्रिय आदान-प्रदान पर ध्यान देने के साथ ही कूटनीति के एक नए और अधिक समकालीन तरीके पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें उच्च स्तरीय सत्र में हिस्सा लेने के लिए रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर न्यूयॉर्क पहुंचे। यह सत्र आम चर्चा के साथ आज से शुरू होगा। जयशंकर ने बैठक के बाद ट्वीट किया, भारत-यूएई-फ्रांस की एक उत्पादक पहली त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय बैठक। रणनीतिक साझेदारों और यूएनएससी सदस्यों के बीच विचारों का सक्रिय आदान-प्रदान। सोमवार को यूएई की मेजबानी में हुई बैठक में उसके विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान और यूरोप व विदेश मामलों के लिए फ्रांसीसी मंत्री कैथरीन कोलोना ने भी हिस्सा लिया। जयशंकर ने अपने व्यस्त कूटनीतिक सप्ताह की शुरुआत उच्च स्तरीय सत्र से इतर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों के साथ की। यह भारत, संयुक्त अरब अमीरात और फ्रांस की पहली मंत्रिस्तरीय त्रिपक्षीय बैठक थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीनों देश अलग-अलग हैं, लेकिन एक-दूसरे के रणनीतिक साझेदार हैं और चर्चा समानताओं के क्षेत्रों पर केंद्रित है और इन समानताओं को कैसे निर्दिष्ट और मजबूत बनाया जाए, इस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीनों देश एक-दूसरे के साथ बहुत सहज हैं और ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां संभावित रूप से वे अधिक समन्वित तरीके से काम कर सकते हैं। उन्होंने क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका), आईटूयू2 (भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका) का उदाहरण देते हुए कहा कि एक साझा एजेंडा खोजने के प्रभावी तरीकों के रूप में उभर रहे मंचों के तौर पर भारत, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के बीच त्रिपक्षीय सहयोग है। इस तरह की बहुपक्षीय बैठकें कूटनीति करने के एक नए और अधिक समकालीन तरीके का संकेत देती हैं। आम तौर पर समूह क्षेत्रीय और प्रकृति में करीब (आसपास के) हैं जैसे कि सार्क, बिम्सटेक, आसियान और यूरोपीय संघ। हालांकि ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) अपवाद है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कूटनीति अब बदल रही है और ऐसे देश हैं जो किसी क्षेत्र में पड़ोसी या एक-दूसरे के बगल में नहीं हैं, लेकिन जिनके कुछ सामान्य हित हैं और वे एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। यूएई के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, हमारी साझेदारी की निरंतर प्रगति की समीक्षा की। वैश्विक स्थिति पर उनके आकलन और अंतर्दृष्टि की सराहना की। जयशंकर ने मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकी से भी मुलाकात की।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख की विश्व नेताओं को चेतावनी, दुनिया गहरे संकट में है

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने विश्व नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि दुनिया गहरे संकट में है। उन्होंने गत तीन साल में पहली बार विश्व नेताओं के साथ होने वाली आमने-सामने की बैठक से पहले कहा कि संघर्ष, जलवायु आपदा, बढ़ती गरीबी और असमानता एवं यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद महाशक्तियों के बीच पैदा हुई दरार को पाटने के लिए काम करने की जरूरत है। नेताओं की मंगलवार को शुरू हो रही बैठक में भाषण और टिप्पणी से पहले गुतारेस ने रेखांकित किया कि न केवल जलवायु परिवर्तन के संकट से धरती को बचाने की बल्कि कोविड-19 महामारी से निपटने की भी वृहद चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के मुताबिक पृथ्वी पहले ही बारूद के ढेर पर है। उन्होंने रेखांकित किया कि विकासशील देशों के समक्ष महामारी से उबरने के लिए वित्तीय संसाधन की कमी की चुनौती है जिसकी वजह से उन देशों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला अधिकारों पर विपरीत असर पड़ सकता है। गुतारेस मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र को संबोधित करेंगे।

# लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए फिनटेक उद्योग को सुरक्षा पर लगातार काम करने की जरूरत: मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि फिनटेक क्षेत्र को लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए सुरक्षा पर लगातार काम करने की जरूरत है। मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में अपने संदेश में कहा कि यह क्षेत्र इस बात की तस्दीक करता है कि जब नवाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार और युवा एवं आविष्कारशील दिमाग एक साथ आते हैं, तो कैसे अजूबों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने संदेश में कहा, समावेश के लिए नवाचार हमारा मंत्र रहा है- जैम त्रई से सार्वजनिक वितरण में क्रांति हुई, डिजिटल भुगतान को लोकप्रिय बनाने में यूपीआई की सफलता, और फिनटेक तथा स्टार्टअप क्षेत्र में नवाचार केंद्र के रूप में भारत की पहचान बनी है। जैम त्रई में जनधन, आधार और मोबाइल शामिल हैं। प्रधानमंत्री के संदेश को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2022 सलाहकार बोर्ड के चेयरमैन क्रिस गोपालकृष्णन ने पढ़ा। मोदी ने कहा कि बड़ी संख्या में बैंकिंग सेवा रहित आबादी से हम सभी के लिए बैंकिंग की स्थिति में पहुंच रहे हैं और यहां तक कि अब हम डिजिटल रूप से भी लैस हैं।

यह एक अभूतपूर्व यात्रा रही है। फिनटेक डोमेन से जुड़े लोग अच्छी तरह जानते हैं कि लगातार नवाचार बेहद जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा सुनिश्चित करने के लिए तेजी से और लगातार काम करने की जरूरत है। मोदी ने कहा कि भारत में फिनटेक क्षेत्र समावेशी है और गरीब से गरीब व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण वित्तीय सेवाएं देकर, उन्हें सशक्त बनाने के लिए लगातार ध्यान देने की जरूरत है। भरोसा जताया कि इस आयोजन में विचार-विमर्श इस बात पर केंद्रित होगा कि फिनटेक क्षेत्र अमृत काल में एक महत्वपूर्ण भूमिका कैसे निभा सकता है, जिससे एक मजबूत, समृद्ध और समावेशी भारत का निर्माण हो सके।

# बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 578 अंक चढ़ा, बैंक शेयरों में तेजी

**मुंबई।** चौतरफा लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 578 अंक से अधिक के लाभ के साथ बंद हुआ। मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए अमेरिका तथा अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों के आक्रामक तरीके से नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर चिंताओं के बावजूद बाजार बढ़त में रहा। ब्याज दरों में वृद्धि के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) के साथ स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक इस सप्ताह नीतिगत दर के बारे में निर्णय करेंगे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 578.51 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,719.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 964.56 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 194 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,816.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 297.05 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से सन फार्मा सबसे अधिक 4.71 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा डॉ. रेड्डीज, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ केवल चार शेयर नेस्ले इंडिया, पावरग्रिड, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.64 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पश्चिमी बाजारों में कमजोर रुख का असर घरेलू बाजार पर नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि भारतीय बाजार फेडरल रिजर्व के कदम को लेकर आशंकित नहीं है। गिरावट पर लिवाली की रणनीति काम कर रही है...। उन्होंने कहा, हालांकि, यह रुख तभी कायम रह सकता है जबकि वैश्विक बाजारों में स्थिरता हो। प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में शेयर तथा क्षेत्र केंद्रित रुख की जरूरत है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, सभी की नजरें एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की कल की बैठक पर है। आने वाले दिनों में फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर निर्णय बाजार को दिशा देगा। निवेशकों की नजर वैश्विक रुख, कच्चे तेल और मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर भी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत चढ़कर 92.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर सात पैसे चढ़कर 79.74 (अस्थाई) पर बंद हुई।

## भारत 25 साल में 25,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा: केवी कामत

**मुंबई।** राष्ट्रीय अवसंरचना वित्त पोषण और विकास बैंक (एनएबीएफआईडी) के चेयरमैन केवी कामत ने मंगलवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था 25 साल में 25,000 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगी। सरकार ने देश में दीर्घकालीन बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण को समर्थन देने और उसके विकास के लिए पिछले साल एनएबीएफआईडी का गठन किया था। कामत ने यह भी कहा कि एनएबीएफआईडी से संबंधित सभी जरूरी नीतियों और रूपरेखा से जुड़े कार्यों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा, हम तय कार्यक्रम के तहत आगे बढ़ रहे हैं..। नीतियां, प्रक्रियाएं और रूपरेखा से जुड़े कार्य पूरे हो चुके हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी आ चुके हैं। हमें अब कर्ज देना शुरू करना है। कामत ने मॉर्निंगस्टार निवेश सम्मेलन में कहा, मेरे विचार से भारत अगले 25 साल में 25,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा।

**CORRIGENDUM**

Be it known to all concerned that my client Sh. Rajendra Singh Mehta S/o Sh. J.S. Mehta, R/o D-119, 3rd Floor, Preet Vihar, Delhi-110092 (first party). The Public Notice was published on 19.09.2022 in which the maintenance was **Rs.3,000/- not Rs.300 as mentioned in the aforesaid public notice.**

Rajesh Kumar (Advocate)
Supreme Court of India
SCBA No.: K/1381, Mob. 8851180713

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Suresh Chand Sharma S/o Late Sh. Gauri Shankar Gautam R/o C-2/326,Gali No.- 4,2nd Pusta Sonia Vihar, Delhi -110094. are the purchasers/ owners of C-2/326,Gali No.- 4, 2nd Pusta Sonia Vihar, Delhi -110094. vide DDA's File No. 6A(100)65/LSB(I).The Original Demand Letter, DDA Possession Letter, Site Possession Letter, Lease Deed, NOC, Form 'D' & 'C' of the said Plot have been misplaced. An Information Report of this effect has been lodge in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No.770438/2022 on 07.09.2022.
Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9210746762 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(I) or Director (I) A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi - 110023.

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि मैं, प्रेम नाथ निवासी जे-1195, पालम विहार, गुरूग्राम-122017, हरियाणा, मेरी मृतक पत्नी स्व. श्रीमती पी.एन. राज उर्फ राज प्रेम नाथ की वसीयत के अनुसार, लैट टी-5/1104, पार्क व्यू रेजीडेंसी, सेक्टर-3, गुरूग्राम, जोकि एकमात्र उसके स्वामित्वाधीन था, के स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन कर रहा हूं। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, कृपया 30 दिन के भीतर, रजिस्टर्ड पोस्ट एडी द्वारा सुश्री अर्चना जैन अधिवक्ता, के-2, भीम नगरी अपार्टमेंट्स, एसडीए, नई दिल्ली-110016 को लिखित सूचना दें।

**सार्वजनिक सूचना-आईडी कार्ड खो जाना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी मिस गरिमा का आईडी कार्ड न० 2244718 उत्तम नगर पर लापता और/या खो गया है जो कोई भी उक्त आईडी कार्ड पाता है,उसे अनुरोध है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबन्धक ऋण सेवा और प्रबन्धक समूह,आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को लौटा दिया जाए ।
इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड स० 2244718 रखने वाले किसी भी अधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें । कृप्या आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/ या जिम्मेदार नहीं होगा !
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
दिनांक 20.09.2022 स्थान-नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **SARNAM SINGH S/0 Gajadhar singh R/o B-1010, Avantika.Sector-1,Rohini, Delhi 110085.** is the legal owner of the Property, for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. the above flat have demand letter and demand cum allotment letter of the above said property have been lost.An FIR/NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, Delhi vide LR NO. 717409 /2022. So No.430/2014 Delhi Police. Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone: 9250206854. The person claiming any right,interest objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy.Director (Housing)R,Block 3 rd Floor,or Director (H) A Block,Vikas Sadan,INA,New Delhi.**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Geeta Arora is the owner of DDA Janta Flat bearing No. 856, Area Measuring 30 Sq. Mtrs., Situated in the Layout Plan of Nand Nagri Residential Scheme Now Colony known as GTB Enclave Illaqa Shahdara Delhi-110093, having acquired the same vide sale deed dated 11.02.2011 (Doc No. 2348) executed by Alka, Usha Rani & Saroj Verma And whereas she has lost the original Sale Deed dated 04.06.2010 executed by Sita Devi in favour of Alka, Usha Rani & Saroj Verma pertaining to the said property -
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Ram Babu is the owner of Janta Flat bearing No. 592 on Ground Floor without roof/terrace rights measuring 36 sqm. situated at Madipur Paschim Puri, New Delhi-63 having acquired the same vide Sale Deed dated 16.11.2010 (Doc No. 7049) executed by Manisha Balwani
And whereas she has lost the following original documents, Fir has alredy been dloged on dated 19/9/2022:
1.Original Allotment Letter dated 02.02.1974 issued by DDA in favour of Subhash Chander
2.Original Possession Letter issued by DDA in favour of Subhash Chander
3.Original GPA, ATS and Will dated 16.07.1987 executed by Subhash Chander in favour of Bhuri Devi
4.Original GPA, ATS and Will dated 26.10.1990 executed by Bhuri Devi in favour of Kunti
5.Original GPA, ATS and Will dated 31.08.2009 executed by Kunti Bhutani in favour of Seema & Manju
6.Original Conveyance Deed dated 08.06.2010 executed by POI in favour of Seema & Manju
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

## सौर पैनल आयात के लिए श्रीलंका को भारत, चीन से ऋण सहायता की तलाश

**कोलंबो।** श्रीलंका को सौर पैनलों की खरीद के लिए भारत या चीन से ऋण सहायता की तलाश है। बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकारा ने मंगलवार को कहा कि बिजली की अत्यधिक लागत को कम करने के लिए यह फैसला किया गया है। इससे पहले देश में प्रभावशाली बौद्ध भिक्षुओं ने बिजली की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। विजेसेकारा ने संसद को बताया, हम विदेशी मुद्रा की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे आयात के लिए भुगतान करना मुश्किल हो गया है। हमें एक समाधान के बारे में सोचना होगा कि भारत या चीन से ऋण सहायता हासिल की जाए और उससे सौर पैनल आयात किए जाएं। श्रीलंका ने अगस्त में नौ वर्षों के बाद बिजली की दरों में औसतन 75 प्रतिशत की वृद्धि की थी। सरकार को इस फैसले पर बौद्ध भिक्षुओं की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

# चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना: सीईए

**मुंबई।** सीईए वी अनंत नागेश्वर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2022-23) में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जनवरी में वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी। नागेश्वरन ने यहां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट समारोह को संबोधित करते हुए आर्थिक वृद्धि दर के पिछले अनुमान से कम रहने की आशंका जताने के साथ ही कहा कि आर्थिक रफ्तार और जिंदादिली की भावना को लेकर कोई संदेह नहीं है। चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटकर सात प्रतिशत के आसपास आ गया हैं।

इसके पीछे कोविड महामारी के विलंबित दुष्प्रभावों और यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पैदा हुए हालात को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इन कारकों से आर्थिक वृद्धि की दर प्रभावित हो रही है। जनवरी के आखिर में पेश आर्थिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान आर्थिक वृद्धि दर 8-8.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है। कुछ विश्लेषकों ने इसमें आगे चलकर और कमी आने की आशंका जताई है। नागेश्वर का मानना है कि भारत चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रखने में सफल रहेगा। इस दशक के बाकी समय में भी भारत सात प्रतिशत की सालाना दर से वृद्धि करने के लिए एकदम माकूल स्थिति में है। सरकार अब अपना ध्यान वित्तीय समावेशन से वित्तीय सशक्तीकरण पर केंद्रित कर रही है और चालू दशक में लोगों को कर्ज एवं बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। धन-प्रेषण पर लगने वाले शुल्क को लगभग शून्य करने के इरादे से सरकार सिंगापुर और यूएई की भुगतान प्रणालियों के बीच अंतर-परिचालन क्षमता स्थापित करने में मदद कर रही है।

# सीतारमण ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों से सरकार के साथ जुड़ाव बढ़ाने को कहा

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग से आपसी भरोसे को और मजबूत करने के लिए दूरियों को समाप्त कर सरकार तथा उसकी एजेंसियों के साथ अधिक-से-अधिक जुड़कर काम करने को कहा। सीतारमण ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ)-2022 सलाहकार बोर्ड के चेयरमैन कृष गोपालकृष्णन के एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने पूछा था कि उद्योग, नियामकों तथा सरकार के बीच भरोसा कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है।



वित्त मंत्री ने कहा, मैं एक ही चीज बार-बार नहीं दोहराना चाहती लेकिन यह सही है कि दूरी अविश्वास पैदा करती है। इसीलिए दूरियों को समाप्त कीजिए, सरकार के साथ अधिक-से-अधिक जुड़ाव रखिए। उन्होंने कहा कि सरकार में चाहे प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों या नीति आयोग, हर कोई बातचीत, विचारों के आदान-प्रदान के लिए उपलब्ध है। सीतारमण ने कहा, जितना अधिक जुड़ाव होता है, उतना ही अधिक विश्वास बनता है। इसीलिए मुझे लगता है कि भरोसा बनाए रखने और उसे बढ़ाने का एक निश्चित तरीका निरंतर जुड़ाव को बरकरार रखना है।

डिजिटल मुद्रा को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय की भूमिका से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लाएगा। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को अपने बजट भाषण में कहा था कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष में डिजिटल रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा जारी करेगा। जीएफएफ-2022 को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि आरबीआई की नियामकीय सैंडबॉक्स प्रणाली (नियंत्रित परिवेश में ग्राहकों के साथ वित्तीय उत्पादों का परीक्षण) से एक संस्थागत व्यवस्था बनी है जिसमें वित्तीय प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियां अपने नए उत्पादों को बाजार में पेश करने से पहले उसका परीक्षण, नवोन्मेष करने में सक्षम हैं।

वास्तव में इससे उत्पादों को एक नियंत्रित परिवेश में परीक्षण का मौका मिला और उसके बाद आप उसे आगे बढ़ाने में सक्षम हैं ताकि बाजार को उसका लाभ मिल सके तथा अपने-अपने उत्पाद को लेकर नवोन्मेष में तेजी ला सके। सीतारमण ने यह भी कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियों के लिए एक सतत वित्तीय परिवेश में भूमिका निभाने और हरित वित्त के क्षेत्र में विशिष्ट अवसरों का लाभ उठाने को लेकर अवसर हैं। हरित वित्त एक वित्तीय व्यवस्था है जिसमें कोष का उपयोग सामाजिक या पर्यावरण अनुकूल कार्यों के लिए किया जाता है।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, बांटी राहत सामग्री

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** डॉ. उज्ज्वल कुमार ने मंगलवार को तहसील तरबगंज के अंतर्गत ग्राम गढ़ी व जबरनगर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा। निरीक्षण के दौरान बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर बाढ़ से होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा ग्रामीणों को राहत सामग्री तिरपाल, बिस्किट, केला सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया।





निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का बराबर निरीक्षण करते रहें। ताकि बाढ़ से किसी भी ग्रामीणों को कोई समस्या न होने पाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय रहने के निर्देश देते हुए मेडिकल टीम, पशु चिकित्सा मेडिकल टीम अन्य संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिये हैं कि बाढ़ से प्रभावित सभी क्षेत्रों का बराबर निरीक्षण करते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, तहसीलदार तरबगंज पुष्कर मिश्रा, एक्सईएन बाढ़ विश्वनाथ शुक्ला, थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज, संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## घाघरा नदी ने तेज की कटान

### सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे ग्रामीण

**गोंडा।** घाघरा नदी में आए उफान के बाद मंगलवार की सुबह से नदी का जलस्तर तो घटने लगा मगर नदी कटान तेज कर दी है। गोंडा-बाराबंकी जिले के सरहद की सैकड़ों बीघे जमीन घाघरा नदी में समा चुकी है। कटान के चलते नदी से सटे दर्जन भर गांवों के कई घर पानी से जलमग्न हो गए हैं। वहीं जल का फैलाव होने से कई गांव के मार्ग पर पानी भर गया है। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

नेपाल से छोड़े जा रहे पानी से कभी घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ जा रहा है तो कभी जलस्तर कम होने से नदी की जबरदस्त कटान शुरू हो जाती है। नदी का पानी खेती योग्य जमीन को काटता हुआ अन्य गांवों की ओर बढ़ रहा है। इससे यहां के लोगों में हड़कंप मचने के साथ ही पलायन तेज हो गया है।

## जलस्तर पर एक नजर

**गोंडा।** घाघरा नदी का जलस्तर जहां सोमवार तक लगातार बढ़ रहा था। वहीं, मंगलवार की सुबह से जलस्तर घटने लगा हैं। केंद्रीय जल आयोग के गेज के मुताबिक घाघरा नदी में गिरिजा, शारदा व सरयू तीनों बैराजों से छोड़े गए कुल 02 लाख 96 हजार 813 क्यूसेक डिस्चार्ज से मंगलवार की शाम नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 66 सेंटीमीटर ऊपर था।

## बाढ़ से ये गांव हुए प्रभावित

**गोंडा।** घाघरा नदी में बढ़े जलस्तर व लगातार चार दिन हुई बारिश के पानी से जिले की सीमा पर मौजूद गांव माझा रायपुर, नउवनपुरवा, परसावल, नेपुरा, कमियार गांव में पानी की दस्तक हो गई थी। जिससे ये गांव जलमग्न हो गए और लगभग पूरे गांव के सभी घरों में पानी भर चुका है।

## क्विक न्यूज

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, चार अन्य झुलसे

**बलिया (भाषा)।** जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई तथा एक मासूम सहित चार झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के सराय भारती गाँव में कृष्णा राजभर (20 साल) सोमवार की शाम गाँव के ही एक मंदिर के बाहर बैठा हुआ था, कि तभी आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कृष्णा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रसड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के बधू बांध गांव में एक अन्य घटना में सोमवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से आजाद (4 साल), सविता (35 साल), सुशीला (25 साल) और आशा (33 साल) झुलस गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र , रसड़ा में भर्ती कराया गया है।

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**करनैलगंज (गोंडा)।** शौच को जाने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव तालाब में उतराता मिला। झिंगही तालाब की ओर गए ग्रामीणों ने शव उतराते देखा तो हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तथा पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली अंतर्गत चचरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाल्हापुर चंद्रभानपुर निवासी मोहित 20 वर्ष पुत्र गुरबख्श सोमवार की शाम घर से शौच के लिए निकला था। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजन तलाश में जुटे थे। मंगलवार की सुबह गांव के लोग झिंगही तालाब की ओर गए तो पानी में युवक का शव उतराता दिखा। मृतक के पिता रामबक्श ने पुलिस को खबर दी जिस पर चचरी चौकी प्रभारी बृजेश गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणो की मदद से किसी तरह युवक के शव को बाहर निकलवाया। परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### महोबा में सोते समय कुल्हाड़ी मारकर महिला की हत्या

**महोबा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले मे श्रीनगर थाना क्षेत्र के अतरारमाफ गांव में एक अधेड़ महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। श्रीनगर थाने के उपनिरीक्षक (एसआई) दिनेश तिवारी ने मंगलवार को बताया कि अतरारमाफ गांव में अज्ञात हमलावर ने सोमवार की रात घर के बाहर बरामदे में सो रही राजाबाई (50) की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी। उनके अनुसार महिला के सिर और गले में कुल्हाड़ी के वार के कई घाव हैं। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच आरंभ कर दी गई है।

### दो नाबालिग प्रेमियों के पेड़ से लटके शव बरामद

**संतकबीरनगर (भाषा)।** संतकबीरनगर जिले में खलीलाबाद थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में कथित रूप से एक पेड़ पर दो नाबालिग प्रेमियो के शव लटके मिले है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (खलीलाबाद) अंशुमान मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को पेड़ पर लटके दो नाबालिग प्रेमियों के शवों को पुलिस ने नीचे उतारा। मिश्रा ने कहा कि मृतकों की पहचान गोरखपुर जिले के निवासी अंशु गोंड (17) और रामपुर गांव की आंचल (14) के रूप में हुई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि अब तक दोनो पक्षों की ओर से पुलिस मे कोई शिकायत दर्ज नही कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चार तस्कर गिरफ्तार, 1.65 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद

**महराजगंज (भाषा)।** महराजगंज जिले के सोनौली इलाके मे भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस ने मंगलवार को चार लोगो को पकड़कर उनके कब्जे से 1.65 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद की। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एसएसबी और पुलिस ने दिनेश लोधी, पाथर गुप्ता, फिरोज खान और जलील खान नामक व्यक्तियो को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 165 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। सिंह के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस बरामद हेरोइन की कीमत 1.65 करोड़ रुपए बताई जाती है। उन्होने बताया कि पकड़े गए सभी लोगो के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी तत्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्वाई की जा रही है।

### फर्जी आयकर अधिकारी समेत दो गिरफ्तार

**सहारनपुर (भाषा)।** सहारनपुर जिले के जनकपुरी क्षेत्र में मंगलवार को फर्जी आयकर अधिकारी बनकर ठगी करने वाले एक व्यक्ति और उसके साथी सिपाही को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने बताया कि जनकपुरी पुलिस और आबकारी पुलिस ने खुद को आयकर संयुक्त आयुक्त बताकर ठगी करने वाले गगनदीप और उसके साथी सहारनपुर जिला कारागार मे तैनात आरक्षी सनी वीरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इन दोनो ने आबकारी अधिकारी वरूण कुमार से जन्म दिन की पार्टी के लिए 10 पेटी शराब मांगी थी जिसपर उन्हें शक हुआ और उन्होंने आबकारी विभाग और पुलिस को इसकी सूचना दी। कुमार के मुताबिक गगनदीप और सनी जब टैक्सी लेकर शराब लेने उनके घर पहुंचे तो वहां पहले से ही मौजूद पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर लिया। कुमार ने बताया कि दोनो के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश समेत कई आरोपो में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त गगनदीप ने आयकर विभाग मे संयुक्त आयुक्त का फर्जी पहचान पत्र बनवाया था और वह उद्योगपतियों और व्यापारियों से संपर्क तक रौब दिखाते हुए धन वसूली करता था। कुमार ने बताया कि गगनदीप रौब दिखाने के लिए सिपाही सनी को वर्दी मे गनर के रूप मे गाड़ियों में बैठाकर ले जाता था।

### कार में मिला साबुन कारोबारी का केमिकल से झुलसा शव

**बरेली।** बरेली शहर के जनकपुरी से लापता हुए साबुन के थोक कारोबारी दीपक गांधी का शव सोमवार देर रात बन्नूवाल नगर में उनकी ही कार की पिछली सीट पर मिला। पुलिस ने उनकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक, गांधी का शरीर केमिकल से झुलसा हुआ था, साथ ही शरीर पर मारपीट की चोटो के भी कई निशान थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी (प्रथम) श्वेता यादव ने बताया कि पहली नजर मे वारदात के पीछे रुपए के लेनदन को लेकर विवाद की आशंका प्रतीत होती है। उन्होने बताया कि प्रेमनगर इलाके मे 160-बी जनकपुरी मे रहने वाले दीपक गांधी (48) का सौ फुटा रोड पर साबुन और डिटर्जेंट का थोक कारोबार है। उन्होंने कहा कि गांधी के भतीजे सूर्यांश के मुताबिक वह रविवार को कार का पंक्चर ठीक कराने घर से निकले थे। घर वालो ने कई बार उन्हें फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नही हुई। शाम करीब छह बजे फोन स्विच ऑफ हो गया तो परिवार वालो ने तलाश शुरू कर दी।पुलिस ने बताया कि चौराहो पर लगे कैमरो मे दीपक अकेले सौ फुटा रोड पर कार मे जाते दिखे। रविवार रात परिवार ने थाना प्रेमनगर मे गुमशुदगी दर्ज कराई और सोमवार सुबह तलाश मे जुट गए। सोमवार रात नौ बजे के करीब इज्जतनगर थाना क्षेत्र मे महानगर कॉलोनी के सामने बन्नूवाल नगर रोड पर चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल के पीछे दीपक की कार मिली जिसमें पीछे सीट पर उनका शव पड़ा था। प्रेमनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता। बरेली

**पति के काम** पर जाने के बाद पत्नी ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पास में रहने वाले उसके पिता ने शव को फांसी लटके देख घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।इज्जत नगर थाना क्षेत्र में 100 फुटा रोड स्थित भाटिया धर्म कांटे के पास सड़क किनारे झोपड़ी डालकर रहने वाले भोजीपुरा थाने के गांव खरोरा गोटिया निवासी अजय की पत्नी पूनम ने आज दोपहर झोपड़ी के बास से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति अजय ने बताया कि वह और उसका ससुराल पक्ष पास पास झोपड़ी डालकर रहते हैं उसका विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व पूनम से हुआ था आज सुबह वह और उसका ससुर चंद्रपाल मजदूरी करने के लिए पूनम और अन्य लोगों को झोपड़ी में छोड़कर चले गए थे लेकिन दोपहर में जब पूनम का पिता चंद्रपाल झोपड़ी में वापस लौटा तब उसने देखा कि पूनम का शव फांसी पर लटक रहा उसने घटना की जानकारी पहले अपने दामाद अजय को दी और फिर अजय भी मौके पर पहुंच गया उसने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतका के पति ने किसी भी प्रकार के पारिवारिक विवाद से इनकार किया पूनम एक बेटी की मां थी पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## कारोबारी के घर के बाहर से स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी

**बरेली।** रात के समय स्कॉर्पियो गाड़ी पर सवार होकर आए चोरों ने कारोबारी के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो कार चोरी कर ली ।सुबह होते ही रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में मॉडल टाउन निवासी कारोबारी संजीव अग्रवाल के घर के बाहर खड़ी उनकी स्कॉर्पियो कार बीती रात चोरी हो गई। भारत क्रोकरी के नाम से शोरूम चलाने वाले संजीव अग्रवाल ने बताया कि बीती रात उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी ।इसी दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी पर सवार होकर आए चोरों ने उनकी गाड़ी चोरी कर ली और फरार हो गए। सुबह होने पर जब वो टहलने के लिए उठे तो उन्होंने गाड़ी को घर के बाहर नहीं देखा इधर-उधर तलाशने के बाद जब गाड़ी का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खागाले ।तब पता चला कि गाड़ी चोरी हो गई है ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी।

# फीस वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर कुलपति कार्यालय के भवन पर चढ़ा छात्र

भाषा। प्रयागराज

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय का मामला**

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय** में फीस वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों में से एक छात्र मंगलवार को कुलपति कार्यालय के भवन पर एलपीजी सिलेंडर और गैस पाइप लेकर चढ़ गया और उसने आत्मदाह की धमकी दी। हालांकि पुलिसकर्मियों ने कुलपति कार्यालय के भवन पर चढ़कर इस छात्र को सकुशल नीचे उतारा। पुलिस क्षेत्राधिकारी (चतुर्थ) राजेश कुमार यादव ने बताया कि इस छात्र की पहचान आयुष प्रियदर्शी के रूप में हुई है और यह अनशन कर रहे छात्रों के समूह का सदस्य है। यादव ने कहा कि कुलपति कार्यालय में सुरक्षाकर्मी तैनात रहने के बावजूद वह भवन पर कहां से चढ़ा इसकी जांच की जा रही है।उन्होंने बताया कि यह छात्र एक गैस सिलेंडर और गैस की पाइप लेकर कुलपति कार्यालय के भवन पर चढ़ गया था और वह फीस वृद्धि वापस लिए जाने की मांग कर रहा था। उनके मुताबिक पुलिस कर्मियों ने इस सकुशल भवन से नीचे उतार लिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी जया कपूर ने बताया कि घटना के समय वह विश्वविद्यालय परिसर से बाहर थीं और एक छात्र के वीसी बिल्डिंग पर चढ़ने की सूचना उन्हें मिली। कपूर के अनुसार संभवत: वह पाइप के सहारे भवन पर चढ़ा हो। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन विश्वविद्यालय परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में काफी मदद कर रहा है। उल्लेखनीय है कि फीस वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों में से एक छात्र आदर्श भदौरिया ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में आत्मदाह की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने इसे नाकाम कर दिया था।इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की फीस 400 प्रतिशत बढ़ा दी है जिसे वापस लेने की मांग को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं।

## ट्रेन की टक्कर से बीए की छात्रा की मौत

**कौशांबी (भाषा)।** कौशांबी जिले के कोखराज थानाक्षेत्र में दिल्ली हावड़ा रेल लाइन स्थित भरवारी रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की टक्कर से बीए की एक छात्रा की मौत हो गई। रेलवे स्टेशन के आरपीएफ प्रभारी सुरेंद्र भास्कर ने बताया कि रेलवे स्टेशन के इंजीनियरिंग विभाग मे कार्यरत कर्मचारी राम विशाल की 18 वर्षीय पुत्री रिकी मंगलवार दोपहर प्लेटफार्म नंबर एक पर रेल लाइन पार करते समय प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट मे आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# अकबरपुर गांव की डफाई बस्ती में तीन बच्चे मिले कुपोषित




**चित्रकूट।** सर्वोदय सेवा आश्रम चाइल्ड लाइन टीम काउंसलर नीलू देवी व टीम मेम्बर दीपा शुक्ला, श्यामनन्द सिंह, आंगनबाडी अनीता देवी के साथ पोषण माह अभियान के तहत कर्वी ब्लाक के अकबरपुर गांव के मजरा बुद्धनगर डफाई बस्ती में भ्रमण किया। मंगलवार को चाइल्ड लाइन टीम के सदस्यों ने अकबरपुर गांव की डफाई बस्ती में भ्रमण कर गांव की महिला शान्ती देवी के घर बैठक की। बैठक में जीरो से 24 माह तक के 38 बच्चों का वजन कराया। इनमें तीन बच्चे कुपोषित मिले। महिलाओं को कुपोषण के बारे में मीना देवी ने बताया कि गांव की ज्यादातर महिलायें अपने बच्चों का वजन नहीं कराती। गांव की गर्भधात्री महिलाओं को पोषाहार नहीं मिलता। गांव की महिलाओं ने बताया कि बस्ती में साफ-सफाई भी नहीं होती है। इससे बच्चों में स्वास्थ्य को लेकर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। इस मौके पर चाइल्ड लाइन समन्वयक विशेष त्रिपाठी व रामचन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

# बुजुर्ग ही नहीं युवा भी हो रहे याद्दाश्त जाने की बीमारी का शिकार

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

**● वर्तमान समय की अनियमित जीवनशैली बन रही प्रमुख कारण जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी में चलाया जा रहा है मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम**

**विश्व अल्जाइमर** दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को विश्व स्तर पर अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी में 19 सितंबर से 25 सितंबर तक डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह भी मनाया जा रहा है। जिला चिकित्सालय लखीमपु खीरी के साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि विश्व अल्जाइमर दिवस मनाए जाने का उद्देश्य अल्जाइमर रोग और इससे संबंधित भ्रांतियों के बारे में लोगों तक जन जागरूकता बढ़ाना हैए ताकि घर परिवार की शोभा बढ़ाने वाले बुजुर्गों को इस बीमारी से बचा कर उनके जीवन में खुशियां लाई जा सके। इसी क्रम में विश्व अल्जाइमर दिवस की थीम है ज्ञान की शक्ति इस थीम के अंतर्गत लोगों को अल्जाइमर रोग के बारे में जन जागरूक किया गया। अल्जाइमर दिवस की शुरुआत 21 सितंबर 1994 को एडिनबर्ग में दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर पीडीआई के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान की गई थी। अल्जाइमर एक मस्तिक से जुड़ी हुई बीमारी है। जिसमें व्यक्ति धीरे.धीरे अपनी याददाश्त खोने लगती है।

इस बीमारी में व्यक्ति छोटी से छोटी बात को भी याद नहीं रख पाते हैं। अल्जाइमर के रोगियों मैं कुछ ऐसे लक्षण आने लगते हैंए जैसे कि याददाश्त में कमी होनाए अपनी बातों को सही से ना कह पानाए रोजमर्रा के कार्य करने में कठिनाई होना और जब यह बीमारी अत्यधिक बढ़ जाती है तो व्यक्ति को रोज मिलने वाली लोगों के चेहरे तक याद नहीं रहते। अभी तक इस बीमारी का कोई सटीक इलाज नहीं मिला है। अल्जाइमर रोग अब हमारी विश्व में इस कदर फैल रहा है कि पहले तो बुजुर्ग इसका शिकार हुआ करते थे। वर्तमान समय की अनियमित जीवनशैली के कारण आज नवयुवक भी इस रोग का शिकार हो रहे हैं। जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी मे जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे डॉक्टर अखिलेश शुक्ला मनोचिकित्सक एवं उनकी टीम साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेयए साईक्रेटिक नर्स विवेक मित्तल द्वारा कमरा नंबर 02 मे इस बीमारी का इलाज पिछले 05 सालों से किया जा रहा हैए जिसका मरीज लाभ ले सकते हैं।इसी क्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा वृद्ध जन आवास ग्रह, सलेमपुर कोन मे भ्रमण किया गया। मनोचिकित्सक द्वारा 27 वृद्धों का मानसिक परीक्षण करते हुए इलाज किया गया और दवा प्रदान की गई। साईक्रेटिक सोशल वर्कर एवं साइक्रेटिक नर्स द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए वहां पर उपस्थित स्टॉफएवं वृद्धों को मानसिक कार्यक्रम एवं डिमेसिया के बारे मे बताया गया।

# भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अमेठी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा दिवस के रूप में मना रही है जो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर बापू की जयंती तक चलाया जाएगा। इसी कड़ी में सेवा पखवाड़ा के चौथे दिन अमेठी जनपद में जगह-जगह पर सार्वजनिक स्थल और धार्मिक स्थलों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया ।जिला अध्यक्ष अमेठी दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि सेवा पखवाडा के तहत जनपद में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं देश के प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु की कामना को लेकर सशक्त राष्ट्र निर्माण में आम जनमानस भी अपनी सहभागिता निभाते हुए देश के प्रधानमंत्री के इरादों को और उनके हौसलों को मजबूत करने के उद्देश्य से तथा एक भारत अखंड भारत के सपने को बल प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्र नव निर्माण के उद्देश्य से सेवा पखवाड़े के तहत अमेठी जनपद में विभिन्न आयोजन लगातार किए जा रहे हैं जो 2 अक्टूबर तक अनवरत चलते रहेंगे।



प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी मुसाफिरखाना के गुन्नौर स्थित नारद धाम में जिला मंत्री प्रभात शुक्ला एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला खरौना स्थित भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी देव प्रकाश पांडेय एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी हनुमानगढ़ी तिलोई में स्वच्छता अभियान में भाग लिया इसी प्रकार से पूरे जनपद में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर महापुरुष की मूर्ति पर स्वच्छता अभियान मैं भाग लिया।चन्द्रमौलि सिंह ने बाबा चतुर्भुज धाम में कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाग लिया। जिला कोषाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा जिला महामंत्री केशव सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष उमा शंकर पांडे ने गौरीगंज स्थित मां दुर्गा भवानी मंदिर पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। जिला मंत्री अतुल सिंह एवं पूर्व प्रधान घनश्याम पांडेय ने कादूनाला स्थित भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। मुसाफिरखाना क्षेत्र के दादरा स्थित देवी हिंगलाज माता मंदिर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया।कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर व उसके आसपास साफ सफाई किया ।कार्यक्रम में जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र शैलेंद्र सिंह अखिलेश पांडेय जयविंद सिंह देव नारायण यादव रघुवंश मिश्र सुनील श्रीवास्तव आदित्य लाल श्रीवास्तव अजय निषाद सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत पांचवें दिन बनाए गए 5298 गोल्डन कार्ड

**अमेठी ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान पखवाड़ा जनपद में 15 से 30 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 19 सितंबर, 2022 को जनपद में 5298 गोल्डन कार्ड बनाए गए तथा पखवाड़े के अंतर्गत अब तक कुल 21234 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं इसी के साथ आयुष्मान योजनांतर्गत जनपद में अब तक 270311 गोल्डन कार्ड बनाकर लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को गोल्डेन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त पंचायत सहायकों द्वारा गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# बावरिया गैंग के चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार कब्जे से लूट का माल व नगदी बरामद

**रायबरेली ।** बछरावां पर पंजीकृत मुअसं-528/2022 धारा-392,411 भादवि से सम्बंधित लूट चोरी की घटनायें कारित करने वाले बावरिया गैंग के 04 शातिर अंतर्राज्यीय अपराधियों अशोक पुत्र रामकिशन निवासी खानपुर कलां थाना झिनझाना जनपद शामली, धर्मेन्द्र पुत्र छत्रपाल निवासी खानपुर कलां थाना झिनझाना जनपद शामली, बहादुर पुत्र मोदनगिरी निवासी खुरपिया गेट थाना किच्छा उत्तराखण्ड, हिमाचल पुत्र लक्ष्मणगिरी निवासी खुरपिया गेट थाना किच्छा उत्तराखण्ड को थाना क्षेत्र के उदरहरा मोड के पास से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तों के कब्जे से लूट व चोरी का माल, नगद रुपये, घटनाओं में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल चोरी की व अवैध शस्त्र/कारतूस आदि बरामद हुये है । थाना बछरावां पर अभियुक्त धर्मेन्द्र के विरुद्ध मुअसं-558/2022 धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम व अभियुक्त हिमाचल मुअसं-559/2022 धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चारो अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। अभियुक्तों अशोक द्वारा बताया गया कि उसकी ससुराल उत्तराखण्ड में है और धर्मेन्द्र उसके गांव का ही रहने वाला सहयोगी है। बहादुर व हिमाचल उसके ससुराल के रहने वाले जो लूट चोरी/छिनैती करने मे सहयोग करते है। हम लोगो द्वारा पहले भी बछरावां, शहर क्षेत्र रायबरेली के साथ ही जनपद बदायूँ, उन्नाव, कानपुर, शामली, दिल्ली मे भी घटनाओं को अन्जाम दिया गया है। लूट से मिले पैसे व आभूषण को हम लोग शामली ले जाकर आपस मे बांटते है। घटनाकारित करने के लिये हम लोग हर बार एक-दो नये लडकों का सहयोग लेते है। इस बार हम लोग बहादुर को अपने साथ लेकर फिर घटना करने रायबरेली आये थे परन्तु रायबरेली पुलिस द्वारा इस बार गिरफ्तार कर लिया ।



# कंगारुओं के सामने फिसड्डी साबित हुई टीम इंडिया

## ●ग्रीन का अर्धशतक, आस्ट्रेलिया ने भारत को चार विकेट से हराया

**भाषा** । मोहाली

**आस्ट्रेलिया** ने कैमरन ग्रीन (61 रन) के अर्धशतक के बाद मैथ्यू वेड की 21 गेंद में 45 रन की नाबाद पारी से मंगलवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के बड़े स्कोर वाले पहले ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को चार गेंद रहते चार विकेट से शिकस्त दी। भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण काफी निराशाजनक रहा जिसमें टीम ने तीन कैच टपकाए। इस हार में क्षेत्ररक्षण के अलावा गेंदबाजी भी खराब रही। अक्षर पटेल को छोड़कर सभी ने रन लुटाए। आल राउंडर हार्दिक पंड्या (नाबाद 71 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (55 रन) के अर्धशतकों के अलावा सूर्यकुमार यादव (46 रन) की बदौलत भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 208 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पर आस्ट्रेलिया ने ग्रीन के अर्धशतक, स्टीव स्मिथ के 35 रन और अंत में वेड के 21 गेंद में छह चौके और दो छक्के से नाबाद 45 रन की मदद से 19.2 ओवर में छह विकेट पर 211 रन बनाकर चार विकेट की जीत से श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।



वेड व कमिंस एक दूसरे को बधाई देते हुए


आस्ट्रेलिया के लिए टिम डेविड ने पदार्पण मैच में 18 रन बनाए। दोनों टीमों के खिलाडियों ने बल्लेबाजी के मुफीद पिच का पूरा फायदा उठाते हुए दर्शनीय शॉट लगाकर दर्शकों को भरपूर मनोरंजन किया। भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कई जीवनदान दिए, वर्ना यह स्कोर कुछ और हो सकता था। पिछले कुछ समय से आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच की फॉर्म में सवाल उठ रहे हैं, लेकिन उन्होंने 13 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 22 रन बनाए और आउट होने वाले पहले खिलाड़ी रहे जिन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। फिंच ने टॉस के समय ही कैमरन ग्रीन के साथ पारी आगाज करने के बारे में बता दिया था। ग्रीन ने अपने कप्तान को जरा भी निराश नहीं किया। ग्रीन और स्मिथ दूसरे विकेट के लिए तेजी से अर्धशतकीय साझेदारी निभाकर अच्छे स्कोर की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान अक्षय पटेल ने आठवें ओवर में हार्दिक की गेंद पर ग्रीन को जीवनदान दिया तब वह 43 रन पर थे। नौंवे ओवर में राहुल ने फिर लांग ऑफ से भागते हुए स्मिथ का कैच छोड़ दिया। अगली ही गेंद पर ग्रीन ने अक्षर पटेल की गेंद पर मिडविकेट में छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया जो पेशेवर क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज उनका पहला पचासा था। पर अक्षय पटेल ने ही उनका विकेट झटका जब उन्होंने गेंद को ऊंचा खेलने का प्रयास किया और कोहली ने इसे लपकने में कोई गलती नहीं की। इससे ग्रीन और स्मिथ के बीच 40 गेंद में 70 रन की शानदार साझेदारी खत्म हुई। ग्रीन ने 30 गेंद में आठ चौके और चार छक्के से 61 रन बनाए। भारत ने 12वें ओवर में दो रिव्यू किए जिसमें उसे स्मिथ (35 रन) और ग्लेन मैक्सवेल के विकेट मिले। पर आस्ट्रेलिया की रन गति में कोई कमी नहीं आई। भारतीय गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (चार ओवर में 52 रन) फिर 19वें ओवर में मंहगे साबित हुए, उन्होंने इसमें 16 रन दिए। अक्षर पटेल ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन जबकि उमेश यादव ने दो ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके। युजवेंद्र चहल ने 42 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले राहुल ने अपने स्ट्राइक रेट की पिछले कुछ समय से हो रही आलोचना का जवाब 35 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाकर किया। फिर हार्दिक ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंद का सामना करते हुए सात चौके ओर पांच छक्के जड़े। इन दोनों अलावा सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंद में दो चौके और चार छक्के जमाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (11) और विराट कोहली (02) सस्ते में पवेलियन लौट गए। जिसके बाद राहुल और सूर्यकुमार ने 42 गेंद में 68 रन की साझेदारी निभाई जिसमें इन दोनों ने कई शानदार शॉट्स लगाए। राहुल ने जोश हेजलवुड पर काउ कॉर्नर में और फिर कैमरन ग्रीन पर डीप स्क्वायर लेग में गगनदाई छक्के लगाए। सूर्यकुमार ने भी अपनी शैली के अनुरूप खेलते हुए चार छक्के जड़े जिसमें एडम जम्पा पर लांग आन और डीप मिडविकेट पर लगे दो लगातार छक्के भी शामिल थे। फिर हार्दिक ने जिम्मेदारी से खेलते हुए अर्धशतक पूरा किया और आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ खुलकर रन बटोरे। आस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने तीन और जोश हेजलवुड ने दो विकेट हासिल किए। कैमरन ग्रीन को एक विकेट मिला।

### स्कोरबोर्ड

**भारतीय पारी** : केएल का नाथन एलिस बो जोश हेजलवुड 55, रोहित का नाथन एलिस बो जोश हेजलवुड 11,कोहली का कैमरन ग्रीन बो नाथन एलिस 02,सूर्यकुमार का मैथ्यू वेड बो कैमरन ग्रीन 46,पंड्या नाबाद 71,अक्षर का कैमरन ग्रीन बो नाथन एलिस 06,कार्तिक पगबाधा बो एलिस 06, पटेल नाबाद 07,**अतिरिक्त** : 04,**कुल** : 20 ओवर मे छह विकेट पर : 208 रन,**विकेट पतन** :1-21, 2-35, 3-103, 4-126, 5-146, 6-176,**गेंदबाजी** : हेजलवुड 4-0-39-2,कमिंस 4-0-47-0, जम्पा 4-0-36-0,एलिस 4-0-30-3,ग्रीन 3-0-46-1,मैक्सवेल 1-0-10-0

**आस्ट्रेलियाई पारी** : फिंच बो अक्षर पटेल 22, ग्रीन का कोहली बो अक्षर पटेल 61, स्मिथ का कार्तिक बो उमेश यादव 35, मैक्सवेल का कार्तिक बो उमेश यादव 01,इंगलिस बो अक्षर पटेल 17, डेविड का हार्दिक पंड्या बो चहल 18, वेड नाबाद 45, कमिंस नाबाद 04,**अतिरिक्त** : 08,**कुल** : 19.2 ओवर में छह विकेट पर 211 रन,विकेट पतन :1-39, 2-109, 3-122, 4-123, 5-123, 6-207,**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-52-0, यादव 2-0-27-2,पटेल 4-0-17-3, चहल 3.2-0-42-1,पटेल 4-0-49-0,पंड्या 2-0-22-0

## रन की संख्या से खुद को नहीं आंकता, बतौर खिलाड़ी सुधार करते रहना चाहता हूं : रूतुराज



**चेन्नई।** भारतीय बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ बतौर खिलाड़ी खुद में सुधार करते रहना चाहते हैं और उन्होंने मंगलवार को कहा कि वह रन की संख्या के आधार पर खुद को नहीं आकते हैं। गायकवाड़ उस भारतीय ए टीम का हिस्सा हैं जो गुरूवार से यहां एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ औपचारिक तीन वनडे खेलेगी। अगर आप मेरे पिछले दो वर्षों को देखो तो उसमें मैंने काफी प्रगति की है। मैंने जितने रन बनाए हैं, उससे आप मेरा आकलन नहीं कर सकते क्योंकि रन ऊपर नीचे होते रहते हैं। मैंने अपने पहले आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में 600 रन बनाए थे लेकिन अगले चरण में मैंने 400 रन बनाए लेकिन लोग फिर भी कहते हैं कि मेरा आईपीएल सत्र अच्छा नहीं रहा। , मुझे लगता है कि मैंने ऐसा मानक तय कर दिया है, लेकिन इसमें उतार चढ़ाव होता रहेगा। मुझे सिर्फ यह सुनिश्चित करना है कि इंसान, खिलाड़ी और एक क्रिकेटर के तौर पर मैं प्रगति करता रहूं। मुख्य लक्ष्य सुधार करते रहने का है, मैं जिस भी टीम के साथ रहूं।

## सभी राज्य इकाइयों को घरेलू खिलाड़ियों का भी सम्मान करना चाहिएः युवराज



**मोहाली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने मंगलवार को यहां पंजाब क्रिकेट संघ द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद कहा कि राज्य इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू पूर्व क्रिकेटरों की उपलब्धियों की भी सराहना की जानी चाहिए। वह मंगलवार को यहां के पीसीए (पंजाब क्रिकेट संघ) स्टेडियम आए। घरेलू मैचों में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने हुए उन्होंन इस स्टेडियम में कई मैच खेले हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 मुकाबले के दौरान युवराज और ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह के नाम पर दो दर्शक दीर्घाओं का अनावरण किया गया। भारत को 2011 विश्व चैंपियन बनाने वाले नायकों में शामिल रहे युवराज यहां बीसीसीआई का ब्लेजर पहन कर बाए थे। उन से जब इस ब्लेजर के बारे में पूछा गया तो वह भावुक हो गए।

## मनिका की निगाहें राष्ट्रीय खेलों में मजबूत वापसी पर

**सूरत।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को सफलता नही मिली लेकिन अब यह शीर्ष भारतीय इस महीने विश्व चैम्पियनशिप के लिए रवाना होने से पहले राष्ट्रीय खेलों मे मजबूत वापसी के लिए प्रयासरत है। बत्रा 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के बड़े स्टार में से एक थी, उन्होने महिला एकल के अलावा टीम स्पर्धा मे भी स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इसी साल एशियाई खेलों मे मिश्रित युगल का कांस्य पदक जीता था। लेकिन पिछले महीने बर्मिंघम से वह खाली हाथ लौटी थी।

## राष्ट्रमंडल खेल रजत मेरे बड़ी सफलताओं में से एक : श्रीशंकर

**अहमदाबाद।** लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक को अपने करियर के सबसे सफल पदकों में से एक करार देते हुए कहा कि बर्मिंघम खेलों (2022) मे अपने अभियान को पोडियम (शीर्ष तीन) पर खत्म करने से उन्हें अपने प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाने का प्रोत्साहन मिलेगा। वह मंगलवार से टेबल टेनिस स्पर्धा के साथ शुरू हुए राष्ट्रीय खेलों मे केरल का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुजरात में होने वाले इन खेलों का औपचारिक रूप से 29 सितंबर को आगाज होगा। श्रीशंकर ने कहा, सीखने के मामले में यह सत्र मेरे लिए अच्छा अनुभव रहा है। मै मार्च से लगातार प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं।

## न्यूजीलैंड ने टीम घोषित की, रिकार्ड सातवें विश्व कप में खेलेंगे गुप्टिल

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैड ने केन विलियमसन की अगुवाई मे मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्ईय टीम घोषित की जिसमे दिग्गज बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल भी शामिल है जो रिकॉर्ड सातवी बार इस प्रतियोगिता मे खेलेगे। टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया मे खेला जाएगा। न्यूजीलैड ने पिछले साल टी20 विश्व कप मे खेलने वाली टीम मे तीन बदलाव किए है लेकिन 35 वर्षीय गुप्टिल टीम मे जगह बनाने मे सफल रहे। फिन एलन और माइकल ब्रेसवेल पहली बार सीनियर विश्व कप मे भाग लेंगे।

## तन्वी और कुरूविला एसआरएफआई भारतीय टूर के तीसरे दौर में

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी तन्वी खन्ना (तीसरी वरीय) और सुनयना कुरूविला (पांचवी वरीय) ने मंगलवार को यहां चौथे एचसीएल एसआरएफआई भारतीय टूर - चेन्नई चरण 2022 स्क्वाश टूर्नामेंट की महिला एकल स्पर्धा के तीसरे दौर मे प्रवेश किया। तन्वी ने मिश्र की नौर रैमी को 11-5, 11-6, 12-10 से और सुनयना ने हमवतन शमीना रियाज को 11-3, 11-4, 11-3 से पराजित किया।

## राष्ट्रीय खेल : महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल सेमीफाइनल के करीब

**सूरत।** शीर्ष वरीय महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ने मंगलवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के शुरूआती दो दौर मे विपरित जीत दर्ज करने के बाद सेमीफाइनल में अपने स्थान लगभग पक्के कर दिए। दिया चिताले ने गुजरात की फ्रेनाज चिपिया को 11-9, 11-6, 12-10 से हराकर महाराष्ट्र को बढ़त दिलाई। फिर स्वस्तिका घोष और रीथ रिष्या टेनिसन ने फिर क्रमशः क्रित्विका सिन्हा रॉय और फिल्जाहफातेमा कादरी को पराजित किया।

# इंग्लैंड में 23 साल बाद श्रृंखला जीतने के लिए उतरेगी भारतीय महिला टीम

**भाषा** । कैंटबरी

**पहले मैच** में शानदार जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर ब्रिटिश धरती पर 23 साल बाद पहली श्रृंखला जीतने का प्रयास करेगी। टी20 श्रृंखला में 1-2 से हार झेलने के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके होव में रविवार को खेले गए पहले वनडे में सात विकेट से बड़ी जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड को अपनी कुछ सीनियर खिलाड़ियों की कमी खल रही है लेकिन पहले मैच में भारत हर विभाग में उससे बेहतर नजर आया और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत ने 1999 में वनडे श्रृंखला में 2-1 से जीत दर्ज की थी। तब अंजुम चोपड़ा ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था। यह झूलन गोस्वामी की विदाई श्रृंखला भी है। भारत को इसके बाद जून 2023 तक कोई वनडे मैच नहीं खेलना है। झूलन के नाम पर सर्वाधिक विकेट लेने का विश्व रिकार्ड है और उन्होंने पहले मैच में 10 ओवर में 20 रन देकर एक विकेट लिया था। पहले मैच में भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ने 99 गेंदों में 91 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने भी अर्धशतक लगाया। कप्तान हरमनप्रीत ने नाबाद 74 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय कप्तान मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन के अलावा सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा से भी बड़ी पारी की उम्मीद कर रही होगी जिन्होंने 10 से अधिक पारियों से कोई अर्धशतक नहीं जमाया है। दूसरी तरफ इंग्लैंड को अपने बल्लेबाजों से बड़ी पारियों की उम्मीद रहेगी। वह सोफिया डंकले पर काफी निर्भर है जिन्होंने टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था।




## मंधाना टी20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर



**दुबई।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना इंग्लैंड के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी की महिला क्रिकेट की नवीनतम विश्व रैंकिंग में टी20 अंतराष्ट्रीय में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे जबकि वनडे में सातवें स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 111 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन के दम पर वह दो पायदान आगे बढ़ने में सफल रही। वनडे में पूर्व मे नंबर एक पर काबिज रह चुकी मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में 91 रन की मैच विजेता पारी खेली थी जिससे उन्हें तीन स्थान आगे बढ़ने मे मदद मिली। अन्य भारतीय खिलाड़ियो मे कप्तान हरमनप्रीत कौर एकदिवसीय मैचो मे चार पायदान ऊपर नौवें स्थान पर जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक स्थान के फायदे से 32वें स्थान पर पहुंच गई है। होव मे भारत की सात विकेट से जीत में अर्धशतक जड़ने वाली विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया आठ पायदान की छलांग लगाकर 37वे स्थान पर पहुंच गई है। दीप्ति गेंदबाजो की सूची मे भी छह पायदान के फायदे से 12वे स्थान पर पहुंच गई है। टी20 रैंकिंग मे हरमनप्रीत बल्लेबाजो की सूची मे एक पायदान ऊपर 14वे जबकि गेंदबाजो मे रेणुका सिंह तीन स्थान आगे 10वे और स्पिनर राधा यादव चार पायदान चढ़कर 14वे स्थान पर पहुंच गई है। ऑलराउंडर की सूची मे स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर संयुक्त 41वे स्थान पर है।

## महिला टी20 एशिया कप : भारत का सामना सात अक्टूबर को पाकिस्तान से

**कुआलालंपुर।** भारतीय महिला टीम अगले महीने बांग्लादेश के सिलहट मे शुरू होने वाले महिला टी20 एशिया कप में सात अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अध्यक्ष जय शाह ने मंगलवार को यह घोषणा की। एक अक्टूबर से शुरू होने वाले इस 15 दिवसीय टूर्नामेंट मे सात टीमे हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जाएगा जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसमे भाग लेने वाली टीमें भारत, पाकिस्तान, मेजबान बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), थाईलैंड और मलेशिया है। तालिबान के सत्ता मे आने के बाद से अफगानिस्तान की कोई महिला टीम नही है। भारत अपने अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ करेगा। फिर भारतीय टीम तीन अक्टूबर को मलेशिया और चार अक्टूबर को यूएई से भिड़ेगी। लगातार दो दिन खेलने के बाद टीम सात अक्टूबर को पाकिस्तान के सामने होगी। भारत राउंड रॉबिन मैच मे आठ अक्टूबर को बांग्लादेश और 10 अक्टूबर को थाईलैंड से खेलेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम 10 दिन मे छह लीग मैच खेलेगी। फाइनल 15 अक्टूबर को होगा।

# आईसीसी ने लार पर प्रतिबंध लगाया

**भाषा** । दुबई

**गेंद को चमकाने** के लिए लार के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्थाई करते हुए खेल के नियमों में कुछ और बदलाव किए है। ए बदलाव एक अक्टूबर से प्रभावी होंगे। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने गेंदबाजों के छोर पर नॉन-स्ट्राइकर के रन आउट करने को अनुचित खेल के वर्ग से हटाकर रन आउट वर्ग में रख दिया है। भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली की अगुवाई वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने इन बदलावों की सिफारिश की थी जिसकी घोषणा इसकी मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) ने की।

आईसीसी ने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर अस्थाई रोक लगा दी थी। क्रिकेट के नियमों के संरक्षक, मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने मार्च में 2022 अपने नियमों में संशोधन कर के इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक, कोविड से संबंधित अस्थाई उपाय के रूप में यह प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो साल से अधिक समय से लागू है। अब इस प्रतिबंध को स्थाई करना उचित समझा गया है। क्रीज पर नए बल्लेबाज की स्थिति में आईसीसी ने कहा, जब कोई बल्लेबाज आउट हो जाता है, तो नया बल्लेबाज उसी छोर पर रहेगा जहां आउट होने वाले बल्लेबाज को अगली गेंद पर रहना था। खेल के शासी निकाय ने कहा, टेस्ट और एकदिवसीय मैचों में अब नए बल्लेबाज का दो मिनट के अंदर स्ट्राइक लेने के लिए तैयार रहना जरूरी होगा। टी20 में 90 मिनट की मौजूदा समय सीमा पहले की तरह जारी रहेगी। खेल के दौरान नॉन-स्ट्राइकर को रन आउट करना पहले अनुचित माना जाता था और इस तरह की हरकत पर कई बार काफी बहस भी हुई। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन जैसे कई खिलाड़ियों ने इसका समर्थन किया। ऐसे मामले में अब बल्लेबाज को रन आउट माना जाएगा। गेंदबाज के रनअप के दौरान अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम कोई अनुचित तरीका अपनाती है तो अंपायर उस गेंद को डेड बॉल गेंद करार देगा और बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। एक अन्य बड़े फैसले में आईसीसी ने कहा कि टी20 में ओवर रेट धीमी होने पर 30 गज के घेरे के बाहर एक क्षेत्ररक्षक को कम रखने के जुर्माने को अब एकदिवसीय में भी लागू किया जाएगा। आईसीसी ने कहा, ओवर गति के धीमी होने पर मैच के दौरान दिए जाने वाले जुर्माने को अब एकदिवसीय में भी लागू किया जाएगा। इस नियम को हालांकि आईसीसी पुरुष विश्व कप सुपर लीग 2023 के बाद लागू किया जाएगा।




# प्लिस्कोवा व ओसाका पैन पैसिफिक के दूसरे दौर में

**भाषा** । तोक्यो

**अमेरिकी ओपन** के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी टेनिस खेल रही नाओमी ओसाका ने पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में मंगलवार को प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया की दारिया साविले के चोटिल होने से दूसरे दौर में पहुंच गई। गैर वरीयता प्राप्त ओसाका इस टूर्नामेंट की उप विजेता है। उन्होंने ने कोरोना वायरस महामारी से पहले 2019 में यह खिताब जीता था। मंगलवार के मैच में ओसाका जब शुरुआती सेट में 1-0 से आगे थी तभी दारिया के घुटने में चोट लग गई। दारिया ने इसके बाद मैच से हटने का फैसला किया और ओसाका को वॉकओवर मिल गया। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और यहां सातवीं वरीयता प्राप्त कारोलिना प्लिस्कोवा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। प्लिस्कोवा ने पहले दौर के मैच में इसाबेला शिनिकोवा को 6-2, 6-1 से हराया। इस बीच मैक्सिको की क्वालीफायर फर्नांडा कॉन्ट्रेरास गोमेज ने 2020 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन को 7-6 (7), 6-4 से हराकर उलटफेर किया। एक अन्य मैच में चीन की झांग शुआई ने जापान की माई होंटामा को 6-0, 6-3 से पराजित किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्राजील के बीट्रिज हदाद माइया ने जापान के युकी नाइतो को 6-4, 6-2 से हराया।



## वुल्फ, डकवर्थ सैन डिएगो ओपन के दूसरे दौर में

**सैन डिएगो।** अमेरिकी ओपन मे तीसरे दौर तक का सफर तय करने वाले आठवी वरीयता प्राप्त जे . जे . वुल्फ ने सैन डिएगो ओपन एटीपी 250 टूर्नामेंट मे सोमवार को यहां हमवतन अमेरिकी स्टीफन कोजलोव को 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। तेईस साल के वुल्फ ने इस महीने अमेरिकी ओपन मे स्पेन के 18वी रैंकिंग के खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को सीधे सेटों में हराकर उलटफेर किया था। उन्हे टूर स्तर के टूर्नामेंट मे पहली बार वरीयता मिली है।

# हॉकी इंडिया अध्यक्ष पद चुनाव के लिए टिर्की का सामना कात्याल व भोलानाथ से

**भाषा** । नई दिल्ली

**हॉकी इंडिया** के अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की का सामना एक अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रीय महासंघ के चुनावों में उत्तर प्रदेश हॉकी प्रमुख राकेश कात्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह से होगा। लेकिन इसमें एक दिलचस्प मोड़ भी है क्योंकि उत्तर प्रदेश हॉकी महासचिव आरपी सिंह ने कात्याल से अपना नामांकन वापस लेने और चुनाव लड़ने के बजाय टिर्की (44 वर्ष) का समर्थन करने का अनुरोध किया है। सिंह ने कात्याल को लिखे पत्र में लिखा, हम यह जानकर खुश हैं कि एक पूर्व खिलाड़ी जैसे दिलीप टिर्की ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। मैं राकेश से अपना नामांकन वापस लेने का अनुरोध करूंगा। मुझे भरोसा है कि राकेश हॉकी के विकास के बारे में सोचेंगे और अपना नामांकन वापस ले लेंगे। उन्होंने इसमें लिखा, हमारा मानना है कि दिलीप हॉकी के विकास के लिए सही कदम उठाएंगे और हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। कात्याल ने हालांकि कहा कि अभी तक उन्होंने फैसला नहीं किया है कि उन्हें चुनाव लड़ना है या नहीं। उन्होंने कहा, मैंने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र भर दिया है। हां, मुझे अपना नामांकन वापस लेने का अनुरोध मिला है लेकिन मैंने अभी फैसला नहीं किया है। अभी तक मैं दौड़ में बना हुआ हूं लेकिन अगर सभी पक्षों के बीच फैसला हो जाता है तो मैं भी नामांकन वापस ले सकता हूं। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 23 सितंबर है। खिलाड़ी से नेता और प्रशासक बने टिर्की देश के लिए सबसे ज्यादा 412 मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ राष्ट्रीय स्तर के पूर्व पहलवान है, उन्होंने अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए भी नामांकन भरा है। भोला नाथ के अलावा दिल्ली हॉकी अध्यक्ष हितेश सिंदवानी और हॉकी महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष मनोज भोरे भी महासचिव पद के लिए लड़ेंगे। भोला नाथ ने भी पुष्टि की कि उन्होंने दोनों पदों के लिए नामांकन भरा है। उन्होंने कहा, मैंने अध्यक्ष और महासचिव दोनों पद के लिए नामांकन भरा है। अभी मेरी नामांकन वापस लेने की कोई इच्छा नहीं है।



## स्टिमक ने भारतीय फुटबॉल टीम घोषित की




**कोलकाता।** हाल मे बेंगलुरू एफसी के साथ डूरंड कप ट्राफी जीतने वाले अनुभवी सुनील छेत्री वियतनाम मे आगामी हंग थिंह दोस्ताना फुटबॉल टूर्नामेंट मे भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की। भारतीय टीम हो चि मिंह सिटी मे मेजबान वियतनाम और सिंगापुर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। टीम मंगलवार को वियतनाम के लिए रवाना हो गई। स्टिमक को टीम से अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है। हम निश्चित रूप से टूर्नामेंट जीतने मे सक्षम है लेकिन इसे कौन जीतता है, इसका फैसला छोटी छोटी चीजो से होगा। निश्चित रूप से वियतनाम पिछले वर्षो मे शानदार प्रदर्शन से लय मे है। उनकी टीम काफी अच्छी है और वे अपनी सरजमी पर खेल रहे है इसलिए वे शायद प्रबल दावेदार है लेकिन हमारे पास भी अच्छा मौका है क्योंकि हमारे पास युवा टीम है। टीम : गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, धीरज सिंह मोइरंगथेम और अमरिंदर सिंह। डिफेंडर : संदेश झिंगन, रोशन सिंह नौरेम, अनवर अली, आकाश मिश्रा, चिंगलेनसाना सिंह कोनशाम, हरमनजोत सिंह खाबरा और नरेंद्र। मिडफील्डरः लिस्टन कोलाको, मोहम्मद आशिक कुरूनियान, विक्रम प्रताप सिंह, उदांता सिंह कुमम, अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिज, यासिर मोहम्मद, जैक्सन सिंह थौनाओजम, सहल अब्दुल समद, राहुल कन्नोली प्रवीण और लालियानजुआला चांगटे। फॉरवर्डः सुनील छेत्री और ईशान पंडिता।

## बेयर कपः एरिगैसी शीर्ष पर, प्रज्ञानानंद दूसरे स्थान पर



**न्यूयॉर्क ।** भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी जूलियस बेयर कप शतरंज प्रतियोगिता में आठ दौर के बाद 17 अंको के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए है, जबकि एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञानानंद 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंद और मैगनस कार्लसन के बीच आठवें दौर की बहुप्रतीक्षित बाजी ड्रा रही। भारतीय खिलाड़ी ने इस सत्र में इससे पहले नार्वे के दिग्गज को ऑनलाइन मैचो मे दो बार हराया था। कार्लसन के भी 15 अंक है और एरिगैसी इन दोनो खिलाड़ियो से दो अंक आगे है। एरिगैसी ने इससे पहले दिन मे अमेरिका के हैंस नीमैन और लेवोन आरोनियन को हराया था। एरिगैसी और प्रज्ञानानंद के बीच बाजी ड्रा रही थी। प्रज्ञानानंद ने पांचवें दौर में रैडोस्लाव वोजताजेक के खिलाफ ड्रॉ के साथ दिन की शुरुआत की और फिर जर्मनी के विसेंट केमर को हराया। इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने कार्लसन को 67 चाल में ड्रा पर रोका था।